खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 14 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 127 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 09°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय पेज 2



मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत, झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक खेल टाइम्स



भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर- कानूनी: अमेरिकी सांसद पेज 11



200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई 'धुरंधर' बॉलीवुड

# बंगाल एसआईआर : वोटर लिस्ट से 58 लाख+नाम हटे

कोलकाता, वार्ता




- ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट से 44 हजार नाम डिलीट
- साउथ 24 परगना जिले से करीब 8 लाख नाम कटे

**चुनाव आयोग** (ईसी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के पहले फेज के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक, राज्य में 58 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं।

सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट से 44,787 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। यहां जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट से 10,599 नाम हटाए गए। यहां एसआईआर से पहले 2,78,212 वोटर थे। जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8 लाख 16 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए है। यह इलाका टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ, बंगाल भाजपा के को-इंचार्ज अमित मालवीय ने दावा किया है कि सीएम ममता बनर्जी ने 11 दिसम्बर को पहले फेज के आखिरी दिन अपना एसआईआर फॉर्म भर दिया है।

# भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस-वाम गढ़ में लगाई सेंध

तिरुवनंतपुरम, वार्ता



- नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की

**केरल की राजनीति** में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की है। राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम को लंबे समय से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ माना जाता रहा है।

गत नौ दिसम्बर को हुए स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना के बाद राजग ने 101 वार्ड वाले निगम में बहुमत हासिल करके सबको चौंका दिया। इस जीत से राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर में दशकों से चले आ रहे वामदलों और कांग्रेस प्रभुत्व का पराभव हो गया है। यहां के स्थानीय चुनाव में भाजपा- राजग ने 50 सीटें जीतीं, जबकि वाम दलों के गठबंधन एलडीएफ को 29 सीटें मिलीं, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को 19 सीटें मिलीं। निर्दलीय तथा अन्य को दो सीटें पर संतोष करना पड़ा। राजग को हालांकि बहुमत से एक सीट कम मिली है पर वह सबसे बड़ा दल बन कर उभरा है और उम्मीद की जा रही है कि वह बहुमत साबित करने में सफल रहेगा। तिरुवनंतपुरम के अलावा भाजपा ने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका सहित अन्य स्थानीय निकायों में भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की है। यह पूरे राज्य में राजग की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने भाजपा की जीत को ऐतिहासिक प्रदर्शन और बदलते मतदाता रुझान का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने इस मील के पत्थर वाली जीत के लिए भाजपा और अन्य स्थानीय निकाय प्रतियोगिताओं में मजबूत प्रदर्शन के लिए यूएडीएफ दोनों को बधाई दी।

## पंकज चौधरी होंगे उप्र भाजपा के अध्यक्ष



**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी उप्र में भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। श्री चौधरी ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में एकमात्र उम्मीदवार के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र में मुख्यमंत्री भी चौधरी के प्रस्तावकों में से एक थे। इसके बाद कागजात की जांच की जाएगी और औपचारिक घोषणा रविवार दोपहर को होने की उम्मीद है। पंकज चौधरी वर्तमान में वित्त मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वह लोकसभा में संसद सदस्य भी हैं, जो सातवीं बार उत्तर प्रदेश के महाराजगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बागपत में किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**बागपत।** जिले के बिहारीपुर गांव में शनिवार को एक किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बागपत कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में ऋषिपाल (56) की गांधी चौक के पास किराना की दुकान है। परिजनों के मुताबिक, ऋषिपाल ने शनिवार सुबह करीब पांच बजे दुकान खोली थी। कुछ देर बाद पहुंचे दो बदमाशों ने सीने में गोली मारकर ऋषिपाल की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि वारदात से पहले तीसरे बदमाश ने घटना की रेकी की थी। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि 20 दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति से ऋषिपाल का विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### आलंद सीट वोट चोरी केस: 22000 पन्नों की चार्जशीट

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने आलंद वोट चोरी मामले में एसीएमएम कोर्ट में 22 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। जांच में पूर्व भाजपा विधायक सुभाष गुट्टेदार और उनके बेटे हर्षानंद को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि 2023 विधानसभा चुनाव से पहले 5,994 वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश हुई।

# दिल्ली-NCR में ग्रैप-3 लागू

## वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर CAQM का सख्त फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिल्ली में पिछले तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने से हालात तेजी से बिगड़े
- शनिवार को एक्यूआई 401 दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर राजधानी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के शहरों में शनिवार को श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना-3 (ग्रैप) लागू कर दी।

दिल्ली में पिछले तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने के कारण स्थिति तेजी से बिगड़ी है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 10 दिसम्बर को 259 (खराब) से बढ़कर 11 दिसम्बर को 307 (बहुत खराब) हो गया और 12 दिसम्बर को यह और बढ़कर 349 (बहुत खराब) हो गया। बिगड़ती स्थिति के कारण शनिवार तड़के हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक 401 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम की खराब स्थिति बने रहने के कारण प्रदूषण की निगरानी वाली इस संस्था ने दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रैप 3 लागू करने की घोषणा की। सीएक्यूएम ने बताया कि वायु में पीएम 2.5 की मात्रा अधिक है और यहां के लगभग सभी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों ने पीएम 2.5 को सबसे ज्यादा प्रदूषक बताया है। यहां शनिवार को सुबह छह बजे शहर का एक्यूआई 387 था, सुबह आठ बजे यह बिगड़कर 393 हो गया और सुबह 10 बजे 401 पर पहुंच गया। सीएक्यूएम ने कहा कि हवा की गुणवत्ता के मौजूदा हालत को देखते हुए और क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता को और खराब होने से रोकने के प्रयास में सीएक्यूएम ग्रैप उप समिति ने आज मौजूदा ग्रैप के स्टेज-3 'गंभीर' एयर क्वालिटी (दिल्ली एक्यूआई 401-450 के बीच) के तहत बताए गए सभी उपायों को पूरे एनसीआर में तुरंत प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है।

## यूपी में घना कोहरा, सड़कों पर 10 मीटर देखना भी मुश्किल



**नई दिल्ली।** यूपी और बिहार में घने कोहरे का असर बढ़ता जा रहा है। यूपी के लखनऊ, गोरखपुर समेत 30 जिलों में सड़कों पर 10 मीटर दूर कुछ भी नहीं दिख रहा है। शनिवार सुबह सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कोहरे की वजह से कई गाड़ियां आपस में भिड़ गई।

इससे एक महिला जख्मी हो गई। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में रविवार को बारिश के साथ हल्की बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति, चंबा और कुल्लू जिलों में बर्फबारी की संभावना है। राजस्थान में सर्दी के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित कई इलाकों में बादल छाए हैं। इससे सर्द हवाएं कमजोर हुई हैं। राज्य के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पारा 3 डिग्री पहुंच गया। मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य के 19 शहरों में कल रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ। इंदौर में 5.2 डिग्री तापमान रहा। इतना ही तापमान प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन और सबसे ठंडी जगह कहे जाने वाले पचमढ़ी में भी दर्ज किया गया।

# असम में वायुसेना का पूर्व अफसर कुलेंद्र शर्मा जासूसी में गिरफ्तार

गुवाहाटी, वार्ता

- पाकिस्तानी एजेंट को सोशल मीडिया के जरिये जानकारी दे रहा था रिटायर्ड अफसर
- अरुणाचल से भी दो अरेस्ट

**असम के** सोनितपुर जिले से पुलिस ने रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। कुलेंद्र पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध का आरोप है।

पुलिस ने खुफिया इनपुट के आधार पर गिरफ्तारी की। पुलिस के मुताबिक आरोपी कुलेंद्र सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में था और उन्हें सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। उसके मोबाइल और लैपटॉप से संदिग्ध सामग्री मिली है, हालांकि कुछ डेटा डिलीट होने का संदेह है। सोनितपुर के डीएसपी हरिचरण भूमिज ने कहा कि कुलेंद्र के पाकिस्तान से संबंधों को लेकर संदेह काफी मजबूत है। रिटायर्ड होने से पहले, कुलेंद्र तेजपुर वायुसेना स्टेशन में जूनियर वारंट ऑफिसर था, जहां सुखोई 30 स्क्वाड्रन सहित प्रमुख हवाई संसाधन मौजूद हैं। वह 2002 में रिटायर्ड हुआ। इसके बाद उसने कुछ समय के लिए तेजपुर विश्वविद्यालय में काम किया। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में पुलिस ने शुक्रवार को जासूसी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये गिरफ्तारियां पश्चिम सियांग जिले के आलो और चांगलांग जिले के मियाओ से की गईं। इनमें एक की पहचान हिलाल अहमद (26) के रूप में हुई है, जो जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से है। पुलिस ने दूसरे का नाम नहीं बताया है। पुलिस के मुताबिक, ईटानगर थाना को इनपुट मिलने के बाद एक विशेष टीम गठित की गई। स्थानीय लोगों की मदद से संदिग्ध का पता लगाया गया और उसे हिरासत में लिया गया। फिलहाल आरोपी हिलाल को पूछताछ के लिए ईटानगर लाया गया है। हिलाल 25 नवम्बर को पापुम पारे जिले से आलो पहुंचा था। वह पुराने बाजार में आयोजित एक व्यापार मेले में कंबल बेचने के बहाने वहां आया था। इसी दौरान पश्चिम चांगलांग पुलिस ने इस मामले में मियाओ से एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेने की पुष्टि की है, हालांकि उसकी पहचान और भूमिका को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हिलाल अपने सहयोगियों को सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भेज रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां उसके पूरे नेटवर्क और संपर्कों की जांच कर रही हैं।

### भारत के लिए जीने का समय, मरने का नहीं: भागवत

**श्री विजया पुरम।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि देश को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए। यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं। हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए।


# मिरगी

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

## मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

## डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

## मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।


# जंग भाषणों से नहीं, एक्शन से जीती जाती है: सीडीएस

## पाकिस्तान हमेशा जीत के झूठे दावे करता रहा है, हमें हमेशा सतर्क रहना होगा

हैदराबाद, वार्ता



- कहा: अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं

**चीफ ऑफ डिफेंस** स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि युद्ध केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई से जीते जाते हैं।

सीडीएस तेलंगाना के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी में आटम टर्म दिसम्बर 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली शब्दों और प्रतीकात्मक दावों से ताकत साबित नहीं होती। अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं। उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि हाल के समय में वहां झूठे जीत के दावे और सोशल मीडिया प्रचार देखने को मिले, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और रही है। सीडीएस ने कहा कि नए अधिकारी ऐसे समय सेवा में आ रहे हैं, जब ऑपरेशन 'सिंदूर' जारी है। मौजूदा सुरक्षा माहौल में हर समय सतर्कता, फुर्ती और तैयार रहना जरूरी है। सैन्य सेवा केवल संकट के क्षणों तक सीमित नहीं होती, बल्कि लगातार तैयारी ही सफलता की कुंजी है। सतर्कता, तत्परता और पेशेवर रवैया ही युद्ध के समय ही नहीं, पूरे सेवा काल में सफलता तय करेगा। भारत की मजबूती मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर टिकी है। जनरल अनिल चौहान ने 29 नवम्बर को नई दिल्ली के सैम मानेकशा सेंटर में चल रहे चाणक्य डिफेंस डायलाग में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि युद्ध लगातार खुद को बदलता और बनाता रहता है। जो कान्सेप्ट भविष्य के लगते हैं, वे लागू होने से पहले ही पुराने भी हो सकते हैं। यह एक ऐसा रिस्क है, जो सेना को उठाना पड़ता है। इसलिए फ्यूचर वारफेयर के मुताबिक अंदाजा लगाना, तैयारी करना हमारे अस्तित्व से जुड़ जाता है। इसका दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है।

# मुंबई BMW हिट-एंड-रन केस के आरोपी को जमानत से इन्कार

- महिला को 1.5 किमी तक घसीटा था
- सुप्रीम कोर्ट बोला: ऐसे लड़कों को सबक सिखाना जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है, इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच ने कहा कि आरोपी एक अमीर परिवार से है। उसके पिता शिवसेना के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के गुट से जुड़े थे। इन बातों को ध्यान में रखना जरूरी है। मिहिर शाह को 9 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि पिछले साल 7 जुलाई को वर्ली में उसने बीएमडब्ल्यू से स्कूटर को टक्कर मारी और महिला को करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटते ले गया, जिससे कावेरी नखवा की मौत हो गई और पति प्रदीप नखवा गंभीर रूप से घायल हो गए। शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवम्बर के जमानत देने से इन्कार करने वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने माना था कि हादसे के समय शाह बहुत ज्यादा नशे में था। उसने स्कूटर को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रोकी और पीड़ित को अपनी गाड़ी के नीचे घसीटता हुआ ले गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में भेड़िया मासूम को लेकर भाग निकला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में आदमखोर भेड़िए ने शनिवार भोर ग्राम गोडहिया नंबर 4 के मजरा जरूवा में एक साल की मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब आरवी (1) अपनी मां, राम कुमारी, के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। भेड़िया अचानक आया और बच्ची को अपने जबड़े में दबा. चकर खेतों की ओर भाग गया। मां की चीख सुनकर जागे ग्रामीणों ने शोर मचाया और भेड़िए का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गन्ने के खेतों में गुम हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस स्टेशन के प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा और रेंजर ओंकार यादव अन्य वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। रेंजर ओंकार यादव ने बताया कि जंगली जानवर द्वारा मासूम पर हमला करने की सूचना मिलने के बाद सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और बच्ची की खोज जारी है।

### डंपर-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत, चार घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अजगैन क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से ऑटो-रिक्शा सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मकुर गांव में एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर अचानक बेकाबू होकर सामने से आ रहे ऑटो से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी सात लोग अंदर फंस गए। क्षेत्रीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। अजगैन पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान चलाया।

### यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्र और राज्य सरकार को सुनाई खरी-खरी

# बीएलओ की मौत व कफ सिरप पर सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- साधना वर्मा की मौत प्रशासनिक दबाव के कारण हुई
- कम समय में कर्मचारियों पर डाल दिया बोझ

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बीएलओ की मौत और कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। अजय राय ने अलीगढ़ जिले के लोधा ब्लॉक के गांव सदलपुर में दिवंगत बीएलओ साधना वर्मा के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

अजय राय ने साधना वर्मा की मौत को बेहद दुखद बताते हुए इसे प्रशासनिक दबाव और सरकार की जल्दबाजी का नतीजा करार दिया। उन्होंने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरा. प लगाए और मृतक बीएलओ के परिजनों को तत्काल सरकारी सहायता दिए जाने की मांग की। अजय राय ने कहा कि साधना वर्मा जैसी कर्मठ शिक्षिका और बीएलओ का इस तरह अचानक निधन पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर कार्य के दौरान लगातार बीएलओ और अन्य कर्मचारियों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है।

अजय राय के मुताबिक प्रदेश में अब तक 15 से 16 बीएलओ की मौत हो चुकी है, जबकि कई कर्मचारी गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सरकार बेहद कम समय में जबरन पूरा कराना चाहती है। यह प्रक्रिया महीनों की होनी चाहिए थी, ताकि कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन बिना मानसिक और शारीरिक दबाव के कर सकें, लेकिन सरकार ने केवल एक महीने का समय देकर कर्मचारियों पर असहनीय बोझ डाल दिया, जिसका नतीजा यह है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, ब्रेन हैमरेज का शिकार हो रहे हैं और कुछ मामलों में आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इस संबंध में बातचीत की और मांग की है कि साधना वर्मा के परि. जनों को उनकी योग्यता के अनुरूप सरकारी नौकरी तत्काल दी जाए।

### मनरेगा का नाम बदलने का फैसला समझ से परे: प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को महात्मा गांधी नेशनल रूरल गारंटी एक्ट (मनरेगा) का नाम बदल कर पूज्य बापू रूरल एम्प्लॉयमेंट स्कीम करने की खबरों पर जवाब देते हुए कहा कि नाम बदलने की प्रक्रिया पर बहुत सारे सरकारी रिसोर्स खर्च हो रहे हैं, ये गैर जरूरी है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें मनरेगा स्कीम का नाम बदलने के फैसले के पीछे का कारण समझ नहीं आ रहा है, उनका कहना है कि इससे बेवजह खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि इसके पीछे क्या सोच है। पहली बात यह महात्मा गांधी का नाम है और जब इसे बदला जाता है, तो सरकार के रिसोर्स फिर से इस पर खर्च होते हैं। ऑफिस से लेकर स्टेशनरी तक, हर चीज का नाम बदलना पड़ता है, इसलिए यह एक बड़ा, महंगा प्रोसेस है, तो बेवजह ऐसा करने का क्या फायदा है? मुझे समझ नहीं आ रहा। शनिवार सुबह शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी मनरेगा स्कीम का नाम बदलने की खबरों पर केंद्र की आलोचना की और इसे जनता को गुमराह करने और गांधी परिवार के नाम का अपमान करने के लिए ध्यान भटकाने वाला बताया। चतुर्वेदी ने कहा कि फ्रस्ट्रेशन की वजह से ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। यह ध्यान भटकाने का एक और तरीका है। वंदे मातरम् के 150 साल की चर्चा से जनता को यह समझने में मदद मिली है कि इतिहास का कौन सा वर्जन व्हाहट्सएप वर्जन है और कौन सा असली।

# भाजपा की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा हैं पंकज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- 20 नवम्बर 1994 को गोरखपुर से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी का नाम उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर लगभग तय माना जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी समाज के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार पंकज चौधरी को पार्टी की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा माना जा रहा है।

20 नवम्बर 1964 को गोरखपुर में जन्मे पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव से की थी। उसी वर्ष गोरखपुर से अलग होकर महाराजगंज नया जिला बना, जिसे उन्होंने अपनी कर्मभूमि बनाया। वे गोरखपुर के डिप्टी मेयर भी रहे। पंकज चौधरी पहली बार 1991 में महाराजगंज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इसके बाद 1996, 1998, 2004, 2019 और 2024 में उन्होंने इस सीट पर जीत दर्ज की। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें, तो उनका राजनीतिक सफर लगातार सफलता की मिसाल रहा है। पूर्वांचल में उनका प्रभाव कुर्मी, ओबीसी और सवर्ण सामाजिक समीकरण के तौर पर देखा जाता है। कुर्मी समुदाय उत्तर प्रदेश में यादवों के बाद दूसरा सबसे बड़ा ओबीसी वोटबैंक माना जाता है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 7 से 10 प्रतिशत बताई जाती है। पूर्वांचल, अवध और बुंदेलखंड की करीब 40-50 विधानसभा सीटों पर कुर्मी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को 33 सीटों का नुकसान हुआ है। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी गैर-यादव ओबीसी वोटों को फिर से एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की संभावित घोषणा को इसी रणनीति का बड़ा कदम माना जा रहा है। संगठन और रणनीति दोनों में मजबूत माने जाने वाले पंकज चौधरी व्यवसाय से भी जुड़े हैं और राहत रूह ऑयल कंपनी के मालिक हैं। भाजपा में इससे पहले विनय कटियार, स्वतंत्र देव सिंह और ओम प्रकाश सिंह तीन कुर्मी नेता प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

### कोहरे में लिपटा प्रयागराज, जनजीवन प्रभावित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा दर्ज किया गया है। शनिवार की सुबह शहर घने कोहरे की चादर में पूरी तरह लिपटा नजर आया। कोहरा इतना घना था कि पास की चीज दिख नहीं रही थी, जिसके कारण सड़कों पर आम दिनों की तुलना में सन्नाटा देखने को मिल रहा है। बीते दो दिनों से कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। शाम होते ही हल्की धुंध छाने लगती है, जो रात गहराने के साथ घने कोहरे में तब्दील हो जाती है और सुबह तक बनी रहती है। कोहरे के साथ-साथ दिन में धूप भी काफी कम हो गई है। धूप कमजोर पड़ने से दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठिठुरन और गलन का असर बढ़ गया है।

# किसानों के लिए मददगार होगा एआई: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



- सेटेलाइट से मिट्टी की जांच होने पर बोले सपा मुखिया
- मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई की भूमिका अहम

हैदराबाद में आयोजित विजन इंडिया पीडीए इवेंट में समा. जवादी पार्टी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे एआई किसान से लेकर मेडिकल सेक्टर तक में मददगार साबित हो सकता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान हमें यह अधिकार देता है कि सब बराबर हैं और सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने डिजिटल डिवाइड को कम करने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने की भी आवश्यकता पर जोर दिया। अखिलेश यादव ने किसानों के लिए एआई के इस्तेमाल पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट से मिली इमेज के आधार पर किसानों तक मदद पहुंचाई जा सकती है। मिट्टी की जांच में एआई मददगार हो सकती है, जिससे किसानों को उनकी भूमि की स्थिति का सही समय पर पता चलेगा। साथ ही बारिश के समय और मौसम का पूर्वानुमान एआई के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे फसल नुकसान से बचाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि मंडियों में सही रेट और डेटा किसान तक पहुंचाने में एआई एक बड़ा रोल निभा सकता है, जिससे समय और आर्थिक नुकसान कम होगा।

अखिलेश यादव ने मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई के फायदे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कई बार समय पर बीमारी का पता नहीं चल पाता और इलाज पूरा नहीं हो पाता, जिससे खर्च बढ़ जाता है। एआई की मदद से टेलीमेडिसिन और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जा सकता है, जिससे मरीज को शहर या बड़े अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्टाफ को प्रशिक्षित कर सही समय पर मरीजों को उचित इलाज दिया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि टेक्नोलॉजी आधारित रिस्पॉन्स सिस्टम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का सिस्टम एआई के लिए तैयार होना चाहिए, ताकि सही समय पर निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने यूपी में 108 एंबुलेंस सर्विस और पुलिस का डायल 100 सिस्टम उदाहरण के रूप में बताया, जो तकनीकी आधार पर बेहतर कार्य कर रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का इस्तेमाल केवल टेक्नोलॉजी के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जीवन गुणवत्ता बढ़ाने के लिए होना चाहिए।

### नाम पर मुहर लगी, तो वे भाजपा चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे

**लखनऊ।** यदि पंकज चौधरी के नाम पर मुहर लगती है, तो वे भाजपा के चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पंचायत और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने कुर्मी समाज से आने वाले नेता पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव में कुर्मी समाज का एक हिस्सा 'पीडीए' के नाम पर समाजवादी पार्टी की ओर गया था। इसे देखते हुए भाजपा नेतृत्व इस सामाजिक आधार को फिर से अपने पक्ष में मजबूत करने की कोशिश में जुटा है। इसे गैर यादव ओबीसी वोटों को एकजुट करने की भाजपा की कवायद माना जा रहा है। 2024 लोक सभा चुनाव में अखिलेश यादव के पीडीए दांव से झटका लगा था-राज्य में ओबीसी वोटरों में यादव के बाद कुर्मी सर्वाधिक हैं। करीब आठ से दस प्रतिशत कुर्मी वोटर राज्य की 30-40 सीटों पर प्रभाव डालते हैं।-तराई, काशी, गोरखपुर, अवध, रूहेलखंड में कुर्मी वोटों का प्रभाव है।



सेंसेक्स 84818.13
निफ्टी 25898.55



सोना रु. 133360
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 204100
प्रति किलो



# उप्र में धान किसानों को 4500 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ भुगतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब तक 3.15 लाख से अधिक किसानों से 19. 14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इसके एवज में किसानों को 4500 करोड़ से अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है। यही नहीं बाजरा बिक्री करने वाले 35 हजार से अधिक किसानों को 421-39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

उत्तर प्रदेश में 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से हो रही है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश व पहली नवम्बर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद हो रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 13 दिसम्बर तक 6.70 लाख किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि 2025-26 में अब तक यह आंकड़ा 7.83 लाख से अधिक है। बाजरा बिक्री के लिए पिछले वर्ष इस अवधि तक 21630 किसानों का पंजीकरण हुआ था, जो इस वर्ष में 80 हजार से अधिक हो गया है। वहीं ज्वार व मक्का में भी पंजीकरण बढ़ गया।

ज्वार बिक्री के लिए पिछले साल 12 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया था, इस साल 16 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण हो चुका है। बाजरा खरीद 33 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धान की बिक्री, किसानों को भुगतान, क्रय केंद्र की व्यवस्था आदि को लेकर निरंतर समीक्षा बैठक कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को समय से भुगतान करने का निर्देश दिया है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक 3-15 लाख किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इस एवज में यूपी के किसानों को 4541.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 4645 क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं। वहीं 'श्रीअन्न' की बात करें तो बाजरा किसानों को 421-39 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है, पिछले वर्ष इस अवधि तक 187.98 करोड़ रुपये भुगतान हुआ था। 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो 31 दिसम्बर तक चलेगी। श्रीअन्न के अंतर्गत बाजरा 33, मक्का 25 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है।

# सोने में तेजी बरकरार, चांदी के भाव में भी रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने में तेजी का दौर बरकरार है। 13 दिसंबर की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है।

मुंबई में कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। उछाल का कारण मुख्य रूप से भारतीय करेंसी रुपये की कमजोरी और सेफ एसेट में लगातार निवेश की मांग है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,338.40 डॉलर प्रति औंस पर है। चांदी में भी 13 दिसंबर को तेजी है, भाव 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव 64.57 डॉलर प्रति औंस है। ग्लोबल सप्लाई में कमी, चीन से लगातार ज्यादा मांग और औद्योगिक खपत में बढ़ोतरी की वजह से इस साल रिटर्न के मामले में चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया। वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

देश के महानगरों अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 133260 प्रति 10 ग्राम है, जबकि हैदराबाद में 133210, जयपुर में 133360, भोपाल में 133260 और चंडीगढ़ में 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ओर से प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत घटाए जाने के बाद सोने और चांदी में निवेश बढ़ा है।

# सेल की बिक्री अप्रैल-नवम्बर में 14 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय इस्पात निगम लिमिटेड (सेल) की बिक्री चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीने में अप्रैल से नवम्बर के दौरान 14 प्रतिशत बढ़कर 127 लाख टन पर पहुंच गई। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी की बिक्री 111 लाख टन रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने एक प्रेंस विज्ञप्ति में बताया कि इस साल नवम्बर में उसकी बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी। इसमें खुदरा बिक्री 69 प्रतिशत बढ़कर 1.4 लाख टन रही, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 0.84 लाख टन रही थी।

कंपनी ने बताया कि यह वृद्धि विभिन्न उत्पाद श्रेणियों और वितरण चैनलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन से संभव हुई, जिनमें घरेलू बिक्री योग्य उत्पाद, रोड डिस्पैच और वेयरहाउस से डोर डिलीवरी शामिल हैं। इस माह सेल देश में टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी विक्रेता के रूप में भी उभरी। अप्रैल-नवम्बर के दौरान खुदरा चैनल से बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 9.7 लाख टन रही। यह पिछले साल समान अवधि में 8.6 लाख टन रही थी। कंपनी ने बताया कि इस वृद्धि में राष्ट्रव्यापी ब्रांड प्रचार अभियानों का भी योगदान रहा है। उसने कहा कि ये परिणाम चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में सेल की ग्राहक-केंद्रित प्रयासों, बाजार नेतृत्व और परिचालन उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं, जो विभिन्न खंडों में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। सेल भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

# विश्वनाथ धाम की चौथी वर्षगांठ पर काशी की सड़कों पर भव्य झांकियां

**वाराणसी।**



धार्मिक नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के चौथे लोकार्पण उत्सव पर शनिवार को सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश और शिव बारात समिति के तत्वावधान में मैदागिन चौराहे से भव्य शोभायात्रा में बाबा विश्वनाथ की भक्ति, काशी के विकास, भारतीय महिला क्रिकेट टीम, भारतीय सेना के शौर्य, नारी शक्ति समेत अनेक झांकियां मन मोह रही थीं।

पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान वाद्ययंत्रों पर बाबा के गण, भूत-प्रेत, किन्नर सभी झूमते-गाते नजर आए। बैंड-बाजा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के उद्घोष से सड़कें गूंज उठीं। इस शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी खूब दिखी। काशी के विकास में रोप-वे की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

ऑपरेशन सिदूर से जुड़ी झांकी लोगों में खूब जोश भर रही थी। डा. तिवारी ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की चौथी वर्षगांठ पर बाबा के भक्तों ने मनमोहक झांकियां निकालीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से और उनके लगातार प्रयासों से काशी विकास के नए-नए अध्याय लिख रहा है। तभी तो काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद चार वर्षों में करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। यह आध्यात्मिक दृष्टि के साथ-साथ आर्थिक रूप से प्रदेश और देश के लिए महत्वपूर्ण है। शिव बारात समिति के महामंत्री दिलीप सिंह ने बताया कि काशी के कई संगठनों ने इस आयोजन में भागीदारी की है। दर्जनों झांकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। महादेव के विभिन्न रूप लोगों को देखने को मिले। 50 से ज्यादा महिलाओं की संस्था ने इस आयोजन में शामिल होकर यात्रा को भव्य और दिव्य बना दिया।

# उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- राज्य सरकार की ओर से स्पष्टीकरण अभी तक नहीं आया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों द्वारा लगातार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) और इस्तीफा दिए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाल के वर्षों में करीब एक दर्जन आईएएस अधिकारी सेवा छोड़ चुके हैं और आने वाले महीनों में इस संख्या के और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ताजा मामला वर्ष 2004 बैच की आईएएस अधिक. ारी अनामिका सिंह का है, जिन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनका आवेदन प्रक्रियाधीन है। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अनामिका सिंह ने हाल के दिनों में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए कोई आवेदन नहीं किया था। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश कैडर के कई आईएएस अधिकारियों में केंद्र में कम प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। अधिकारियों का दावा है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए भेजे गए कई प्रस्तावों को राज्य सरकार की ओर से मंजूरी नहीं मिल रही है और केंद्र में इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया भी कठिन होती जा रही है। हाल ही में 1995 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमोद कुमार ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले वीआरएस लेने वालों में विकास गोठलवाल (2003), विद्या भूषण (2008), जी श्रीनिवासुलु (2005), राजीव अग्रवाल (1993), मोहम्मद मुस्तफा (1995), रिगजिन सैंफेल (2003), रेनुका कुमार (1987) और जुथिका पाटणकर (1988) शामिल हैं। राकेश वर्मा और आरपी सिंह भी सेवा छोड़ चुके हैं। वहीं 2011 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने हाल ही में इस्तीफा दिया है। जी श्रीनिवासुलु ने बाद में अपना वीआरएस आवेदन वापस लेकर पुन: सेवा जॉइन कर ली थी। जिन अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति मिली, उनमें से अधिकांश की पोस्टिंग वाराणसी या अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर रही थी।

# कांग्रेस एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी: जयराम रमेश

- पार्टी नेता ने शशि थरूर पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** केरल निकाय चुनाव में राजधानी तिरुवनंतपुरम में बीजेपी की जीत के बीच सांसद जयराम रमेश ने इशारों-इशारों में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर हमला बोला है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पार्टी को सबसे पुरानी और एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी बताते हुए कहा कि हमारे एक जाने-माने सांसद लगातार हमारे नेताओं और पार्टी की आलोचना करते हैं, लेकिन हम चुपचाप इसे बर्दाश्त करते हैं।

बीजेपी नेता और पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह के बयान पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है और यहां सभी को अपनी राय रखने का अधिकार है। यह समाज का प्रतिनिधित्व करती है और इसलिए 140 साल से ज्यादा पुरानी है। उन्होंने कहा कि पार्टी में बोलने की आजादी के साथ-साथ बोलने के बाद भी आजादी है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की गंगा नदी से तुलना की और कहा कि मुख्य नदी जो बहती रहती है और उसकी बहुत सारी सहायक नदियां हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इन दिनों कांग्रेस की बैठकों में शामिल नहीं हो रहे हैं। हाल ही में कई मौकों पर उन्होंने अपनी ही पार्टी की आलोचना की है और बीजेपी की तारीफ भी करते दिखें हैं, जिसके बाद उनकी कांग्रेस से दूरी पर चर्चा तेज है। केरल के निकाय चुनाव में बीजेप के नेतृत्व वाला एनडीए तिरुवनंतपुरम कॉरपोरेशन में बहुमत के निशान के करीब पहुंच रहा है, 101 वार्डों में से 50 में आगे चल रहा है, जबकि बहुमत का आंकड़ा 51 है।

# पीआर विजन2047

### 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंस 2025 का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# विकसित भारत के निर्माण में निभाएगा अहम भूमिका: सीएम

■ सरकार और जनता के बीच भरोसेमंद संवाद समय की सबसे बड़ी जरूरत: धामी, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को पीआरएसआई ने सुशासन में उत्कृष्टता राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन कॉन्फ्रेंसख्र2025 में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया तथा कॉन्फ्रेंस स्थल पर आयोजित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण कर स्थानीय कला एवं शिल्प को प्रोत्साहन दिया। सहस्त्रधारा रोड स्थित एक होटल में 13 से 15 दिसंबर तक 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस की देहरादून मेजबानी कर रहा है, जिसमें देशभर के जनसंपर्क एवं कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स भाग ले रहे हैं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह सम्मेलन "विकसित भारत /2047: विकास भी, विरासत भी" थीम पर केंद्रित है। सम्मेलन का उद्घाटन 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। तीन दिवसीय आयोजन में उत्तराखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा, मीडिया व जनसंपर्क की भूमिका, तकनीक,जीएसटी, एआई, साइबर क्राइम, मिसइन्फॉर्मेशन और अंतरराष्ट्रीय जनसंपर्क जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित होंगे। रूस से आए प्रतिनिधियों की सहभागिता सम्मेलन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देगी। 15 दिसंबर को सम्मेलन का समापन होगा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देशभर से आए जनसंपर्क विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों एवं युवा प्रतिभाओं का स्वागत करते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम "पीआर विजन फॉर 2047" विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में पब्लिक रिलेशन केवल सूचना संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी अंग बन चुका है।मुख्यमंत्री ने निवेश, उद्योग और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में राज्य को उल्लेखनीय सफलता मिली है। सिंगल विंडो सिस्टम, नई औद्योगिक एवं स्टार्टअप नीतियों से उत्तराखंड निवेश के लिए एक उभरता हुआ केंद्र बनकर सामने आया है।उन्होंने कहा कि "एक जनपदख्रदो उत्पाद", हाउस ऑफ हिमालयाज, मिलेट मिशन, नई पर्यटन एवं फिल्म नीति जैसी योजनाएं स्थानीय आजीविका को मजबूती प्रदान कर रही हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग्स में उत्तराखंड की उपलब्धियाँ राज्य के पारदर्शी, प्रभावी और जनभागीदारी आधारित शासन का प्रमाण हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों, जनसंख्या संतुलन और सामाजिक संरचना के संरक्षण के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की नीतियाँ और नवाचार आज देश के अन्य राज्यों के लिए आदर्श बन रहे हैं और विकसित भारतख्र2047 की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। देहरादून 13 से 15 दिसंबर तक 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस की मेजबानी कर रहा है, जिसमें देशभर के जनसंपर्क एवं कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर अपर सचिव और सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को पीआरएसआई द्वारा सुशासन में उत्कृष्टता राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया । कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, परमार्थ निकेतन से स्वामी चिदानंद मुनि, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पाठक, देहरादून चौप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया, रूसी प्रतिनिधि माइकल मस्लोव, दाव्यदेंको यूलिया, अन्ना तलानीना सहित देशभर से आए जनसंपर्क कार्मिक एवं कम्युनिकेशन प्रोफेशनल्स उपस्थित रहे।

### कहा - उत्तराखंड में संवाद औपचारिकता नहीं, विश्वास का है आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में, जहाँ एक ओर सूचना की प्रचुरता है, वहीं दूसरी ओर गलत सूचना की चुनौती भी गंभीर है। ऐसे में सरकार और जनता के बीच सही, समयबद्ध और भरोसेमंद संवाद स्थापित करना जनसंपर्क की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे प्राकृतिक आपदाओं एवं सामरिक दृष्टि से संवेदनशील राज्य में संवाद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास की बुनियाद है।

# दो माह में पूर्ण हो कण्डारस्यूं पेयजल योजना: डॉ. रावत

■ पेयजल योजना से वंचित गांवों तक भी पहुंचे पानी, बिछें नई लाइने



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।**श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या दूर कर दी जायेगी। इसके लिये जल संस्थान एवं पेयजल निगम को निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। खासकर कण्डारस्यूं-पैठाणी पम्पिंग पेयजल योजना को दो माह के भीतर पूर्ण करने को कहा गया है।

सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जायेगी, ताकि कोई भी परिवार पेयजलापूर्ति से वंचित न रहे। इसके लिये जल संस्थान एवं पेयजल निगम के अधिकारियों को ठोस निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की अति महत्वकांक्षी पेयजल परियोजनाओं में एक कण्डारस्यूं-पैठाणी पम्पिंग पेयजल योजना को दो माह के भीतर पूर्ण करने को विभागीय अधिकारियों को कहा गया है। उन्होंने कहा योजना के निर्माण में गुणवत्ता मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को पेयजल योजना के तहत बनने वाले सर्विस टैंक, पाइपलाइनें इत्यादि के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये ताकि शीघ्र ही इस परियोजना का लाभ ग्रामीणों को मिल सके।डॉ रावत ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों को पेयजलापूर्ति से आच्छादित किया जायेगा। इसके लिये सभी गांवों में पेयजल योजनाओं से जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि जो गांव पेयजल योजना से वंचित रह गये हैं उन्होंने दूसरी पम्पिंग योजना से जोड़ा जायेगा, इस सम्बंध में कार्यदायी संस्था व विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

# बर्फबारी के बाद हिमस्खलन पर रहेगी कैमरों की नजर

■ अलकनंदा के उद्गम से लेकर परियोजना के बैराज तक सीसीटीवी कैमरे लगाएगी जेपी कंपनी

संवाददाता शाह टाइम्स

**चमोली।** हिमस्खलन की घटना के बाद रैणी आपदा जैसी त्रासदी न हो, इसके लिए विष्णुप्रयाग जल विद्युत परियोजना की निर्मात्री जेपी कंपनी ने ग्लेशियर प्वाइंट के समीप सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम शुरू कर दिया है। इसके बाद कंपनी बर्फबारी के बाद कैमरों से लगातार निगरानी करेगी। सैटेलाइट की मदद से यह सीसीटीवी कैमरे संचालित होंगे।

उल्लेखनीय है कि चमोली जनपद की नीती घाटी में 7 फरवरी 2021 को चिलचिलाती धूप में हिमस्खलन की घटना हो गई थी। जिससे धौली गंगा पर स्थित ऋषिगंगा जल विद्युत परियोजना मलबे में दफन हो गई थी और तपोवन में स्थित विष्णुगाड-तपोवन जल विद्युत परियोजना की निर्माणाधीन टनल में मलबा घुस गया था। इस आपदा में मजदूर, इंजीनियर और कर्मचारियों को संभलने का मौका भी नहीं मिला था। इससे सबक लेने के बाद एनटीपीसी ने टनल साइड चेतावनी अलार्म सिस्टम को मजबूत किया था।

अब माणा घाटी में पांडुकेश्वर से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित अलकनंदा नदी पर जेपी कंपनी की जल विद्युत परियोजना का बैराज है। नदी के उद्गम स्थल पर भी हिमस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं। जिससे नदी का जलस्तर बढ़ जाता है। हिमस्खलन से रैणी आपदा जैसी त्रासदी न हो, इसके लिए जेपी कंपनी ने माणा, बसुधारा, हनुमानचट्टी, खीरों नदी के पास और घस्तोली में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की योजना बनाई है। कुछ जगहों पर कैमरे लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

ज्योतिर्मठ के एसडीएम चंद्रशेखर ने बताया कि विष्णुप्रयाग जल विद्युत परियोजना कंपनी की ओर से अलकनंदा के उद्गम से परियोजना के बैराज स्थल तक जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके लिए सर्वे टीम की ओर से स्थान का चयन किया गया। इसका उद्देश्य परियोजना कर्मचारियों की सुरक्षा और नुकसान को कम से कम करना है।

# 163 बिल्डरों को नोटिस

**देहरादून।** उत्तराखंड रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 163 रियल एस्टेट बिल्डरों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें नोटिस जारी किया है। इस कार्रवाई के बाद देहरादून समेत पूरे शहर के रियल एस्टेट क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। रेरा के अध्यक्ष अमिताभ मैत्रा ने बताया कि किसी भी हाउसिंग कॉलोनी के निर्माण के बाद उसमें मौजूद कॉमन एरिया को नियमानुसार रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन में पंजीकृत कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद कई बिल्डर अपने प्रोजेक्ट काआरडब्ल्यूए में रजिस्ट्रेशन नहीं करा रहे हैं। इसी गंभीर अनियमितता को देखते हुए रेरा ने 163 बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। मैत्रा ने कहा कि रेरा के नियमों का पालन न करना एक कानूनी अपराध भी है।

# सीएम ने किया महक क्रांति नीति-2026-36 का शुभारम्भ

संवाददाता शाह टाइम्स

**विकास नगर।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उत्तराखण्ड महक क्रांति नीति-2026-36 का शुभारम्भ किया। उन्होंने सेटेलाइट सेन्टर भाऊवाला का लोकार्पण एवं सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई स्थित ए.एम.एस (सी-14) प्रयोगशाला का भी शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 5 सेटेलाइट सेन्टरों का भी शिलान्यास किया। यह सेटेलाइट सेंटर - परसारी ( चमोली ), रैथल ( उत्तरकाशी), भैसोड़ी ( अल्मोड़ा), खतेड़ा ( चंपावत) एवं विषाड ( पिथौरागढ़) में स्थापित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान सुगंध पौधा केन्द्र और डाबर इंडिया लिमिटेड के बीच एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर भी किए गए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य एक्सटेंशन (विस्तार), अनुसंधान एवं





विकास, मानव संसाधन विकास, मार्केटिंग आदि के क्षेत्र में कैप और डाबर के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा तैयार करना है। एम.ओ.यू के दौरान कैप की ओर से निदेशक कैप नृपेन्द्र सिंह चौहान, एवं डाबर की अधिशासी निदेशक डाबर डा. सौरभ लाल मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कैप के फाउण्डर वैज्ञानिकों एवं लेमनग्रास - तुलसी की खेती करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने परफ्यूमरी प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड महक क्रांति नीति के शुभारंभ को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस नीति के अंतर्गत 7 एरोमा वैलियों को विकसित करने की शुरुआत होगी। प्रथम चरण में पिथौरागढ़ में तिमूर वैली, चमोली एवं अल्मोड़ा में डैमस्क रोज वैली, ऊधमसिंह नगर में मिन्ट वैली, चम्पावत और नैनीताल में सिनेमन वैली तथा हरिद्वार और पौड़ी में लेमनग्रास एवं मिन्ट वैली विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा इस नीति के अंतर्गत पौधशाला विकास सहयोग, खेती के लिए अनुदान, प्रशिक्षण एवं क्षमता-विकास, फसल बीमा, तथा पैकेजिंग और ब्रांडिंग जैसी आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति के अंतर्गत राज्य में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की खेती को विकसित कर करीब 1 लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। आगामी दस वर्षों में राज्य में सुगंधित फसलों की खेती के टर्नओवर को सौ करोड़ रुपये से बढ़ाकर लगभग ₹1200 करोड़ तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी। जिससे किसानों के साथ राज्य की आय में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।इस अवसर पर विधायक सहदेव पुंडीर, उपाध्यक्ष जड़ी बूटी सलाहकार समिति भुवन विक्रम डबराल, जिला अध्यक्ष भाजपा मीता सिंह, गिरीश डोभाल, सचिव सुरेंद्र नारायण पांडे, एसेंशियल ऑयल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव पी.के जैन, अध्यक्ष नगर पंचायत सुमित चौधरी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# मेरी कामयाबी, पिता की प्रेरणा व आशीर्वाद का परिणाम: जोशी

■ स्व. श्याम दत्त जोशी अंतर विद्यालयी बास्केटबॉल टुर्नामेंट एवं पुस्तक मेला कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री जोशी, कैबिनेट मंत्री ने विधायक निधि से 15.67 लाख की लागत से डोभालवाला में बास्केटबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल पोल तथा विद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना के कार्यों का किया लोकार्पण





मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, डोभालवाला में अपने पिता स्वर्गीय श्याम दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित स्व. श्याम दत्त जोशी अंतर विद्यालयी बास्केटबॉल टुर्नामेंटख्र2025 एवं पुस्तक मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विधायक निधि वर्ष 2025ख्र26 से स्वीकृत अमर शहीद कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इंटर कॉलेज डोभालवाला में बास्केटबॉल कोर्ट, बास्केटबॉल पोल तथा विद्यालय में पुस्तकालय की स्थापना के कार्यों का 15.67 लाख की लागत का विधिवत लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी अपने पिता स्वर्गीय श्याम दत्त जोशी को स्मरण कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आज वे जिस भी मुकाम पर हैं, वह अपने पिता की प्रेरणा और आशीर्वाद का परिणाम है। इस दौरान मंत्री जोशी ने विद्यालय परिसर में कैप्टन प्रतीक आचार्य की प्रतिमा स्थापना तथा नए विद्यालय कक्ष के निर्माण की भी घोषणा की।

मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों के विकास को भी समान प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर खेल सुविधाओं से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होता है।

काबिना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान की आत्मा होता है और पुस्तक व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र होती है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय की स्थापना से विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे छात्रों को पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय आसपास के लोगों के लिए भी उपयोगी होगा, जिससे आमजन भी ज्ञानवर्धक पुस्तकों का लाभ उठा सकें।अमर शहीद कैप्टन प्रतीक आचार्य को नमन करते हुए मंत्री जोशी ने कहा कि शहीदों के नाम पर स्थापित संस्थानों का विकास करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। यह न केवल शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को देशभक्ति, सेवा और समर्पण के मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी है।

कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री भाजपा नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह बिष्ट, वीर माता बीना आचार्य, पार्षद मोहन बहुगुणा, देवी दत्त जोशी, पूनम नौटियाल, सत्येंद्र नाथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेजों से करोड़ों की जमीन हड़पने की कोशिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने वालों के विरुद्ध पटेल नगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। विकासनगर तहसील के अंतर्गत पड़ने वाले भूखंड को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। कुछ व्यक्तियों द्वारा फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सरकारी और निजी संपत्ति की धोखाधड़ी और अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा था।मामला तब प्रकाश में आया जब पीड़ित पक्ष शिमला बायपास रोड निवासी कलम सिंह ने पटेल नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।


शिकायत के अनुसार, विपक्षी पार्टी (जिनमें नंदिनी बहुगुणा, पत्नी विनोद बहुगुणा, एवं अन्य शामिल हैं) ने भू-माफियाओं के साथ मिलकर पीड़ित की संपत्ति हड़पने की कोशिश की। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि विपक्षी पक्ष द्वारा सरकारी भूमि को भी अवैध रूप से कब्जाने का प्रयास किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए, अगस्त माह में मौके पर एक राजस्व टीम भेजी। टीम की रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि सर्वे नंबर 160/1 और 161/5 में दर्ज संपत्ति पर विपक्षी पार्टी द्वारा अवैध निर्माण और कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी।

टीम ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की कि विपक्षी नंदिनी बहुगुणा एवं उनके साथी द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया और 3 दिन के अंदर टैंकरों से पानी भरकर मिट्टी डलवाने का काम शुरू कर दिया गया था।

आरोप है कि विपक्षी पार्टी नंदिनी बहुगुणा अपने पति और 30-40 अन्य सहयोगियों के साथ मौके पर आए। उन्होंने पीड़ित पक्ष द्वारा शांति से किए जा रहे काम को रोका और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।इस संबंध में नामजद किए गए व्यक्तियों में नंदिनी बहुगुणा, उनके पति विनोद बहुगुणा, हेमवती नंदन बहुगुणा पुत्र विनोद, राहुल नंदन बहुगुणा पत्नी मून, बलवान नन्दी, अमन नन्दी और कई अन्य शामिल हैं। इन सभी पर जमीन हड़पने की कोशिश, मारपीट, और धमकी देने का आरोप है।पुलिस ने राजस्व विभाग की रिपोर्ट और पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# ऑफ-सीजन और एग्जॉटिक सब्जियों की, खेती के लिए करें पौध विकसित: वंदना



■ गैर-मौसमी और एग्जॉटिक सब्जियों की खेती के लिए नई तैयारी, कृषि और बागवानी को आधुनिक बनाने की दिशा में महानिदेशक वंदना सिंह की पहल, सगन्ध पौध क्लस्टर्स का दायरा बढ़ाने और वैल्यू चेन मजबूत करने के निर्देश, कृषि सखियों को प्रेरित कर जैविक उत्पादों के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रचार पर दिया जोर

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** राज्य के कृषि एवं बागवानी क्षेत्र को और अधिक सशक्त एवं आधुनिक बनाने की दिशा में महानिदेशक, कृषि एवं उद्यान विभाग वंदना सिंह ने महत्वपूर्ण पहल की है। इस क्रम में उन्होंने विभिन्न स्तरों पर उच्च स्तरीय बैठकों का आयोजन कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और आगामी कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की।

महानिदेशक, कृषि एवं उद्यान विभाग वंदना सिंह ने निर्देश दिए कि जायका-उत्तराखण्ड एकीकृत बागवानी विकास परियोजना की समीक्षा की और निर्देश दिया कि परियोजना की कार्ययोजना को जमीनी स्तर की वास्तविक गतिविधियों के अनुरूप संशोधित किया जाए। जनपद में जिन क्लस्टर में परियोजना का क्रियान्वयन किया जाना है, वहां स्टाफ की तैनाती इसी माह कर ली जाए। योजना अंतर्गत, प्रस्तावित ऑफ-सीजन (गैर-मौसमी) और एग्जॉटिक सब्जियों की खेती के लिए पौध विकसित करने तथा सरकारी बागानों में पर्याप्त रोपण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में नोडल अधिकारी ने बताया कि राज्य की नर्सरियों के पुनर्जीवन के लिए मास्टर प्लान का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है और नर्सरी विकास अधिकारियों के कार्य विभाजन और ड्यूटी चार्ट की प्रक्रिया इसी माह पूर्ण हो जाएगी। राज्य में आलू बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हेतु विस्तृत प्लान का प्रस्तुतिकरण दिया गया। महानिदेशक ने इस प्लान के क्रियान्वयन के लिए चिन्हित नर्सरियों में आलू विकास अधिकारी की तैनाती के लिए इसी सप्ताह आदेश जारी करने के निर्देश दिए।

महानिदेशक, कृषि एवं उद्यान विभाग, उत्तराखण्ड ने सगंध पौधा केंद्र (कैप), सेलाकुई का निरीक्षण किया और केंद्र निदेशक डॉ. नृपेन्द्र चौहान को महक क्रांति के अंतर्गत क्लस्टर्स में सगन्ध पौध पर कार्य करने, क्लस्टर्स का दायरा बढ़ाने और वैल्यू चेन पर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने निर्देश दिया कि उद्यान विभाग के नए कर्मचारियों (जैसे नर्सरी अधिकारी, माली आदि) को उच्च गुणवत्तायुक्त पौध सामग्री तैयार करने के लिए कैप द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। महानिदेशक ने यह भी कहा कि दिसंबर माह में प्रगतिशील सगंध कृषकों के साथ कैप में एक बैठक आयोजित की जाए। कैप स्थित टिश्यू कल्चर लैब का निरीक्षण कर महानिदेशक ने केंद्र निदेशक को अखरोट की पौध सामग्री को टिश्यू कल्चर विधि से तैयार करने के लिए केन्द्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान के सहयोग से कार्य शुरू करने और च्यूरा उत्पादों की वैल्यू चेन पर भी कार्य करने के निर्देश दिए।

### महानिदेशक कृषि ने की उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद की समीक्षा

महानिदेशक, कृषि एवं उद्यान विभाग वंदना सिंह ने उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद की समीक्षा बैठक भी ली। महानिदेशक ने मजखाली प्रशिक्षण केंद्र की गतिविधियों की जानकारी ली और कृषि सखियों को जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के अनुसंधान एवं विकास कार्यों को उत्तराखंड में लागू करने के लिए सहयोग स्थापित करने, जैविक उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने और परिषद के आय स्रोत विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही, जीआई प्राप्त उत्पादों के अधिकृत उपयोगकर्ताओं को बढ़ाने के निर्देश भी दिए। महानिदेशक ने जनपद देहरादून के ग्राम सीरियों एवं गुंदियावाला का भ्रमण कर जैविक खेती करने वाले किसानों से भी मुलाकात की।बैठक में प्रबंध निदेशक विनय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों मौजूद थे।

# खटीमा: चाकूबाजी में युवक की मौत से बवाल, धारा 163 लागू

शाह टाइम्स संवाददाता

**उधमसिंह नगर।** खटीमा में शुक्रवार देर रात को हुई युवक की मौत के बाद शहर में हंगामा हो गया। हिंदू संगठनों ने खटीमा शहर में विरोध प्रदर्शन किया और एक दुकान को आग के हवाले कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने कई और गाड़ियों में तोड़-फोड़ व दुकानों को जलाने का भी प्रयास किया था, मगर पुलिस की सख्ती के कारण प्रदर्शनकारी ऐसा नहीं कर पाए। भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने इलाके में धारा 163 लगा दी है।फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

शहर में पीएसी के जवान भी तैनात कर दिए गए हैं। शुक्रवार को रात करीब 10 बजे खटीमा रोडवेज स्टेशन में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में बहस हो गई थी। कुछ ही देर में ये बहस मारपीट में बदल गई। इस दौरान दोनों गुटों के बीच चाकूबाजी हुई, जिसमें 24 वर्षीय तुषार शर्मा (पुत्र मनोज शर्मा), 23 वर्षीय सलमान (पुत्र शब्बू निवासी पकड़िया) और 21 वर्षीय अभय (पुत्र कन्हैया लाल) गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद लोग घायलों को तुरंत उप जिला चिकित्सालय खटीमा लेकर गए, जहां उपचार के दौरान 24 वर्षीय तुषार शर्मा ने दम तोड़ दिया। मृतक तुषार पीलीभीत रोड स्थित एक ट्रांसपोर्ट में कार्य करता था। अन्य दो घायलों सलमान और अभय को डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। सलमान की हालत भी गंभीर बनी हुई है। इस घटना के आक्रोशित लोगों न सिर्फ दुकानों में तोड़फोड़ की है, बल्कि बाजार बंद कराकर जोरदार प्रदर्शन किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटे 600 मामले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आम जनमानस को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में शनिवार को जनपद में एक बड़ा अध्याय लिखा गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों और उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत ने सैकड़ों वादियों को बड़ी राहत प्रदान की। जनपद के जिला न्यायालय परिसर सहित बाह्य न्यायालयों में आयोजित इस महाअभियान में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर वर्षों से लंबित मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान न्यायालय परिसरों में सुबह से ही पक्षकारों की चहल-पहल रही और देर शाम तक सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवादों को निपटाने का सिलसिला जारी रहा। लोक अदालत में फौजदारी के

**सुलह-समझौते की बही बयार, करीब ढाई करोड़ रुपये के मामलों का हुआ निस्तारण**
**जिला जज की अध्यक्षता में गठित नौ पीठों ने दी सैकड़ों वादियों को राहत, आपसी सहमति से खत्म हुए वर्षों पुराने विवाद**

शमनीय मामलों से लेकर पारिवारिक विवादों तक की सुनवाई हुई, जिसमें दोनों पक्षों की रजामंदी से फैसलों पर मुहर लगाई गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक राम त्रिपाठी ने इस आयोजन की सफलता पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिला



जज अमित कुमार सिरोही की अध्यक्षता में कुल नौ पीठों का गठन किया गया था। इन पीठों के माध्यम से कुल 600 मामलों का सफल निस्तारण किया गया, जिसमें 2 करोड़ 46 लाख 54 हजार 956 रुपये की धनराशि पर समझौता संपन्न हुआ। यह धनराशि विभिन्न प्रकार के चालानों, बैंक रिकवरी, भरण-पोषण और चेक बाउंस जैसे मामलों से संबंधित थी। लोक अदालत में धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक विवाद, घरेलू हिंसा, श्रम और वेतन भत्तों से जुड़े मामलों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर सुना गया।

पीठवार निस्तारण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जिला न्यायाधीश अमित कुमार सिरोही की पीठ ने 14 प्रमुख वादों का निस्तारण करते हुए 11 लाख 16 हजार रुपये की धनराशि पर समझौता कराया। वहीं, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नसीम अहमद की पीठ ने 9 वादों का निस्तारण कर 27 लाख 50 हजार रुपये के मामलों को सुलझाया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद याकूब की पीठ ने 95 वादों का निस्तारण करते हुए 23 लाख 74 हजार 838 रुपये की धनराशि पर समझौता कराया। इसी प्रकार सीनियर सिविल जज आफिया मतीन की पीठ ने 58 वादों में रिकॉर्ड 85 लाख 74 हजार 92 रुपये का निस्तारण किया। अपर सीनियर सिविल जज मिथिलेश पांडेय की पीठ ने 58 वादों में 8 लाख 90 हजार 105 रुपये और सिविल जज जूनियर डिवीजन कुलदीप नारायण की पीठ ने 61 वादों का निस्तारण करते हुए 29 लाख 73 हजार 760 रुपये की धनराशि पर सुलह कराई। नरेंद्रनगर में सिविल जज श्रेय गुप्ता की पीठ ने सर्वाधिक 214 वादों का निस्तारण किया, जिसमें 15 लाख 12 हजार 532 रुपये की धनराशि शामिल रही। कीर्तिनगर में सिविल जज चेतन सिंह गौतम की पीठ ने 7 वादों में 5 लाख 95 हजार रुपये का समझौता कराया, जबकि प्रतापनगर में सिविल जज अस्मिता चौहान की पीठ ने भी एक वाद का निस्तारण किया। इसके अतिरिक्त, न्यायालय में मुकदमा दायर होने से पहले ही विवादों को निपटाने की प्रक्रिया यानी प्री-लिटिगेशन स्तर पर भी बड़ी सफलता मिली। इस श्रेणी में कुल 83 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 62 लाख 43 हजार 467 रुपये की धनराशि पर समझौता हुआ। इस प्रकार कुल मिलाकर नियमित और प्री-लिटिगेशन वादों को मिलाकर 600 मामलों का पटाक्षेप हुआ, जिससे पक्षकारों को अनावश्यक कोर्ट-कचहरी के चक्करों से मुक्ति मिली।

# मनमानी पर भड़के ग्रामीण विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** लंबगांव क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रस्तावित महत्वपूर्ण बाईपास निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही विवादों के घेरे में आ गया है। लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) द्वारा निर्धारित मानकों और स्वीकृत समरेखण (अलाइनमेंट) की अनदेखी कर सड़क निर्माण करने के प्रयास ने ग्रामीणों के आक्रोश को भड़का दिया है। विभाग की कथित मनमानी और ग्रामीणों के विरोध के चलते स्थिति तनावपूर्ण बन गई, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को पूरी तरह से ठप करवा दिया है। विवाद इतना गहरा गया कि सुलह के लिए मौके पर पहुंचे लोनिवि के अधिशासी अभियंता को भी ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा और उन्हें बिना किसी समाधान के बैरंग लौटना पड़ा।

पूरा मामला लंबगांव बाईपास से जुड़ा है, जो बिजपुर पनियाला मोटर मार्ग से स्यालगी तक कुल 4 किलोमीटर स्वीकृत है। विभागीय जानकारी के अनुसार, बीते वर्ष इस परियोजना के तहत बिजपुर पनियाला से पिपलोगी तक 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया था। नियमानुसार, सड़क का शेष निर्माण कार्य पिपलोगी से आगे बढ़ते हुए स्यालगी तक किया जाना था। किंतु, विभाग ने नियमों को ताक पर रखते हुए और बिना ग्रामीणों को विश्वास में लिए पिपलोगी के बजाय स्यालगी छोर से ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया। बीते 6 दिसंबर को जब मशीनें स्यालगी में पहुंचीं और खुदाई शुरू हुई, तो ग्रामीणों ने पाया कि सड़क का निर्माण स्वीकृत सर्वे के अनुरूप नहीं हो रहा है।

# सरकारी सिस्टम की बेरुखी ने छीनी विधवा के सिर से छत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद के सुदूरवर्ती भिलंगना विकासखंड के जखन्याली गांव की एक बेबस विधवा महिला सरकारी सिस्टम की लेत-लतीफी और प्रशासनिक उपेक्षा का जीता-जागता उदाहरण बन गई है। शासन-प्रशासन द्वारा आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के बड़े-बड़े दावे तो किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आपदा का दंश झेल रही जशोदा देवी पिछले डेढ़ साल से अपने परिवार के साथ दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। कुदरत की मार और सिस्टम की संवेदनहीनता के बीच फंसी यह महिला आज भी मुआवजे और सिर छुपाने के लिए सुरक्षित जमीन के टुकड़े की आस

**डेढ़ साल से स्कूल में शरण लेने को मजबूर पीड़ित परिवार, दो बार आपदा का दंश झेल चुकी जशोदा देवी को अब तक नहीं मिला न्याय, मुआवजे और भूमि के लिए काट रही दफ्तरों के चक्कर भिलंगना के जखन्याली गांव की दर्दनाक दास्तां, 2014 के बाद की आपदा ने फिर उजाड़ा घर, प्रशासन की अनदेखी से टूटी उम्मीदें**

लगाए बैठी है, लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

जशोदा देवी की संघर्षपूर्ण कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। नियति ने उन पर एक बार नहीं, बल्कि दो-दो बार कहर बरपाया। वर्ष 2014 की भीषण आपदा में उनका हंसता-खेलता आशियाना पूरी तरह जमींदोज हो गया था। उस समय मिली थोड़ी-बहुत सरकारी सहायता और नाते-रिश्तेदारों से कर्ज लेकर उन्होंने जैसे-तैसे अपने बच्चों के लिए दोबारा छत का इंतजाम किया और जीवन की गाड़ी को पटरी पर लाने की कोशिश की। लेकिन 31 जुलाई 2024 को आई एक और विनाशकारी आपदा ने उनके सपनों को फिर से मलबे में तब्दील कर दिया। इस आपदा ने न केवल उनका घर छीना, बल्कि उनके परिवार को खुले आसमान के नीचे लाकर खड़ा कर दिया।

विडंबना यह है कि दूसरी बार घर टूटने के बाद करीब डेढ़ साल का लंबा वक्त बीत चुका है, लेकिन प्रशासन की फाइलें अब तक इंच-भर भी नहीं सरकी हैं। जशोदा देवी को न तो अब तक आपदा का उचित मुआवजा मिल पाया है और न ही सुरक्षित स्थान पर घर बनाने के लिए भूमि आवंटित की गई है। नतीजतन, वह अपने पूरे परिवार के साथ गांव के ही एक विद्यालय के अतिरिक्त भवन में शरणार्थी की तरह जीवन यापन करने को विवश हैं। विद्यालय भवन में रहना किसी चुनौती से कम नहीं है, लेकिन उनके पास इसके अलावा कोई और विकल्प भी नहीं बचा है।

इस पीड़ित महिला के कंधों पर पूरे परिवार की भारी जिम्मेदारी है। वह अपने दो बेटियों, एक पुत्र, पोते और बुजुर्ग सास का भरण-पोषण अकेले ही कर रही हैं। आय का कोई ठोस साधन न होने और सिर पर छत न होने के कारण परिवार के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। जशोदा देवी ने एक बार फिर शासन और प्रशासन से मार्मिक गुहार लगाई है कि उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द मुआवजा और भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपने परिवार को एक सुरक्षित भविष्य दे सकें। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन की नींद खुलती है या फिर यह परिवार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को ही अपनी नियति मान लेगा।

# थत्यूड़ में सजेगा सेहत का दरबार

**नई टिहरी।** जौनपुर विकासखंड के मुख्यालय थत्यूड़ में स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव को देखते हुए एक सराहनीय पहल की जा रही है। सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के निवासियों को उनके घर-द्वार पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 14 दिसंबर को थत्यूड़ के ऐतिहासिक रामल. ीला मैदान में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। देहरादून स्थित प्रतिष्ठित जावा सिद्धार्थ अस्पताल के सौजन्य से आयोजित होने वाले इस शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। इस पहल से क्षेत्र के गरीब और असहाय मरीजों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

## एक नजर .......

### मेले के मंच महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है: दौलत बिष्ट

**चमोली:** अलकनंदा पर्यटन सांस्कृतिक ग्रामीण कृषि विकास मेला मैठाणा के चतुर्थ दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में रहे।द्वीप प्रज्वलित करते हुए मेले का चतुर्थ दिवस का शुभारंभ किया इस दौरान राजकीय आदर्श विद्यालय हरमनी एवं नंदप्रयाग के छात्रों ने शानदार प्रस्तुति दी वही महिला मंगल दलों ने भी सांस्कृतिक समा बंधा, विभागीय स्टालों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल रहा है जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में आयोजित मेले के मंच धार्मिक सांस्कृतिक समाजिक चेतना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते ह इस दौरान अध्यक्ष विक्रम बर्तवाल, संरक्षक चंडी थपलियाल, सचिव राकेश खनेड़ा, उपाध्यक्ष मुन्नी पंवार,उपाध्यक्ष लक्ष्मण खत्री, जिलापंचायत सदस्य कुमारी संतोषी, महेंद्र सिंह, अतुल शाह, गजेंद्र राणा संचालन के रहे हर्ष थपलियाल,सुरेंद्र रावत, , शशांक राणा प्रदीप रावत टीका चौहान आदि मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब के सदस्यों ने नव वर्ष मेले की तैयारियो पर की चर्चा

**कोटद्वार ।** रोटरी क्लब की शनिवार को आयोजित बैठक में आगामी 26, 27 व 28 दिसम्बर को विजय गार्डन, देवी रोड में आयोजित होने वाले रोटरी स्वर्ण जयन्ती नव वर्ष मेले की तैयारियो की चर्चा की गयी। रोटरी भवन नजीबाबाद रोड में आयोजित बैठक में क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा मेले के दौरान फैंसी ड्रेस शो, रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता व सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। साथ ही खान-पान, मनोरंजन स्टाल, विभिन्न कम्पनियो के स्टाल व हैण्डी क्राफ्ट के स्टाल भी लगाये जायेगे। मौके पर अभय रावत को मेला संयोजक, अनीत चावला को मेला सलाहकार व धनेश अग्रवाल को मेला कोषाध्यक्ष बनाया गया, वहीं स्टालो की जिम्मेदारी अनीत चावला को दी गयी।

### काश्तकारों को दी खेती व बागवानी के नए तरीकों की जानकारियां

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के लछमपुर में शनिवार को ग्राविस संस्था की ओर से आयोजित गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने काश्तकारों को बेहतर उत्पादन के लिए खेती और बागवानी के नए तरीकों की जानकारियां दी। काश्तकारों ने सूचना देने के बाद भी उद्यान और कृषि विभाग के अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर आक्रोश जताया। गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए पार्षद जेपी बहुखंडी ने कहा कि सरकार की ओर से खेती में आय बढ़ाने की बात तो की जाती है लेकिन किसानों को बेहतर संसाधन के रूप में उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं। तत्पश्चात संस्था के कृषि विशेषज्ञों ने काश्तकारों को मृदा के पीएच आंकने, फलदार पेड़ों का ग्राफ्टिंग करने, कृषि विभाग की मदद से मृदा परीक्षण करवाने, कीटनाशक का प्रयोग करने, बागवानी करने, स्वस्थ और अच्छी पैदावार के लिए उन्नत किस्मों और पौध का चुनाव करने, रासायनिक खाद के प्रयाग म सावधानियां बरतने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर काश्तकारों ने संस्था के माध्यम से भाबर क्षेत्र में उद्यान विभाग का कार्यालय खुलवाने की मांग की। इस अवसर पर संस्था के परियोजना समन्वयक रोशनलाल, गौरव जोशी, जगदंबा प्रसाद उनियाल, मधुसूदन नेगी, मनीष भट्ट , नीलम, हिमेंद्र सिंह राणा, चंद्रपाल कंडारी, राजेंद्र प्रसाद और भास्कर काला आदि मौजूद रहे।

### शांता बमराडा बने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष

**कोटद्वार ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति और सभी प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों से विचार विमर्श के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कोटद्वार जिले के मोर्चा अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। शनिवार को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शांता बमराड़ा को युवा मोर्चा, शशिबाला केष्टवाल को महिला मोर्चा, गोविंद सिंह बिष्ट को किसान मोर्चा, डा. सुरेंद्र सैनी को अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा व सुनीता देवी को अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्होंने सभी नव नियुक्त मोर्चा अध्यक्षों से पार्टी व संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया है।

# शीतलहर से राहत को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में पिछले कुछ दिनों से लगातार जारी शीतलहर एवं तापमान में भारी गिरावट को देखते हुए जिला प्रशासन ने मानवीय संवे. दनशीलता का परिचय देते हुए ठंड से बचाव के लिए व्यापक एवं प्रभावी इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में जनपद के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है।जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के प्रमुख स्थानों पर सुबह एवं सायंकाल के समय अलाव जलाए जा रहे हैं। यह व्यवस्था शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों, बस स्टैंड, मुख्य बाजारों, तीर्थ स्थलों एवं सड़क किनारे किए गए प्रमुख स्थानों पर सुनिश्चित की गई है, ताकि राहग. ीरों, मजदूरों, यात्रियों एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिल सके। संबंधित विभागों एवं स्थानीय निकायों द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अलाव नियमित रूप से जलते रहें और किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अलाव की व्यवस्था का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत या कमी पाए जाने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने आमजन से भी अपील की है ।

# भालू की सक्रियता को लेकर वन विभाग की टीमें तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तरी जखोली रेंज अंतर्गत धरियांज, थाती-बड़मा क्षेत्र में भालू की सक्रियता को देखते हुए रेंज अधिकारी उत्तरी जखोली सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में 18 सदसीय टीम का गठन किया गया है। टीम की ओर से आस-पास के क्षेत्रों में भालू की सघन निगरानी की जा रही है।

वन विभाग की टीम की ओर से ग्राम सभा धरियांज, थाती बड़मा, मुन्ना देवल में ग्रामीणों के साथ बैठक कर भालू से सावधानी को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं को घास लेने के लिए अकेले न जाने को लेकर हिदायत दी गयी तथा अतिआवश्यक होने पर



समूह में जाने कमे लिए अपील की गयी। टीम ने राजकीय इंटर कॉलेज सिदसौड़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिकधार में छात्रों व शिक्षकों से संवाद कर वन्य जीव से सावधानी को लेकर जागरूक किया गया तथा बच्चों को स्कूल समूह में आने के लिए कहा गया। टीम ने बच्चों को किरोड़ा से सिदसौड स्कूल वन विभाग के वाहन से पहुंचाया। साथ ही महिलाओं को घास के लिए अकेले न जाने की हिदायत दी जा रही तथा महिलों को समूह में ही जाने को लेकर अपील की जा रही है।

प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन ने बताया कि क्षेत्र में भालू की निगरानी ड्रोन तथा 10 कैमरा ट्रैप से की जा रही है तथा टीम दिन व रात्रि में लगातार गस्त कर रही है। प्रभागीय वनाधिकारी ने लोगों से अपील की की घरों के आस-पास की झाड़ियों को साफ रखें। घरेलू कचरा को खुले में न फेंके। घरों के आस-पास उजाले की उचित व्यवस्था रखें तथा लोग सावधान रहें, सतर्क रहें।

**ड्रोन के साथ 10 ट्रैप कैमरों से की जा रही निगरानी, लगातार स्कूलों और ग्रामीण इलाकों में की जा रही गश्त**

# देवप्रयाग विस क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध:कंडारी

**देवप्रयाग विस क्षेत्र की आठ सड़कों को मिली केंद्र से मिली स्वीकृति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात मिली है। केंद्र सरकार ने देवप्रयाग और कीर्तिनगर ब्लॉक कि 8 सड़कों को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को गढ़वाल मंडल विकास निगम श्रीनगर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र की आठ सड़कों को केंद्र से स्वीकृति मिली है।

बताया कि 60.10 किलोमीटर कि यह सघ्ड़के 75 करोड़ 86 लाख रूपये की बनाई जायेंगी।

बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चतुर्थ फेज के तहत देवप्रयाग ब्लॉक में 5 और कीर्तिनगर ब्लॉक में 3 नई सड़कों को मंजूदरी दी है। कहा कि देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों को पहली बार पक्की सड़क कि सुविधा मिलेगी। इससे श्रद्धालुओं, किसानों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों को सीधा लाभ होगा।

बताया कि सड़कों पर आधुनिक तकनीक के साथ गेबियन दीवारों का प्रयोग किया जाएगा ताकि पहाड़ी इलाके में सड़कें लंबे समय तक टिकाऊ रहें। कहा कि पिछले कई वर्षों से मेरी प्राथमिकता में शामिल इन गांवों की लंबित मांग पूरी होने का परिणाम है।

उन्होने मोटरमार्ग की स्वीकृति पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि 24 दिसम्बर को हिंडोलाखाल के समीप कंकोलाखाल में 100 नाली जमीन पर 9 करोड़ की लागत से बनने वाले इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जायेगा। जामणीखाल में जल्द ही पांच करोड़ की लागत से अस्पताल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जायेगा। लोस्तु बढ़ियारगढ़ में भी अस्पताल का निर्माण कार्य कार्य किया जायेगा। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. राकेश मोहन मैठाणी, दीपक राणा सहित आदि मौजूद थे। इन सडको को मिली स्वीकृति देवप्रयाग की भाल्डीगांव-डंडेली-सिलानी गांव, लछमोली-हिसरियाखाल मोटर मार्ग से डडुआ-सिरोला मोटर मार्ग, हिंडोलाखाल से डांडा (भैंसकोट) डोभ मोटर मार्ग, चपोली से ग्वालना-नागर मोटर मार्ग और सिलेथी-पंवारगांव मोटरमार्ग स्वीकृति मिली है। जबकि कीर्तिनगर के सौडू से जाखी मोटरमार्ग, बड़ोन से दयूली-बिनानी मोटर मार्ग, मंजाकोट से बंदासा-गल्या मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य किया जायेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 60 लाख की वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश सहदेव सिंह के मार्ग-दर्शन में न्यायालय रुद्रप्रयाग एवं बाह्य न्यायालय ऊखीमठ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।सिविल जज (सीडी) एवं सचिव प्राधिकरण पायल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वादों से संबंधित प्री-लिटिगेशन के कुल 41 मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया, जिसमें कुल 20,93,252 रूपए की समझौता राशि वसूल की गई। पीठ संख्या एक सिविल जज (सीडी) सुमन एवं सदस्य गजपाल सिंह ने कुल 78 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 30,12,715 रूपए की समझौता राशि वसूल की गई। पीठ संख्या दो सिविल जज (जूडी) जतिन मित्तल एवं सदस्य कर्णपाल सिंह रौथाण ने कुल 41 वादों का निस्तारण किया, जिसमें 9,52,600 रूपए की समझौता राशि वसूल की गई। पीठ संख्या तीन में सिविल जज (जूडी)/न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय ऊखीमठ संतोष पच्छिमी एवं सदस्य राजेन्द्र देव भट्ट ने कुल 29 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 12,000 रूपए की समझौता राशि वसूल की है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सात राज्यों के 15 विश्वविद्यालय के 40 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पौड़ी के निदेशक प्रो. विजय कुमार बंगा ने कहा कि रोबोटिक और एआई का मुख्य उद्देश्य लोगों के जीवन को सरल बनाना और रोबोट की उपयोगिता को सदुपयोग करना ही मुख्य उद्देश्य



है।कहा कि विषम परिस्थितियों में हम रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से कार्यों को सुगम बना सकते है। गढ़घ्वाल विवि अर्थ साइंस के डीन प्रो. एचसी नैनवाल ने एआई पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

डॉ. ओमप्रकाश और डॉ. प्रेम नाथ ने एआई टूल्स और पेटेंट प्रक्रिया पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन पर गढ़घ्वाल विवि के मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) के निदेशक प्रो. डीएस नेगी ने सात दिनों तक चले प्रशिक्षण कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। बताया कि पूरे कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक एआई टूल्स पर विस्तृत चर्चा की गई।

# विजयपाल जिलाध्यक्ष व राकेश मोहन को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में प्रधान संगठन के चुनाव संपंन हो गये हैं। जिला मुख्यालय की निकटवर्ती ग्राम पंचायत सांदर के प्रधान विजयपाल जगवाण संगठन के जिलाध्यक्ष तो ग्राम पंचायत घंडियाल्का के प्रधान राकेश मोहन और ग्राम पंचायत जखोली के प्रधान नरेन्द्र चौहान को महामंत्री चुना गया। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और जनपद के सभी ग्राम प्रधानों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। क्षेत्र के लोगो ने जिलघ्यक्ष व माहमंत्री को शुभकामनायें दी है।

# छात्राओं को दिया सशक्त संदेश: सुरजीत

**रणबीर नेगी**

**चमोली।**चमोली पुलिस द्वारा जिलेभर में चलाए जा रहे वृहद "जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान" के तहत आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस ने आमजन, विशेषकर छात्राओं को नशे, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षा की मजबूत सीख दी।

शनिवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर के वार्षिकोत्सव समारोह में, विधायक बद्रीनाथ लखपत बुटोला, खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार उप्रेती, प्रधानाचार्य ललित मोहन बिष्ट एवं अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति में, पुलिस अधीक्षक




सुरजीत सिंह पँवार ने मुख्य रूप से छात्राओं को संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान एसपी चमोली ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहाख्ड्रग्स युवाओं के भविष्य को खत्म कर देती है, इससे दूर रहना ही सबसे बड़ी जीत है।साइबर अपराध हर दरवाजे पर दस्तक दे रहा हैख्र सचेत रहें, सुरक्षित रहें। सोशल मीडिया पर जागरूक रहें, अनजान लिंक, फर्जी कॉल और ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की असुरक्षा या शोषण की स्थिति में तुरंत 112 या निकटतम पुलिस को सूचित करेंख्रपुलिस सदैव आपके साथ है।

थाना गैरसैंण में "दोस्त पुलिस" कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिरोला ने अमर उजाला के सहयोग से राजकीय इंटर कॉलेज गैरसैंण की बालिकाओं को थाना परिसर में आमंत्रित किया। यहाँ छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी दी। बालिकाओं ने पहली बार थाना संचालन को करीब से देख उत्साह व्यक्त किया और पुलिस की कार्यप्रणाली को समझ कर स्वयं को सुरक्षित व्यवहार हेतु प्रेरित महसूस किया

# डिग्री राष्ट्र समाज के प्रति जिम्मेदारी की नई यात्रा : राज्यपाल

**डीआईटी विश्वविद्यालय के नवम् दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल, युवाओं को राष्ट्र-निर्माण, उद्यमिता और नशामुक्त समाज का दिया संदेश**




शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को डी.आई.टी. विश्वविद्यालय, देहरादून के नवम् दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उपाधि प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र, समाज और मानवता के प्रति जिम्मेदारी की नई यात्रा की शुरुआत है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, विचारों में शक्ति और व्यवहार में संवेदनशीलता का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि वर्षों का अनुशासन, परिश्रम और मार्गदर्शन आज इस सफलता में परिलक्षित हो रहा है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज का युग तकनीक, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का है, जहाँ ज्ञान और कौशल की प्रकृति तेजी से बदल रही है। जो युवा इस परिवर्तन को समझकर स्वयं को निरंतर सीखने के लिए तैयार रखते हैं, वही भविष्य का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने डी.आई.टी. विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने इंजीनियरिंग, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजाइन, स्वास्थ्य सेवाओं, फोरेंसिक साइंस और पर्यावरण विज्ञान जैसे आधुनिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

युवाओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सफलता को केवल पद, वेतन या प्रतिष्ठा से नहीं मापा जाना चाहिए, बल्कि इस बात से आँका जाना चाहिए कि व्यक्ति अपने ज्ञान और क्षमता का उपयोग समाज और राष्ट्र के हित में कैसे करता है। उन्होंने छात्राओं की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि आज भारत की बेटियाँ हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका निर्णायक होगी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संदर्भ में राज्यपाल ने कहा कि ए.आई. आज शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, प्रशासन और उद्योग सहित हर क्षेत्र को नई दिशा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत मानव-केंद्रित, नैतिक और पारदर्शी ए.आई. के विकास पर बल दे रहा है। उन्होंने बताया कि "भारत ए.आई. मिशन" के अंतर्गत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश भविष्य की डिजिटल क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अपने संबोधन के समापन पर राज्यपाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और विश्व गुरु भारत के निर्माण में आज के युवा पथ-प्रदर्शक हैं। उन्होंने सभी उपाधि धारकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सदैव सीखते रहने, जिम्मेदार नागरिक बनने और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अनुज अग्रवाल, प्रधान सलाहकार एन. रविशंकर, कुलपति प्रो. रघुरामा एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शहर का माहौल खराब करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई: संगठन

**मियांवला में कुछ असामाजिक तत्व की ओर से कल जुमे की नमाज पढ़ने जा रहे नमाजियों को रोकने का मामला**



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** दून के मियांवला मे कुछ असामजिक तत्व की और से विगत दिवस जुमे की नमाज को रुकवा कर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की गयी थी।

यहां पहले भी ये असमाजिक तत्व शहर का माहौल खराब करते आये है इस मामले को लेकर शनिवार को मुस्लिम सेवा संगठन की और से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलने का प्रयास किया गया, मगर छुट्टी होने की कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पीआरओ और धारा चौकी इंचार्ज को संगठन के लोगो ने तहरीर दी। संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी ने कहा कि कहाँ कुछ असमाजिक तत्व मुसललमानो के धार्मिक स्थलों पर और घरों पर लागतार हमले किये जा रहे है लोकतान्त्रिक देश मे ऐसे लोगों का कोई स्थान नहीं है।

सरकार और प्रशासन का मौन होना ये दर्शाता है कही ना कही सरकारी तंत्र की और से ऐसे असमाजिकतत्व को खुली छुट दी जा रही है।

संगठन के उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी ने कहाँ जिस तरह से प्रदेश का माहौल खराब करने की साजिश कुछ असमाजिकतत्व द्वारा की जा रही है वो हम बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं करेंगे। मुस्लिम समाज देश के सविंधान को मानता है संविधान ने अपने धर्म और रितिरिवाजो का मानने का हमें अधिकार दिया है लेकिन कुछ असमाजिकतत्व द्वारा संविधान को खत्म करने का काम किया जा रहा है और पुलिस प्रशासन बिल्कुल मौन है।

धारा चौकी इंचार्ज ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि का तौर पर तहरीर लेकर आश्वासन दिया के उच्च अधिकारियो को अवगत कराकर कारवाही अमल लाई जाएगी। संगठन के पछवादून अध्यक्ष और पूर्व प्रधान अयूब हसन, नाजिम जैदी, साकिब कुरैशी, नाजिम खान, कमर खान ताबी, मौलाना हाशिम उमर, नवाज कुरैशी, दानिश कुरैशी, सुल्तान अहमद, कैफ खान व अब्दुल आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कुसुम कण्डवाल

**होटलों-गेस्ट हाउसों में रजिस्टर अनिवार्य, पुलिस व हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश, कहा - आरोपी के विरुद्ध हो कड़ी कार्रवाई, मामले की हो गंभीर जांच**



शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी देहरादून के शिमला बाईपास निकट एक गेस्ट हाउस में रात तीन बजे एक नाबा. लिग लड़की के साथ धर्म विशेष के युवक के संदिग्ध अवस्था मे पकड़े जाने और उसके मोबाइल से बड़ी संख्या में लड़कियों की आपत्तिजनक चैट व वीडियो मिलने के मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वत: संज्ञान लिया है।

उन्होंने प्रकरण को अत्यंत गंभीर बताते हुए पुलिस से पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है और नाबालिग की सुरक्षा, काउंसलिंग तथा परिजनों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि नाबालिग से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एसपी सिटी को आरोपी के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई करने, डिजिटल साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच कराने तथा गेस्ट हाउस प्रबंधन की भूमिका की भी जांच करने को कहा है।

साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए गेस्ट हाउसों में पहचान पत्र जांच और रजिस्टर में प्रविष्टि की व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराया जाए।

आयोग पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

आयोग अध्यक्ष ने प्रकरण को गंभीर बताते हुए कहा कि आयोग की ओर से राज्य के समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा कि किसी भी होटल, गेस्ट हाउस, रात्रि विश्राम गृह अथवा ठहरने की सभी जगहों पर आने-जाने वाले व्यक्तियों की पंजि. का (रजिस्टर) का होना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, साथ ही उनकी नियमित जांच की जाए।

# आइसा ने की आईपीएस अधिकारी पर एफआईआर की उठाई मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर शनिवार को गढ़वाल विश्व. विद्यालय के बिड़ला परिसर पर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध स्वरूप छात्रों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए आईपीएस अधिकारी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए छात्रसंघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल ने कहा कि आरोप है कि पिथौरागढ़ एसएसपी रहते हुए लोकेश्वर सिंह ने एक आरटीआई एक्टिविस्ट के साथ मारपीट कर मानवाधिकारों का उल्लंघन किया। राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण की जांच में उन्हें दोषी पाया गया है।

कहा कि पुलिस निरंकुश होकर जनता के साथ अभद्र व्यवहार कर रही है। पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री ने कहा कि पुलिस स्वयं को मित्र पुलिस बताकर आम जनता की सेवा का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत दिखाई दे रही है।

कहा कि पुलिस प्रशासन कि इस तरह का व्यवहार दुर्भाग्यापूर्ण है। इस दौरान आइसा नगर अध्यक्ष अरुणेश मिश्रा, पारुल, आनंद, आशुतोष कुमार, प्रवेश सहित कई छात्र मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### लोक अदालत में 215 मामलों का निस्तारण

**श्रीनगर।** बाह्य न्यायालय श्रीनगर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 215 मामलों का निस्तारण किया गया। जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अलका की अध्यक्षता में हुई लोक अदालत में अधिवक्ताओं ने 209 फौजदारी वाद, 4 एनआई एक्ट, 2 सिविल वादों का निस्तारण किया गया। मौके पर बार एसोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, बार एसोसिएशन के संरक्षक अनूप श्री पांथरी, श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी, सचिव ब्रह्मानन्द, सुबोध भट्ट, प्रदीप मैठाणी, विकास पंत, देवी प्रसाद खरे, महेंद्र पाल सिंह रावत, भुपेंद्र पुंण्डीर, विकास पंत, सुरेंद्र सिंह रौथाण, सुधीर उनियाल, सुनीता भण्डारी सहित आदि मौजूद थे।

### अमेजन ने की सरकारी विभागों के साथ साझेदारी

**देहरादून।** अमेजन इंडिया ने भारत में पारंपरिक कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों, उभरते स्टार्टअप और भारत के लॉजिस्टिक्स परितंत्र में अनुसंधान आधारित नवोन्मेष का समर्थन करने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित कई संस्थानों के साथ गठजोड़ की घोषणा की। अमेजन इंडिया के कंट्री मैनेजर, समीर कुमार ने इन साझेदारियों के संबंध में कहा, श्हम कारीगरों, उद्यमियों और निरंतर विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स परितंत्र का समर्थन करने के लिए भारत सरकार के इन संस्थानों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बुकमाईशोथ्रोबैक इयर-एंड रिपोर्ट ने मचाई धूम

**देहरादून।** जैसे ही 2025 अपने अंत की ओर है, बुकमाईशो, इंडिया' लीडिंग एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन, बुकमाईशोथ्रोबैक2025 पेश करता है-एक ऐसा साल जिसमें एंटरटेनमेंट पलों से आगे बढ़कर एक मूवमेंट बन गया। यह वह साल था जब इंडिया ने एंटरटेनमेंट को सिर्फ देखा नहीं, उसे चुना, अपनाया और इरादे के साथ जिया। रिकॉर्ड-ब्रेकिंग मूवीज से लेकर बिजली जैसी लाइव स्पेक्टेकल्स तक, 2025 ने साबित किया कि भारतीयों के लिए बाहर निकलना इम्पल्स नहीं, एक जरूरत था। रिपोर्ट बताती है कि व्यवहार में एक बड़ा बदलाव आया-एंटरटेनमेंट के लिए बाहर जाना अब डाइनिंग स्पॉट चुनने जितना सामान्य हो चुका है। फिल्में, कॉन्सर्ट्स, कॉमेडी और कल्चर अब हफ्ते की दिनचर्या का हिस्सा बन गए। यह वह ऑडियंस है जो अनुभवों को उद्देश्य के साथ खोजती है, पॉप-कल्चर को प्रिसीजन से ट्रैक करती है और इसलिए शामिल होती है क्योंकि उसे ग्लोबल-स्केल स्टोरीटेलिंग और लाइव मोमेंट्स यहीं, इंडिया में और इन-पर्सन चाहिए।

### पैलिएटिव केयर ओपीडी 15 को

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकत्सालय में कैंसर मरीजों की सुविधा के लिए सोमवार 15 दिसंबर को बेस अस्पताल में पैलिएटिव केयर ओपीडी लगाई जाएगी। पैलिएटिव केयर ओपीडी के नोडल अधिकारी डॉ. मोहित ने बताया कि 25 दिसम्बर को लगने वाली पैलिएटिव केयर ओपीडी में कैंसर स्पेशलिस्ट एवं ऑन्कोलॉजी सर्जन डॉ. अजीत तिवारी ओपीडी में मौजूद रहेंगे। बताया कि कैंसर संबंधी जांच या परामर्श के इच्छुक मरीज सर्जरी ओपीडी के पास स्थित कमरे संख्या 19 में पहुँच सकते हैं।

### प्रतियोगिता में अनिका व मयूख ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मलेथा में शनिवार को निपुण विद्यार्थी कक्षा 3 की प्रतियोगिता एवं गणित का जादूगर और इंग्लिश स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता आयोजित की गई। निपुण प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय मलेथा कि अनिका ने प्रथम स्थान, घिल्डियाल गांव से आयुष ने द्वितीय और प्राथमिक विद्यालय कीर्तिनगर की सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित के जादूगर प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय से मयूख चौहान ने प्रथम, शुभम ने द्वितीय एवं अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में मलेथा से मयूख चौहान ने प्रथम, आरुषि ने द्वितीय और शिक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार वितरित किया गया। प्रतियोगिता में शिवम भट्ट को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर संकुल सामन्वयक विक्रम सिंह कठैत, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, नीरज प्रेमी, दिव्या जोशी, गणेश भट्ट, विवेक मेवाड, विनय रावत ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

# नगर निगम ने स्वच्छता व्यवस्था को चलाया विशेष निगरानी अभियान

**अभियान के दौरान विवेक पुत्र किशन पाल को कूड़ा फेंकते पाए जाने पर 800 व छोटे लाल गुप्ता पर 500 का चालान किया गया**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल के निर्देशानुसार शनिवार की सुबह नगर निगम देहरादून द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए विशेष निगरानी अभियान संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत सीएसआई/एसआई एवं निगम सुप. रवाइजरों की संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसने शहर की प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ड्रोन के माध्यम से कूड़ा फेंकने की गतिविधियों की सघन निगरानी की। निगरानी के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकते पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध मौके पर ही चालान की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विवेक पुत्र किशन पाल को कूड़ा फेंकते पाए जाने पर 800 का चालान किया गया। छोटे लाल गुप्ता पुत्र राम बेबी गुप्ता पर 500 का चालान आरोपित किया गया।

साथ ही, कूड़ा फेंकने की गति. विधियों में संलिप्त पाए गए पाँच अन्य व्यक्तियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

टीम द्वारा ड्रोन के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं परिणामदायी बनाया जा सके। नगर आयुक्त महोदया द्वारा सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी सुनिश्चित करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकते पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करें।

सुंदर व स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग दें। स्वच्छता के प्रति लाप. रवाही बरतने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।अभियान में मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी और सहायक नगर आयुक्त व सफाई निरीक्षक मौजूद थे।

# एसआईआर अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने का पवित्र दायित्व: अजेय कुमार

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी अल्मोड़ा जिला की जिला बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में उत्तराखंड प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य एवं गरिमामय स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने अपने स्वागत भाषण में सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि अजेय कुमार की कार्यशैली एवं संगठनात्मक संरचना को आत्मसात कर कार्यकर्ता आने वाले समय में उत्तराखंड में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। जिला प्रभारी राजेंद्र बिष्ट ने सभी मंडल अध्यक्षों व प्रभारियों को निर्देश दिए कि जिन बूथों का गठन अब तक नहीं हो पाया है, उनका तत्काल गठन सुनिश्चित किया जाए। संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने दूर-दराज से आए सभी मंडल कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया और कहा कि आज हम किसी राजनीतिक कार्यक्रम के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने के एक पवित्र दायित्व के लिए एकत्र हुए हैं।

# दिल्ली में कांग्रेस की महारैली रवाना हुए हजारों कार्यकर्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने जा रही महारैली में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से कांग्रेसियों के जत्थे रवाना हो रहे हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने जा रही वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली ऐतिहासिक होने जा रही है। गणेश गोदियाल ने कहा रामलीला मैदान दिल्ली मे होने जा रैली कि सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। कुछ कांग्रेस जन आज सुबह ही दिल्ली की ओर प्रस्थान कर गए हैं, जबकि कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता आज रात और रविवार की सुबह तक दिल्ली रैली में शामिल होने के लिए पहुंच जाएंगे।

उन्होंने बताया दिल्ली के नजदीकी जिलों हरिद्वार, उधम सिंह नगर की रिपोर्ट के आधार पर इन जिलों के कांग्रेसी कार्यकर्ता रविवार तड़के दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। गोदियाल ने कहा विभिन्न जिलों से आई रिपोर्ट मे यह जानकारी मिली है कि करीब 15 से 16 हजार कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेता दिल्ली में होने जा रही महारैली में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। रामलीला मैदान में 14 तारीख को हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब से भारी संख्या में कांग्रेसी जुटेंगे। इसी तरह अन्य दूर के राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग रैली में प्रतिभाग करने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा रामलीला मैदान में कल संख्या बल के हिसाब से ऐतिहासिक रैली होने जा रही है।

महारैली को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड कांग्रेस ने अपनी तैयारियां काफी पहले शुरू कर दी थी। रैली की तैयारियों की मॉनिटरिंग खुद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल व पार्टी मुख्यालय मे कांग्रेस प्रदेश महामंत्री संगठन राजेंद्र भंडारी ने मोर्चा संभाला हुआ था। विधानसभा प्रभारियों से दिल्ली जाने के इच्छुक कांग्रेसियों का फीडबैक लिया जा रहा था। रैली की सफलता के लिए प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। बड़ी संख्या में लोगों को दिल्ली ले जाने के लिए बड़े नेताओं को दायित्व सौंपे गए।

# सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों की समस्याओं पर की चर्चा

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नगर में बंदरों के आतंक से लोग परेशान है। लावारिस पशुओं की संख्या भी काफी बढ़ गई है। इस कारण गुलदार का भी आतंक बढ़ रहा है।

सदस्यों ने अपर व लोअर माल रोड, धारानौला में ई-रिक्शा व टैम्पो का संचालन निर्धारित रेट पर करने, नगर बस सेवा का किराया कम करने, शिखर तिराहे पर गति अवरा. धक लगाने, रेल लाइन के निर्माण, लावारिस जानवरों से निजात दिलाने, गैस की होम डिलिवरी करने आदि की मांग की। यहां एमडी काण्डपाल, हरीश लाल, शेष राम, रमेश तिवारी, एएस कार्की, नारायण दत्त पांडे, नवीन चंद्र जोशी, मदन सिंह मटेला, गंगा सिंह, त्रिलोक सिंह कड़ाकोटी, एमबी साह, गणेश सिंह बिष्ट, मोहन सिंह रावत आदि रहे।

# राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक: जोशी

## कैबिनेट मंत्री ने किया डीएवी पीजी कॉलेज में 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना कार्य का भूमि पूजन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने डी.ए.वी. (पी.जी. ) कॉलेज, देहरादून परिसर में 30 लाख की लागत के 100 फीट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना के लिए कई विधिवत भूमि पूजन किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। युवाओं में राष्ट्रभक्ति और देश के प्रति सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस ध्वज की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव देश के स्वतंत्रता संग्राम और शहीदों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर है।

गौरतलब है कि वर्ष 2023 में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एक कार्यक्रम के दौरान डी.ए.वी. कॉलेज परिसर में 100 फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने की घोषणा की थी। उसी घोषणा को पूरा करते हुए आज भूमि पूजन संपन्न कराया गया।

मंत्री जोशी ने कॉलेज प्रबंधन को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय ध्वज आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और छात्रों में राष्ट्रसेवा की भावना को और प्रबल करेगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर राजपुर विधायक खजान दास, प्राचार्य डॉ. कौशल कुमार, प्रबंधन सचिव मानवेंद्र स्वरूप, डॉ.विनीत विश्नोई, छात्र संघ अध्यक्ष ऋषभ मल्होत्रा, महासर्. चव करन नेगी, पार्षद योगेश, डॉ बबीता सहोत्रा सहित कॉलेज प्रशासन, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के एसआईआर पर शंका और सक्रिय भागेदारी की दोहरी नीति अस्वीकार्य : चौहान



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारियों पर संतोष जताते हुए कहा कि पार्टी कार्यकता बीएलओ के साथ सहयोग कर सभी मतदाताओं को इस प्रक्रिया से जोड़ेंने मे सहयोग करेंगे। वहीं कांग्रेस नेताओं के संदेह पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि प्रक्रिया पर शंका और कार्यकर्ताओं को इस प्रक्रिया में जुड़ने की बातें दोनों एक साथ नहीं की जा सकती हैं।चौहान ने स्पष्ट किया कि सभी तरह की संवैधानिक प्रक्रिया के सुचारू संच. ालन पर भाजपा हमेशा समर्थन करती आई है। लिहाजा हम इसको लेकर प्रदेश सरकार की तैयारियों का समर्थन करती है। पार्टी संगठन की कोशिश हैं कि जनता के सहयोग से एक एक मान्य मतदाता को सूची में सुनिश्चित करवाएगा। जिसके लिए हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता और बीएलए जनजागरूकता फैलाते हुए चुनाव आयोग को पूरा सहयोग करेंगे।

चौहान ने कहा कि सभी जानते हैं कि इसको लेकर मतदाता सूची के विशिष्ट गहन पुनरीक्षण समय समय पर किया जाना आवश्यक होता है और उसी क्रम में यह प्रक्रिया 9 वीं बार की जा रही है। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस इस संवैधानिक बाध्यता को नहीं जानती है, लेकिन सिर्फ और सिर्फ अपने वर्ग विशेष के तुष्टिकरण हेतु विरोध किया जा रहा है। उससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे जनता को इस पूरे वैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर झूठ और भ्रम फैला रहे हैं । वे चुनाव भी लड़ते हैं, लेकिन पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का अपमान भी कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाया कि एक तरफ वे मीडिया में एसआईआर का विरोध और धरने प्रदर्शन करते हैं। लेकिन दूसरी तरफ दावा करते हैं कि उनके कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर अपने अपने मतदाताओं के नाम सूची में सुनिश्चित करवाएंगे। अब यह बात और है कि उनके मतदाताओं में अवैध मतदाता भी शामिल हो सकते हैं, जिनको वे बचाना चाहते हैं। लिहाजा एसआईआर का विरोध और प्रक्रिया में भागेदारी दोनों एक साथ नहीं स्वीकार की जा सकती है।

# बागेश्वर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान में 49 लोगों पर कार्रवाई की



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जनपद पुलिस लगातार सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान चला रही है। कोतवाली एवं थाना क्षेत्रों में विशेष पैदल गश्त एवं व्यापक वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई। साथ ही, क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध एवं बाहरी व्यक्तियों से गहन पूछताछ कर उनके पुलिस सत्यापन की जांच की गई। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम में 29 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग कर शांति भंग करने वाले 20 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालान किया गया। जनपद में कानून, यातायात एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सघन चेकिंग एवं सत्यापन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# जीवन मे तीन बार आती है साढ़ेसाती : महंत कौशलपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित काल भैरव मंदिर आशारोड़ी के परमाध्यक्ष महंत कौशलपुरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आती है। प्रथम बार बचपन में, दूसरी बार युवावस्था में और तीसरी बार वृद्धावस्था में। उन्होंने कहा कि शनिदेव ही साढ़ेसाती के संकट को दूर करते हैं। न्याय के देवता शनिदेव भगवान बहुत ही कृपालु हैं। उनकी पूजा अर्चना करने वाले व्यक्ति पर कभी संकट नहीं आता है। भगवान शनिदेव अपने भक्तों के सभी कष्ट पल भर में हर लेते हैं। शनिवार को मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कनखल स्थित सिद्ध पीठ भैरो मंदिर के महंत कौशलपुरी ने कहा कि भगवान शनिदेव की कृपा जिस पर हो जाती है उसका बेड़ा भगसागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शुक्रवार की रात में काले चने पानी में भिगों दें। शनिवार को भीगे चनों का प्रसाद करें। इससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं और साढ़ेसाती का प्रभाव कम होता है। इसके अलावा अमावस्या की रात में आठ बादाम और काजल की डिबिया को काले कपड़े में बांध कर अपनी तिजोरी में रख लें। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा सदैव बनी रहती है और कारोबार में बरकत होती है। महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि देवताओं के न्यायाधीश शनिदेव की लीला अपरंपार है। शनिदेव पलभर में गरीब को अमीर बना देते हैं और करोड़पति को खाकपति बना देते हैं। इसलिए जीवन में सदैव सत्याचरण का पालन करते हुए सद्मार्ग पर चलें। गरीब, असहाय लोगों की मदद करें। नशे से दूर रहें और सात्विक आहार और व्यवहार का पालन करें। ऐसा करने से शनिदेव प्रसन्न होकर भक्तों का कल्याण करते हैं। स्वामी नागेंद्र महाराज ने कहा कि शनिदेव भगवान की शक्ति संसार में अपरंपार है। उनकी दया जिस पर हो जाती है। उसका बेड़ा भवसागर से पार हो जाता है। शिवालय निकेतन के स्वामी नागेंद्र ने कहा कि भगवान शनिदेव के मंदिर में किए जाने वाले धार्मिक अनुष्ठान का श्रद्धालुओं को सकारात्मक फल प्राप्त होता है।



# आरोपी के कब्जे से 52 पव्वे देशी शराब बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार में अवैध देशी व अंग्रेजी शराब, स्मैक, चरस, गांजा आदि की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस टीमों का गठन कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में दिनांक 12 दिसम्बर को पुलिस ने आरोपी अरविंद उर्फ पहाड़ी पुत्र महावीर निवासी पीठ पुलिया, जगजीतपुर कनखल को मॉडल कॉलोनी, रानीपुर मोड़, ज्वालापुर क्षेत्र से 52 पव्वे देशी शराब माल्टा मार्का के साथ हिरासत में लिया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली ज्वालापुर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।



# शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में 13 दिसम्बर को जनपद में पचीसवें दिन भी शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलाया गया सफाई अभियान। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि रावली महदूद एवं टिहरी भागीरथी नगर क्षेत्रांतर्गत साफ सफाई का कार्य किया गया व लक्सर क्षेत्र के निहद्पुर झीवाहेडी, दुर्गापुर आदि क्षेत्रों में सफाई कार्य किया गया। अधिशासी अभियंता जल निगम राजेश गुप्ता ने बताया कि जनपद की 35 पेयजल परियोजनाओं के परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया यह अभियान कल भी जारी रहेगा। जल संस्थान अधिशासी अभियंता विपिन चौहान ने बताया कि जनपद में आज पेयजल परियोजनाओं के परिसरों में जिसमें महाराजपुर कला, प्रतापपुर, अजमेरपुर आदि में साफ सफाई कराई गई। नगर प्रशासक बी.एच.ई.एल संजय पवार ने अवगत कराया कि पीठ मार्केट एरिया सेक्टर एक क्षेत्रांतर्गत साफ सफाई का कार्य किया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने अवगत कराया कि आज आपदा परिसर कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा सफाई का कार्य किया गया।जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का जो उद्देश्य एवं ध्येय है कि धर्मनगरी जनपद हरिद्वार को स्वच्छ एवं क्लीन बनाने का है उसका असर धरातल पर दिखने लगा है। जिसकी निगरानी संबंधित क्षेत्र के अधिकारी स्वयं धरातल पर पहुंचकर कर रहे है व जिलाधिकारी स्वयं निरन्तर मॉनिटरिंग कर रहे है।

# एक गुलदार के जीवन व्यापन में प्रतिदिन रू 1200 खर्च : डीएफओ
## 21 पर सालाना एक करोड़ खर्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के जंगलों में हजारों की संख्या में वन्यजीव मौजूद हैं। लेकिन इंसानों के लिए खतरा बनने वाले गुलदार आदि वन्यजीवों को चिड़ियापुर स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा जाता है। रेस्क्यू सेंटर में चिकित्सकों की देखरेख में अन्य स्टाफ वन्यजीवों की देखभाल करता है। हैरानी की बात यह है कि सालाना एक करोड़ से अधिक की राशि रेस्क्यू सेंटर में रखे गए वन्यजीवों की देखरेख पर खर्च होती है। एक गुलदार की डाइट पर ही प्रतिदिन 1200 रुपए खर्च होते हैं। डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि एक गुलदार की डाइट पर प्रतिदिन 1200 रूपए का खर्च आता है। जोकि महीनें में लगभग 50 हजार के लगभग होता है और सालाना एक गुलदार पर 60 लाख रूपए खर्च होते हैं। मौजूदा समय में रेस्क्यू सेंटर में 21 गुलदार मौजूद हैं। डीएफओ ने बताया कि रेस्क्यू सेंटर में रखे गए गुलदारों की डाइट, मेडिसिन आदि पर एक करोड़ से अधिक खर्च आता है। बताया कि चिकित्सकों द्वारा निर्धारित डाइट प्लान के मुताबिक दो दिन उन्हें बकरे का मांस, दो दिन बीफ और दो दिन चिकन दिया जाता है। मंगलवार को उनका पूरी तरह उपवास रहता है। इसके साथ ही उन्हें 24 घंटे जंगल जैसा वातावरण देने की कोशिश की जाती है। गर्मियों के सीजन में कूलर और सर्दियों में हीटर की व्यवस्था की जाती है।



# गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना बहादराबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दस हजार के ईमानी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ज्वालापुर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था और एस.एस.पी ने उस पर दस हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। ज्वालापुर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकद्मे की विवेचना बहादराबाद थानाध्यक्ष द्वारा की जा रही है। आरोपी नईम पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी ग्राम दनियालपुर सहारनपुर की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीम ने शुक्रवार को आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में बहादराबाद थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा, नितिन बिष्ट, बलवंत व रोहित नौटियाल ने आरोपी के पकड़ने में काफी प्रयास किया।




# सीडीआर व लोकेशन के आधार पर गुमशुदा महिला मिली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 29 जुलाई 2025 को थाना बुग्गावाला पर वादिनी निवासी ग्राम शहिदवाला बुग्गावाला, हरिद्वार द्वारा अपनी पुत्री के घर से कहीं चले जाने के संबंध में एक तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर थाना बुग्गावाला पर गुमशुदगी दर्ज की गई। गुमशुदा की तलाश के दौरान दिल्ली, सहारनपुर, हरियाणा, मुजफ्फरनगर एवं उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों में लगातार प्रयास किए गए, किंतु कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी। दिनांक 14.09.2025 को गुमशुदगी को धारा 140(3) बीएनएस बनाम अज्ञात में तरमीम किया गया। तत्पश्चात गुमशुदा की बरामदगी हेतु विवेचक द्वारा पुलिस टीम के साथ सी.डी.आर एवं लोकेशन विश्लेषण के माध्यम से जांच की गई जिसमें गुमशुदा की लोकेशन महाराष्ट्र में होना प्रकाश में आया। दिनांक 12 दिसम्बर को अन्य जनपदों की पुलिस की सहायता से सी.डी.आर व लोकेशन के आधार पर गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद किया गया। बरामद गुमशुदा ने बताया कि वह दिनांक 18.07.2025 को दोपहर अपने माता-पिता से नाराज होकर घर से चली गई थी तथा खुड़गांव, नातीशवाड़ी, कोपर बस्ती, पुणे महाराष्ट्र में एक ठेकेदार के कलेसर में मजदूरी का कार्य कर रही थी। पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने पर वह स्वयं दिनांक 5 दिसम्बर को गोवा एक्सप्रेस से निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंची जहां से सहारनपुर जाने वाली ट्रेन से वापस आई। पुलिस टीम की ओर से अपर उप निरीक्षक बलवीर सिंह व कांस्टेबल नीलम चौहान ने गुमशुदा महिला की खोजबीन हेतु काफी प्रयास किया।



# सप्तरंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों का रचनात्मकता प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** डी.पी.एस दौलतपुर जूनियर कनखल द्वारा अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता आगाज सप्त रंग 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएं विभिन्न वर्गों में आयोजित की गईं। नर्सरी कक्षा के लिए ड्रीम इन कलर्स, एल.के.जी के लिए ड्रॉ एंड कलर, यू.के.जी के लिए कोलाज आर्ट, कक्षा 1 के लिए क्राउन क्रेज, कक्षा 2 के लिए मिनी ऐड गुरुस, कक्षा 3 के लिए नारी शक्ति द पावर ऑफ वूमेन विषय पर समूह नृत्य तथा कक्षा 3 के लिए ही वेस्ट मटीरियल से रंगोली। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, मौलिकता और प्रस्तुति कौशल से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की इंचार्ज अमिता ओहरी ने स्वागत भाषण से किया। इसके पश्चात चेयरमैन पीयूष जैन ने अपने संबोधन से सभी का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं के समापन पर छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार वितरित किए गए। प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य छोटे बच्चों में कलात्मक अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथी मीता मंगल एवं दीपिका गुप्ता सहित अभिभावक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में अंजू गोयल, मनु कावात्रा, संस्कृति जैन, परी गोयल, लोवी गोयल, शालू जैन, स्वस्ति जैन, कामिनी भार्गव तथा रीना सचान शामिल रही।




# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 14 को
## शिविर को उद्देश्य जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध कराना : आलोक गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता


■ मां गंगे ब्लड बैंक का सहयोग

**हरिद्वार।** स्वामी आलोक गिरी महाराज ने कहा कि विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सेवा-सहयोग कार्यक्रम का उद्देश्य मानवता की भावना को सशक्त करते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना है। इस पुण्य कार्य में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होकर सहयोग करना चाहिए। गौरतलब है कि श्री सिद्धबली हनुमान नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर, निकट फुटबॉल ग्राउंड, जगजीतपुर कनखल में आगामी रविवार, 14 दिसंबर 2025 को मां गंगे ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए यूरिक एसिड, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, वजन एवं ऊंचाई की जाँच निःशुल्क की जाएगी। साथ ही नेत्रधाम द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की समर्पित टीम पूरे दिन उपस्थित रहेगी। मंदिर के प्रबंधक महंत आलोक गिरी महाराज ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग शिविर में सहभागी बनें स्वास्थ्य जांच का लाभ प्राप्त करें तथा रक्तदान कर रक्तदानखमहादान की पावन भावना को सार्थक करें। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान देता हैइसलिए रक्तदान को सर्वोच्च मानवीय सेवा के रूप में अपनाया जाना चाहिए। शिविर में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य मानकों का पूर्ण ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। आलोक गिरी महाराज ने कहा कि सभी इच्छुक नागरिकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि पर शिविर में उपस्थित होकर इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनें।

# प्राचीन भारतीय मुद्राओं का चलन बरकरार
## तांबे के सिक्के पूजा के लिए शुभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार में अब भी पुरानी भारतीय मुद्राओं को संजोकर रखे हुए है और प्राचीन भारतीय मुद्राओं का चलन आज भी हरिद्वार में जीवित है। एक पैसा, दो पैसा, तीन पैसा, पांच पैसा से लेकर दस पैसा तक के पुराने तांबे के सिक्के शहर में आसानी से मिल जाते हैं। कई लोग वर्षों से अपने पास संभालकर रखे हुए पुराने सिक्कों को बेचते हैं, वहीं गंगा का जलस्तर कम होने पर भी नदी की रेत से भी प्राचीन पैसे निकल आते हैं। हर की पौड़ी सहित आसपास के तमाम घाटों पर गंगा में डुबकी लगाकर सिक्के ढूंढने वालों को आसानी से देखा जा सकता है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार पुराने सिक्के मुख्य रूप से पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यों में प्रयोग किए जाते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि तांबे के ये पुराने सिक्के पूजा में



शुभ फल देते हैं और कई परंपराओं में इनका विशेष महत्व है। सिक्का संग्रह करने वालों की भी इस क्षेत्र में अच्छी-खासी रुचि रहती है क्योंकि हरिद्वार में विभिन्न कालखंडों के दुर्लभ एवं छोटे मूल्य वाले सिक्के आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं।

# नड्डा की धर्मपत्नी ने कालिका मंदिर के दर्शन किए
## अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा का जनाधार बढ़ा : श्रीमहंत सुरेंद्रनाथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की धर्मपत्नि मलिका नड्डा ने कालिका मंदिर में पूजा अर्चना कर विश्व शांति की कामना की और मंदिर के श्रीमहंत सुरेंद्रनाथ अवधूत से आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने माता की चुनरी ओढ़ाकर मलिका को आशीर्वाद दिया और जे.पी नड्डा के उज्जवल भविष्य की कामना की। मलिका ने कहा कि अपार शक्ति की प्रतीक मां कालिका सदैव भक्तों की रक्षा करती है। मां की कृपा से देश में सुख समृद्धिका वातावरण बनेगा और पूरे विश्व में शांति होगी। उन्होंने कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य में ही भक्तों का कल्याण होता है। श्रीमहंत सुरेंद्रनाथ अवधूत महाराज विद्वान संत है और देश विदेश में सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार तथा मानव कल्याण में उल्लेखनीय योगदान कर रहे हैं। महराज ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद सनातन संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में तेजी आयी है। सनातन परंपराएं मजबूत हुई हैं। और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उनका परिवार अत्यन्त धर्मपरायण है। जे.पी नड्डा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा का जनाधार बढ़ा है। प्रचार प्रसार में भी तेजी आयी है। उन्होंने कहा कि मां कालिका के आशीर्वाद से नड्डा परिवार का भविष्य उज्जवल होगा। इस दौरान सनातन हिंदू वाहिनी के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष अमित वालिया, कुलभूषण प्रधान, विक्रम गोस्वामी सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।



# न्यायाधीश के नेतृत्व में लोक अदालत सफल
## 5447 मामलों का निस्तारण किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार नरेन्द्र दत्त के निर्देशानुसार दिनांक 13 दिसम्बर को इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय हरिद्वार के न्यायालयों में जिला न्यायालय परिसर रोशनाबाद व न्यायालय रुड़की व लक्सर में बैंच/पीठों का गठन कर इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 4989 वाद न्यायालयों में लंबित एवं 458 प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें सुलह-समझौते के आधार पर चौंक बॉउस से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना क्लेम वाद, पारिवारिक वाद, सिविल वाद एवं शमनीय प्रकृति के दाण्डित वादों एवं लोन संबंधी बैंक मामलों का निस्तारण किया गया तथा कुल आंकन रू 12,98,44042 का सेटलमेन्ट की धनराशि रही। न्यायाधीश नरेन्द्र दत्त के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल संचालन हुआ। सचिव सिमरनजीत कौर द्वारा इस राष्ट्रीय लोक अदालत में भागीदारी कर सहयोग प्रदान किये जाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं वादीकारीगण का आभार व्यक्त किया गया।



# दस बीघा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही निरन्तर गतिमान है। इस आशय की जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी हरिद्वार जितेन्द्र कुमार ने अवगत कराया कि तहसील की टीम द्वारा आज श्यामपुर कांगड़ी में दस बीघा सरकारी भूमि से अतिक्रमण को हटाया गया।

# आरोपी पर जुआ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज

■ सूचना पश्चात पुलिस ने पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस द्वारा सक्रिय अपराधियो के विरूद्ध तबाडतोड कार्यवाही की जा रही है। उक्त अभियान के अन्तर्गत दिनांक 13 दिसम्बर को रात्रि में कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सिंभल तिराहे के पास खाली मैदान मे अवैध जुआ, सट्टा लगा रहा है सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी मनसूर पुत्र नूर मौहम्मद निवासी जमील प्रधान की बैठक के पास सलेमपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से सट्टा पर्ची पैन, व रू. 1720 नगद बरामद कर गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध थाने पर धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की गई।



# चोरी के आरोप निराधार : स्वामी वैराग्य पुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

■ उच्च न्यायालय से गिरफ्तारी पर स्टे

■ गुरु पर लगाए गंभीर आरोप

**हरिद्वार।** कनखल स्थित मृत्युंजय मठ के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी यमुनापुरी महाराज के शिष्य स्वामी वैराग्य पुरी ने उन पर आश्रम से लाखों रूपये की नगदी और कीमती सामान चोरी करने के आरोपों को निराधार और झूठा बताते हुए अपने गुरु पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी वैराग्य पुरी महाराज ने कहा कि उन पर स्वामी यमुनापुरी ने चोरी के जो आरोप लगाए हैं वह सब निराधार झूठे और बेबुनियाद हैं। स्वामी वैराग्य पुरी ने कहा कि वह स्वामी यमुनापुरी के आश्रम लौटने के अगले दिन राजस्थान स्थित सालासर बालाजी धाम में अनुष्ठान के लिए गए थे। जाने से पहले उन्होंने मैसेज कर स्वामी यमुनापुरी को इसके बारे में बताया था। लेकिन स्वामी यमुनापुरी ने उन पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर मुकद्मादर्ज करा दिया। जिसके बाद अपनी गिरफ्तारी पर रोक के लिए उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली। जहां स्वामी यमुना पुरी के अधिवक्ता चोरी के सुबूत होने के दावे करते रहे। लेकिन न्यायालय के समक्ष कोई सुबूत प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिस पर न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी पर स्टे दे दिया है। जिसके बाद उन्होंने कनखल थाने में अपने बयान दर्ज कराए हैं। स्वामी वैराग्य पुरी महाराज ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्वामी यमुना पुरी के आश्रम में सभी प्रकार के अनैतिक कार्य किए जाते हैं। जिस कारण से उन्हें लाईलाज बीमारी ने घेरा हुआ है। जिसका वर्ष 2017 से उपचार चल रहा है। बताया कि स्वामी यमुना पुरी पूर्व में महानिर्वाणी अखाड़े के संत थे। उनके अनैतिक कार्यों की वजह से अखाड़े ने उन्हे हरियाणा स्थित अरूणायल मठ, ऋषिकेश स्थित चन्द्रेश्वर महादेव मंदिर से बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद वे जूना अखाड़े की शरण में गए। स्वामी यमुना पुरी को जूना अखाड़े ने महंत घोषित किया हुआ है जबकि वह स्वंय को महामण्डलेश्वर लिखते हैं। स्वामी वैराग्य पुरी ने बताया कि उन्होंने कई बार स्वामी यमुनापुरी को समझाने का प्रयास किया। लेकिन उनके नहीं मानने पर उन्होंने अलग होने का फैसला किया और आश्रम छोड़ दिया। जिस पर स्वामी यमुनापुरी ने उन पर चोरी के झूठे आरोप लगा दिए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जिसमें पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी।




हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

## जनमंगल सम्मेलन देश व दुनिया को नया संदेश देगा : ओम बिरला

# तन, मन व आत्मा को शुद्ध करता है उपवास: जैन मुनि प्रसन्न सागर जी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें योग और उपवास के दो प्रसिद्ध संतों - योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में एक जन आंदोलन हर मास - एक उपवास (हर महीने 7 तारीख को एक बार उपवास) शुरू किया गया। यह द्वि-दिवसीय सम्मेलन 4 सत्रों में जनमंगल की सम्यक दृष्टि -उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन पर केन्द्रित है।

दोनों युग-पुरुषों ने जनमंगल के लिए हर मास एक उपवास महाभियान से मानवता को समस्त सिद्धिदायक महामंत्र देने का संकल्प किया है। इस आंदोलन से देश के प्रमुख संतगण, राजनेता तथा विख्यात हस्तियों के साथ-साथ दुनिया भर में लाखों लोग जुड़ चुके हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि भारत मण्डपम की यह भूमि आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विज्ञान का अद्भुत साक्षी बन रहा है। पूज्य अंतर्मना ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विज्ञान, वैयक्तिक विकास व आत्म विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इनका तप-तपस्या अद्भुत है। यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है, जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संदेश देगा। देश की राजधानी दिल्ली से देश को संदेश जाएगा और देश से दुनिया तक यह बात पहुंचेगी। बिरला ने कहा कि उपवास से शरीर व मन स्वस्थ रहते हैं, इससे इन्द्रियों को वश में किया जा सकता है। इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन समसामायिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक माह-एक उपवास का संकल्प लेते हुए कहा कि मैं भी माह में एक बार उपवास करूंगा।




**भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन का आयाजन, योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में 'हर मास - एक उपवास' का लिया गया संकल्प**

कार्यक्रम में अंतर्मना प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि उपवास आत्मिक ऊर्जा को जगाने वाला दिव्य साधन है। उपवास का उद्देश्य तन, मन व आत्मा को शुद्ध करना है। उपवास तन की स्वच्छता, मन के परिशोधन, जीवन के पुनर्गठन व जीवन के उत्थान का सर्वोत्तम साधन है। भावनाएं नियंत्रित होती हैं, क्रोध घटता है, मन शांत होता है और ध्यान गहरा होता है। व्यक्ति नकारात्मक विचारों से मुक्त होकर सकारात्मकता और मानसिक स्थिरता का अनुभव करता है। स्वामी रामदेव ने कहा कि हर मत, पंथ, परम्परा, धर्म, अनुष्ठान और शुभ प्रसंग में उपवास का प्रावधान और महत्व है। उपवास से शरीर, मन और अंतरूकरण की शुद्धि होती है, जिससे मनुष्य जीते जी जीवन से मुक्त हो जाता है। शरीर के तप, वांग्मय तप और मन के तप की सिद्धि उपवास उपासना से होती है। इसलिए सप्ताह मे न सही तो कम से कम माह में एक बार तो उपवास का संकल्प सब आज यहां से लेकर जाएं। जैन मुनि पीयूष सागर जी महाराज ने कहा कि उपवास स्वस्थ जीवन का आधार है। उपवास करने से प्रतिरोधक क्षमता अवश्य बढ़ जाती है, यह इम्यूनिटी बूस्टर है। आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आज दिव्य संतगणों के मध्य उपस्थित रहने का अवसर मिला।आचार्य जी ने आयुर्वेद में उपवास के महत्व सहित कई देशों में उपवास की महत्ता को बताया। उन्होंने रेस्टोरेंट कल्चर को रोगों की उत्पत्ति का सबसे बड़ा कारण बताते हुए कहा कि स्वयं कम भोजन करें अपितु भूखों को भोजन कराइए, यह भी उपवास ही है। 15 दिन में एक उपवास जरूर करना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने घोषणा की कि मैं स्वयं 15 दिन में एक बार निराहार या जलाहार उपवास करूंगा। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज से हमने ही नहीं पूरे विश्व ने योग, प्राणायाम, आयुर्वेद के ज्ञान सीखा है।

पूज्य स्वामी जी महाराज ने न केवल हमें योग सिखाया है अपितु मैकाले की दोषपूर्ण शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने हेतु भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना कर स्वदेशी शिक्षा के सशक्त विकल्प को जनमानस को सुलभ कराया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय शिक्षा, संस्कार व परम्पराओं पर आधारित भारतीय शिक्षा बोर्ड 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव साबित होगा। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि यह भारत मण्डपम में कोई तीर्थ यात्रा चल रही है। सभी इस तीर्थ का लाभ लें। हर माह एक उपवास महायात्रा की शुरुआत महापुरुषों की उपस्थिति में हुई है लेकिन मेरा मानना है कि प्रत्येक सप्ताह एक उपवास होना चाहिए, यह हमारे और हमारे समाज दोनों के लिए यह जरूरी है। उपवास हमारे शरीर के शुद्धिकरण का सबसे बड़ा मार्ग है। वहीं सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने उपवास की महत्ता बताते हुए माह में एक दिन उपवास का संकल्प लिया। सम्मेलन में भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एनपी सिंह, आचार्य लोकेश मुनि, महंत बालकनाथ योगी जी महाराज, बाबा सत्यनारायण मौर्य और पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डा. अनुराग वार्ष्णेय ने उपवास विज्ञान पर व्याख्यान दिए। डा. यशदेव शास्त्री, साध्वी देवप्रिया, बहन ऋतम्भरा भी कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

## स्कूटी डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते शुक्रवार रात एक स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को हल्की चोट आई। हादसे की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मंडी गेट बरेली रोड और मूलरूप से फतेहपुर उत्तर प्रदेश निवासी 24 वर्षीय शिवम पटेल अपने एक साथी के संग काठगोदाम की ओर किसी काम से गया था। बताया जा रहा है कि रात्रि 12 बजे के आसपास जब दोनों अपनी स्कूटी से घर की ओर लौट रहे थे तभी नैनीताल रोड स्थित बृजलाल अस्पताल के पास स्कूटी अनियंत्रित हो गई और रपटते हुए डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर पर गहरी चोट आ गई। आनन-फानन में शिवम को ठंडी सड़क स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसे उसकी हालत नाजुक देखते हुए सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान शिवम ने दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे साथी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हालांकि वह कौन था, इसकी जानकारी पुलिस को भी नहीं है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जाएगी।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर

**शांतिपुरी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 90 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि कलकत्ता फॉर्म पुलिस चौकी मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी टीम को मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक बाइक सवार युवक शराब लेकर आ रहा है। सटीक सूचना पर पुलिस ने चैकिंग अभियान शुरू कर दिया तभी एक बाइक सवार आता दिखाई दिया और उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम भजन सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी धोराधाम नजीबाबाद बताया। पुलिस ने शराब तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

## तल्लीताल व मल्लीताल इकाइयां भंग

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे द्वारा नैनीताल की तल्लीताल एवं मल्लीताल नगर इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग किए जाने का निर्णय लिया गया है। संगठन ने यह कदम आगामी चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उठाया है। तल्लीताल नगर इकाई के लिए अंचल पंत को आगामी चुनाव के लिए सदस्यता अभियान का मुख्य प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे शीघ्र ही पांच सदस्यों की टीम गठित कर सदस्यता अभियान प्रारंभ करें। संगठन ने साफ किया कि तल्लीताल एवं मल्लीताल दोनों नगर इकाइयों के निवर्तमान पदाधिकारी कार्यवाहक रूप में कार्य करते हुए सदस्यता अभियान समिति के साथ समन्वय बनाए रखेंगे और संगठन को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। संगठन ने जानकारी दी कि प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सह-चुनाव प्रभारी रवैल सिंह आनंद के निर्देशन में तथा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार नैनीताल की तल्लीताल एवं मल्लीताल दोनों इकाइयों के चुनाव पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराए जाएंगे।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव

**मुखानी-क्रियाशाला रोड पर हाइटेक शौचालय निर्माण के लिए पहुंची संयुक्त टीम को विरोध के बाद लौटना पड़ा वापस**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी स्थित क्रियाशाला रोड पर अतिक्रमण हटाने को लेकर शनिवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब कब्जाधारक पक्ष के लोगों ने नगर निगम की जेस. ीबी मशीन पर पथराव कर दिया। अचानक हुए इस हमले में जेसीबी का अगला शीशा टूट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक दी।

दरअसल नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम शनिवार को वार्ड नंबर 17, हीरानगर क्षेत्र स्थित सिंचाई विभाग की खाली पड़ी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। जहां पर आधुनिक हाइटेक शौचालय निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है, जिसका उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना और सार्वजनिक सुविधाओं को बढ़ाना है। सूचना के अनुसार, जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, कब्जाधारक पक्ष के लोगों ने कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। शुरुआत में कहासुनी और बहस हुई, लेकिन देखते ही देखते विरोध तेज हो गया और कुछ लोगों ने अचानक पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान नगर निगम की जेसीबी मशीन को निशाना बनाया गया, जिससे इसका अगला शीशा जोरदार धमाके के साथ टूट गया। जेसीबी में मौजूद चालक और कर्मचारी किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल सके। पथराव की सूचना मिलते ही कोतवाली हल्द्वानी और मुखानी थाने से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने लोगों को समझाने और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। प्रारंभिक हालात का जायजा लेने के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई फिलहाल रोक दी।

अधिकारियों का कहना है कि बिना पर्याप्त पुलिस बल और सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्रवाई जारी रखना जोखिम भरा हो सकता था। बताया गया है कि अतिक्रमण हटाने के इस अभियान का केंद्र हीरानगर क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 17 की सिंचाई विभाग की खाली भूमि थी। नगर निगम के अनुसार, यहां कोई वैध निजी कब्जा नहीं है, लेकिन कुछ लोगों ने अस्थायी और अर्ध-पक्के ढांचे खड़े कर रखे थे, जिन्हें अतिक्रमण की श्रेणी में रखा गया। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि सरकारी टीम पर पथराव करना और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच. ाना गंभीर अपराध है। इस संबंध में वीडियो फुटेज, फोटो और कर्मचारियों के बयान एकत्र किए जा रहे हैं। पथराव करने वाले उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



नगर निगम ने संकेत दिए हैं कि पुलिस सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दोबारा शुरू की जाएगी, ताकि प्रस्तावित हाइटेक शौचालय निर्माण कार्य को नियमानुसार पूरा किया जा सके। इधर, नगर आयुक्त पारितोष वर्मा ने कहा कि नाले में किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए जेसीबी का उपयोग किया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ पुलिस में मुक. दमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। उन्होनें कहा अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बाद सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान दोबारा चलाया जाएगा और हाइटेक शौचालय निर्माण कार्य को नियमानुसार पूरा कराया जाएगा।

# अंतरविद्यालयी फुटबाल प्रतियोगिता कल से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी एवं सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय सेवन-ए-साइड अंतरविद्यालयी बालिका-बालक फुटबॉल प्रतियोगिता 15 दिसंबर से शुरू होने जा रही है।

जिसका फाइनल मुकाबाला 19 दिसंबर को होगा। यह फुटबॉल प्रतियोगिता सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ के फुटबॉल मैदान में संपन्न होगी। प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। यह बात स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर कात्यायन रौतेला ने कहीं। शनिवार को सिंथिया स्कूल जज फार्म में पत्रकार वार्ता करते हुए स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर कात्यायन रौतेला ने कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता में हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों से लगभग 55 स्कूली टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिसमें बालकों की 42 तथा बालिकाओं की 13 टीमें प्रतिभाग कर रही है। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को विशेष प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस वर्ष बालिका वर्ग को भी प्रतियोगिता में शामिल किया गया है, जिसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए विभिन्न स्कूलों ने उत्साहपूर्वक अपनी टीमें भेजी हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने बताया कि यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। पांच दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में बालकों के 41 और बालिकाओं के 12 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके साथ ही श्री रौतेला ने बताया कि स्कूल के पूर्व छात्र एवं वेटरन्स के लिए एक मैत्री मैच आयोजित करने का भी प्रस्ताव है।

## कालू सिद्ध मंदिर में चोरी 6 दिन बाद मुकदमा

**हल्द्वानी।** एक सप्ताह पूर्व कालू सिद्ध मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमें में उन वस्तुओं और धातुओं का कहीं से कहीं तक जिक्र नहीं है जिसका पहले चोरी होना बताया जा रहा था। वहीं मंदिर के व्यवस्थापक महंत निरंजन गिरी ने पुलिस को दी तहरीर में चोरी किए गए सामानों का जिक्र नहीं किया है। जानकारी के अनुसार महंत निरंजन गिरी के अनुसार बीती 7 दिसंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे मंदिर परिसर में चोरी की गई थी। बताया गया कि चोरी करने वाला मंदिर का ताला तोड़ कर मंदिर में दाखिल हुआ, और यह चोरी की पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हुई। तब यह दावा किया गया था कि चोर मंदिर से चांदी का दो किग्रा वजनी छत्र, पुरानी मुद्राएं, मूल्यवान धातु के बर्तन व अन्य सामान चुरा ले गए।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरा आवासीय खाली प्लाट जिसकी पैमाईश पूरब की ओर 30 फुट, पश्चिम की ओर 30 फुट, उत्तर की ओर 40 फुट तथा दक्षिण की ओर 40 फुट जिसका कुल क्षेत्रफल 1200.00 वर्ग फुट अर्थात 111.524 वर्ग मीटर जिसके पूरब की ओर प्लाट तिवारी जी व ढाका जी, पश्चिम की ओर रास्ता 18 फुट चौड़ा, उत्तर की ओर भूमि सईद आदि व दक्षिण की ओर भूमि नाम नामालूम, संबंधित जोत चकबन्दी आकार पत्र 23 भाग-1, चक सं0 246 के प्रस्तावित गाटा नम्बरान 1180, 1187, 1184, 1184, 1183, 1182, 1180, 1164 स्थित ग्राम नगला इमरती परगना व तहसील रूड़की जिला हरिद्वार को द्वारा बैनामा दिनांकित 19.09.2023 को नुसरत शहीन पत्नी रियाज अहमद व श्रीमति लवली सिंह पत्नी अजीत कुमार सिंह से खरीद किया था जिसकी रजिस्टरी उपनिबंधक कार्यालय रूड़की में बही नं0 1, जिल्द सं0 7401, पेज सं0 1-30, क्रमांक 8317 पर दिनांक 19.09.2023 को हुई है। नुसरत शहीन पत्नी रियाज अहमद व श्रीमति लवली सिंह ने उपरोक्त सम्पत्ति द्वारा बैनामा दिनांकित 11.04.2022 को रईस अहमद पुत्र अनीस अहमद से खरीद किया था जिसकी रजिस्टरी उपनिबंधक कार्यालय रूड़की में बही नं0 1, जिल्द सं0 6449, पेज सं0 165-190, क्रमांक 3384 पर दिनांक 11.04.2022 को हुई है तथा रईस अहमद ने उपरोक्त सम्पत्ति द्वारा बैनामा दिनांकित 21.08.2017 को श्री सइद व जमील पुत्रगण असगर से खरीद किया था जिसकी रजिस्टरी उपनिबंधक कार्यालय रूड़की में बही नं0 1, जिल्द सं0 1075, पेज सं0 269-292, क्रमांक 3540 पर दिनांक 21.08.2017 को हुई है। प्रार्थीया की सम्पत्ति के पुराने बैनामा सं0 3540 दिनांकित 21.08.2017 व बैनामा सं0 3384 दिनांकित 11.04.2022 पनियाला रोड रूड़की पर रास्ते में कहीं पर गुम हो गये हैं जो कि काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल पाये हैं। जिसके संबंध में थाना कोतवाली गंगनहर रूड़की में भी गुमशुदगी दर्ज करायी गयी जिसका जी0 डी0 नं0 43 दिनांकित 13/12/2025 है।

**उक्त बैनामें मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें।**

**श्रीमति रीता पत्नी राजेश कुमार** निवासी गली नं0 3, निकट सर्वज्ञा पब्लिक स्कूल पश्चिमी शिवपुरम पनियाला रोड रूड़की थाना कोतवाली गंगनहर रूड़की तहसील रूड़की जिला हरिद्वार, मो. नं0-9761000841.



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक निर्माण एंव अनुरक्षण इकाई (गंगा), उत्तराखण्ड पेयजल निगम, बड़कोट-249141**

**Office Of Project Manager, Construction & Maintenance Unit (Ganga), Uttarakhand Peyjal Nigam, Barkot -249141**

pmgangabarkot@gmail.com

पत्रांक: 527 / कार्य-08 दिनांक:12/12/2025

**आंशिक संशोधित निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 486/कार्य-08 दिनांक 21/11/2025 के द्वारा आमंत्रित निविदा जो कि दिनांक 16/12/2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक आमंत्रित की गई थी जिसमें आंशिक संशोधन करते हुऐ दिनांक 06/01/2026 को आंमत्रित की जाती है। निविदा शाखा कार्यालय से 05/01/2026 को 5.00 सांय बजे तक क्रय की जा सकती है।

शेष नियम व शर्ते पूर्व की भाँति यथावत रहेगी।

**(मानविरेन्द्र सिंह कफोला)**
परियोजना प्रबन्धक



**कार्यालय सचिव/उपाध्यक्ष, जिला स्तरीय प्राधिकरण चमोली ( गोपेश्वर )**
**जिला कार्यालय- चमोली ( गोपेश्वर )।**
**E-mail-dldachamoligpr@gmail.com**

पत्रांक 1564 / जि०स्त०वि०प्राधि० / निविदा -सूचना / गोपेश्वर / 2025-26 दिनांक 12 दिसम्बर 2025

**''अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना''**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न सिविल कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 13.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 के मध्याहन 12.00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे अधिकृत कमेटी की उपस्थिति में सभी ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य / (जी०एस० टी) अतिरिक्त | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकरण श्रेणी | निविदा बिक्री एवं निविदा खुलने का स्थान | निविदा की वैद्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | केन्द्रीय औषधि भण्डारण गोपेश्वर हेतु फेब्रिकेटेड कक्ष का निर्माण | 24.48 | निविदा मूल्य-2000.00 +18% GST | 73440.00 | 9 माह | डी एवं उच्चतर | जिला मुख्यालय गोपेश्वर चमोली | 30 दिन |
| 2 | जिला चिकित्सालय में पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 4.85 | निविदा मूल्य-500.00 +18% GST | 14550.00 | 9 माह | ई एवं उच्चतर | | 30 दिन |
| 3 | बेस चिकित्सालय सिमली में पिड्रियाटिक वार्ड हेतु पहुंच मार्ग का निर्माण | 13.58 | निविदा मूल्य-1500.00 +18% GST | 40740.00 | 9 माह | | | 30 दिन |
| 4 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-ए कई पैटी चारदीवार का निर्माण | 11.64 | निविदा मूल्य-1500.00 +18% GST | 34920.00 | 9 माह | | | 30 दिन |
| 5 | उपकेन्द्र डुंग्री में चारदीवार का निर्माण कार्य। | 5.83 | निविदा मूल्य-1000.00 +18% GST | 17490.00 | 9 माह | | | 30 दिन |
| 6 | प्रा० स्वा० केन्द्र देवाल के मुख्य भवन में मरम्मत इंटरलॉक टाइल्स का कार्य | 9.70 | निविदा मूल्य-1000.00 +18% GST | 29100.00 | 9 माह | | | 30 दिन |
| 7 | उपकेन्द्र मजोठी में लघु निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 6.30 | निविदा मूल्य-1000.00 +18% GST | 18900.00 | 9 माह | | | 30 दिन |
| 8 | उपकेन्द्र मौकोट में चारदीवारी का निर्माण कार्य | 4.95 | निविदा मूल्य-500.00 +18% GST | 14850.00 | 9 माह | | | 30 दिन |

**नोट:**- निर्माण कार्यों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी / प्राक्कलन / रेखाचित्र एवं निविदा की शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस को इस कार्यालय से ली जा सकती हैं तथा निविदा से सम्बन्धित निविदा मूल्य ई-चालान का हैड - 32820100002578 IFSC Code BARBOGOPESH Bank of Baroda Gopeshwar, निविदा ई-चालान मूल्य GST नं0 05AAAGD5000N1ZS में जमा कर चालान संलग्न किया जायेगा, अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी, किसी भी निविदा को स्वीकृत्त / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

**( विवेक प्रकाश ),**
**अपर जिलाधिकारी / सचिव,**
**जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,**
**चमोली ( गोपेश्वर )।**

# भारत-द.अफ्रीका का तीसरा मैच आज

**दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रूख तय करने में अहम होगा**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकबाले में पांच मैचों की सीरीज में बढ़त लेने उतरेंगे। पहले मैच में भारत की शानदार जीत के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में जोरदार वापसी करते हुए बराबरी कर ली, जिससे इस खूबसूरत पहाड़ी मैदान पर एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रुख तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत की बल्लेबाजी ने कुछ अच्छे संकेत दिखाए हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में निरंत.रता की कमी रही है। पहले दो मैचों में शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभालने में तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या का मिडिल ऑर्डर में योगदान महत्वपूर्ण रहा है। ओपनर अभिषेक शर्मा भारत की योजनाओं के केंद्र में बने हुए हैं, टीम पावरप्ले के दौरान तेज शुरुआत देने की उनकी क्षमता पर भरोसा कर रही है। सीनियर बल्लेबाज शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने और लाइनअप को स्थिरता देने के लिए उत्सुक होंगे। पिछले मैच में काफी रन देने के बाद भारत की गें.दबाजी इकाई पर सबकी नजर रहेगी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दूसरे टी-20 में शुरुआती विकेट लेने में नाकाम रहे और मेजबान टीम उनसे ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। स्पिनर अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने विकेट लिए हैं और वे बीच के ओवरों को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका पिछले मैच में दमदार बल्लेबाजी की बदौलत अपनी शानदार जीत से आत्मविश्वास हासिल किया। क्विंटन डी कॉक आक्रामक पारी खेलकर टीम की अगुवाई करने, जबकि कप्तान एडन मारक्रम अच्छी शुरुआत देने का प्रयास करेंगे। मेहमान टीम की बल्लेबाजी की गहराई, जिसे डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर और डोनोवन फरेरा ने मजबूत किया है। गेंदबाजी की बात की जाए तो पिछले मैच में ओटनील बार्टमैन चार विकेट लेने के बाद एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। मार्को यानसन की अतिरिक्त बाउंस और लुंगी एनगिडी के तेज आक्रमण को और मजबूत बनाया है, जिससे दक्षिण अफ्रीका पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में दबाव बना पा रहा है। धर्मशाला मैदान की छोटी बाउंड्री बल्लेबाजों के सेट होने के बाद स्ट्रोक प्ले में मदद करती हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 187 के करीब है और शाम को बाद में ओस पड़ने की उम्मीद है। दोनों टीमें सीरीज में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने के लिए बेताब हैं, इसलिए एक कड़े मुकाबले की उम्मीद है, क्योंकि भारत घरेलू फायदे पर निर्भर है जबकि दक्षिण अफ्रीका अपनी नई गति को बनाए रखना चाहेगा। संभावित भारतीय टीमप्रतिशत अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुम.राह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, कुलदीप यादव, वाशिगटन सुंदर और हर्षित राणा।

संभावित दक्षिण अफ्रीका टीमप्रतिशत रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडन मारक्रम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को यानसन, लुथो सिपामला, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन, ट्रिस्टन स्टब्स, केशव महाराज, एनरिक नॉर्टजे, टोनी डी जॉर्जी, कॉर्बिन बॉश, रीजा हेंड्रिक्स और क्वेना मफाका

## जियोस्टार पर दिखेंगे टी-20 वर्ल्ड कप के सभी मैच

# आईसीसी ने एग्रीमेंट टूटने पर रिपोर्ट्स का खंडन किया




**● काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगले साल होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप जियोस्टार पर ही प्रसारित होगा। आईसीसी और ब्राडकास्टर जियोस्टार ने शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि जियोस्टार भारत में आईसीसी का आधिकारिक मीडिया राइट्स पार्टनर बना हुआ है। काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। बयान में आगे कहा गया कि भारतीय फैंस को आगामी आईसीसी इवेंट्स की बिना रुके, वर्ल्ड-क्लास कवरेज देने पर फोकस है। इसमें आगामी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। दोनों संस्थाओं ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारियां योजना के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। 4 दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा-जियो पीछे हटा 8 दिसंबर सोमवार को इकोनामिक टाइम्स ने दावा किया गया था कि भारत-श्रीलंका में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्ड कप से 3 महीने पहले ब्राडकास्टर जियोस्टार मैच प्रसारण से पीछे हट गया है। जियोस्टार के पीछे हटने की वजह नुकसान को बताया जा रहा था।

रिपोर्ट में कहा गया कि आईसीसी ने सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक किसी भी प्लेटफार्म ने कीमत ज्यादा होने की वजह से राइट्स में दिलचस्पी नहीं दिखाई। 2023 में आईसीसी ने अपने 4 साल (2024 से 2027 तक) के सारे टूर्नामेंट्स के भारत में दिखाने के अधिकार जियोस्टार (तब स्टार इंडिया) को बेचे थे। 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 वर्ल्ड कप को हाटस्टार पर फ्री में दिखाया गया था। भारत आईसीसी की कमाई का 80प्रतिशत देता है भारत आईसीसी के रेवेन्यू का करीब 80प्रतिशत हिस्सा देता है, जो क्रिकेट की डिपेंडेंसी दिखाता है। आईसीसी ने 2024 में +474 मिलियन (करीब 4,000 करोड़ रुपए) का सरप्लस कमाया। सरप्लस मतलब अतिरिक्त कमाई या प्राफिट (जैसे आपकी सैलरी से खर्च कटने के बाद जो बचे)। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेडयूल जारी कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 15 फरवरी को कोल.बो में होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### फीफा विश्व कप 2026 की टिकट के लिए 24 घंटे में 50 लाख आवेदन

**ज्यूरिख, वार्ता।** अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट बिक्री के तीसरे चरण शुरू होने के 24 घंटे अंदर दुनिया भर से 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। फीफा ने शनिवार को बताया कि 200 से अधिक देशों और क्षेत्राों के फुटबॉल प्रशंसकों ने फीफाडॉटकॉम/ टिकटस के माध्यम से 50 लाख टिकटों की मांग के आवेदन प्राप्त हुए है। कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले इस 48-टीमों के इस टूर्नामेंट को देखने के प्रति प्रशंसकों के उत्साह को दिखाता है। शुरुआती आंकड़े ग्रुप-स्टेज के शानदार मुकाबलों के लिए जबरदस्त दिलचस्पी दिखाते हैं, जिसमें कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) अब तक रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ अवधि के दौरान सबसे अधिक डिमांड वाला मैच बनकर उभरा है।

### श्रीलंका की अंडर-19 टीम ने नेपाल को हराया

**दुबई, वार्ता।** सेतमिका सेनेविरत्ने (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद दिमांता महाविताना (नाबाद 39) और कविजा गमागे (24) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 211 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने 14-5 ओवर में दो विकेट पर 84 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज दिमांता महाविताना ने 49 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से (नाबाद 39) रनों की पारी खेली। कविजा गमागे ने 29 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 24) रन बनाए। विरन चामुदिता (10) और के वितानापतिराना (दा) रन बनाकर आउट हुए।

# मेसी के स्वागत आयोजन में कुप्रबंधन पर ममता ने माफी मांगी उच्च स्तरीय जांच का ऐलान

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेसी के यहां दौरे के मौके पर सॉल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में मची अफरा-तफरी और कुप्रबंधन पर गहरा दुख जाहिर करते हुए 'जिम्मेदारी तय करने' और 'ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रो.कने' के लिए एक उच्च-स्तरीय जांच का ऐलान किया।



**सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रसंशकों से सार्वजनिक माफी मांगी**

सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रशंसकों से सार्वजनिक माफी मांगी। उन्होंने एक्स पर एक बयान में कहा कि स्टेडियम में जो कुछ हुआ, उससे बहुत परेशान और हैरान है। यहां हजारों दर्शक अपने पसंदीदा फुटबॉलर को देखने की उम्मीद में इकठा हुए थे। उन्होंने कहा कि वह उस समय वह खुद कार्यक्रम स्थल पर जा रही थीं। सुश्री बनर्जी ने कहा कि मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए लियोनेल मेसी के साथ-साथ सभी खेल प्रेमियों और उनके प्रशंसकों से ईमानदारी से माफी मांगती हूं। मैं न्यायमूर्ति (सेवा. निवृत्त) असीम कुमार राय की अध्यक्षता में एक जांच समिति बना रही हूं।

# लियोनेल मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत

## झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक



**कोलकाता, वार्ता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी को 14 साल बाद फुटबॉल के दीवानों के शहर कोलकाता में लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। शहर में हजारों प्रशंसक, अपने पसंदीदा वैश्विक सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए, मध्यरात्रि के बाद कड़ाके की ठंड में भी डटे रहे। हालांकि, बाद में साल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में यह उत्साह उस समय अराजकता और निराशा में बदल गया, जब उनके प्रशंसक मेसी की एक झलग ठीक से नहीं पा सके। मेसी का विमान नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कल देर रात उतरा। उनके आगमन पर वहां मौजूद लोगों में जोश भर गया। उनके समर्थक बार्सिलोना की नंबर 10 जर्सी पहने उनका नाम लेकर चिल्ला रहे थे और अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे। भारी सुरक्षा तैनाती के बावजूद, भीड़ हवाई अड्डे के परिधि और हयात रीजेंसी होटल के पास जमा हो गई। मेसी को इस होटल में ठहराया गया था। भारतीय फुटबॉल का मक्का कहे जाने वाले कोलकाता शहर ने मेसी की दूसरी यात्राा को यादगार बनाने के लिए पूरे मन से तैयारी की थी। इनमें ईएम बाईपास पर लेक टाउन क्रॉसिग पर फैन जोन और एक विशाल 70 फुट की प्रतिमा शामिल थी। सूत्राों ने बताया कि साल्ट लेक स्टेडियम के पास होटल जाते समय, मेसी को शहर के प्रवेश द्वार वीआईपी रोड पर बिग बेन क्लॉक टॉवर के पास फीफा विश्व कप पकड़े हुए उनकी एक सफेद प्रतिमा दिखाई गई। प्रशंसकों की भीड़ में नादिया जिले के कल्याणी से एक किशोर लड़का भी व्हीलचेयर पर यात्राा करके आया था। मेसी के कट्टर समर्थक उनको फुटबाल का ष्भगवानष् मानते हैं। मोहन बागान क्लब के सदस्य सुरजेंदु गांगुली ने कहा कि मेसी का कोलकाता आना एक बड़ी बात है।

### मेसी ने किया कोलकाता में दुनिया की सबसे ऊंची अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** 2022 फीफा विश्व कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा रहे लियोनेल मेसी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रवेश द्वार पर दुनिया की सबसे ऊंची 70 फीट की लोहे की अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण किया। अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पर एक निजी जेट से सुबह-सुबह पहुंचने के कुछ घंटों बाद उन्होंने हयात होटल से रिमोट कंट्रोल के जरिए वीआईपी रोड पर स्थित अपनी प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। इस दौरान कई इंटर मियामी खिलाड़ी और हिंदी फिल्म सुपरस्टार शाहरुख खान मौजूद थे। यह प्रतिमा, 2022 फीफा विश्व कप पकड़े हुए मेसी की एक तस्वीर की प्रतिकृति है।

# गावस्कर के पर्सनालिटी राइट्स केस में दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश



**● यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाईनऔर डिजीटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनील गावस्कर की याचिका पर आदेश दिया है। यह मामला पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को सात दिन में कार्रवाई करने को कहा है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने गावस्कर के वकील से बात की। उन्होंने कहा- वकील पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से संपर्क करें। अदालत ने प्लेटफार्म्स को निर्देश दिया कि वे गावस्कर के मुकदमे को आईटी एक्ट 2021 के तहत शिकायत मानकर जरूरी कदम उठाएं। यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है। एक दिन पहले अभिनेता सलमान खान और तेलुगु स्टार जूनियर एनटीआर भी अपने पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे थे।

कोर्ट ने कहा कि अगर सोशल मीडिया मीडियम को गावस्कर द्वारा दिए गए किसी भी 'वेबलिंक' को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वे उन्हें इसकी जानकारी दें। अदालत ने गावस्कर (वादी) को निर्देश दिया कि वे जिन यूआरएल को हटाने का अनुरोध कर रहे हैं, उन्हें 24 घंटे में सोशल मीडिया मीडियम को उपलब्ध कराएं। गावस्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ई-कामर्स वेबसाइट द्वारा उनके नाम, तस्वीरें और शख्सियत एवं पहचान के अनधिकृत उपयोग को रोकने तथा पर्सनालिटी राइट्स की रक्षा के लिए हाई कोर्ट का रुख किया था। पर्सनालिटी राइट्स के तहत किसी व्यक्ति को अपनी तस्वीर, नाम या पहचान की सुरक्षा, उन पर नियंत्रण रखने और उनके उपयोग से लाभ प्राप्त करने का अधिकार होता है। इन सेलेब्स के पास हैं पर्सनैलिटी राइट्स ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन से पहले इसी साल मई में एक्टर जैकी श्राफ भी कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी इमेज और वीडियो बदलकर बिना इजाजत मर्चेंडाइज बेचा जा रहा है। उस समय कोर्ट ने उनके पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स को भी सुरक्षित किया था।

# लिएंडर पेस-महेश भूपति 'कोर्ट पर' एक साथ दिखे

**● इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैड स्लेम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर नंबर-1 बने है और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे है**



**अहमदाबाद, वार्ता।** क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रायोजित टेनिस प्रीमियर लीग के चौथे दिन भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में और एसजी पाइपर्स बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी महेश भूपति अपनी टीम के समर्थन में लीग के चारकोल ग्रे कोर्ट पर एक साथ दिखे गए। इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर वर्ल्ड नंबर 1 बने हैं और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे हैं।

इस दौरान अपनी खुशी इजहार करते हुए पेस ने कहा कि अहमदाबाद में होना बहुत अच्छा लग रहा है। सबसे पहले तो मौसम शानदार है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना पूरे देश में टेनिस का विस्तार करने और उसे लोकप्रिय बनाने के सपने का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं सानिया, रोहन, महेश और उन सभी सितारों का बहुत आभारी हूं जो लीग को सपोर्ट करते हैं। जब आप खिलाड़ियों को देखते हैं, तो हमने जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के और लड़कियों को एक साथ लाने में कामयाबी हासिल की है और इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लेवर भी जोड़ा है। टेनिस जगत के पूरे समुदाय का यहा एक साथ आना खास है। दिन के तीसरे मैच में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को 49-51 से हराया। जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। सीजन और अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि सीजन बहुत अच्छा चल रहा है। मैं अपनी टीम के प्रति थोड़ा पक्षपाती हूं। दिल्ली एसेस अभी शीर्ष पर है लेकिन अभी बहुत सारा टेनिस बाकी है। यहां का फॉर्मेट बहुत दिलचस्प है। पेस ने दिल्ली की टीम के साथ अपनी भूमिका पर कहा कि 40 साल तक अपने देश के लिए खेलना, 20 ग्रैंड स्लैम जीतना और सात ओलंपिक खेलना एक आशीर्वाद है। अब, बच्चों को मेंटर करना और ऐसी लीग बनाना ताकि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेल सकें।

# असम के चार खिलाड़ी भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

**● इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) 2025 के दौरान कथित तौर पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप के कारण चार खिलाड़ियों अमित सिन्हा, इशान अहमद, अमन त्रिपाठी और अभिषेक ठाकुर को निलंबित कर दिया है।

एसीए ने शुक्रवार को इन चारों खिलाड़ियों निलंबित कर दिया। उन्होंने इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्रथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज करा दी है। ए सभी खिलाड़ी अलग-अलग स्तर पर असम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेने वाले कुछ असम के खिलाड़ियों को प्रभावित और उकसाने का प्रयास करने का आरोप है। एसीए के सचिव सनातन दास ने कहा कि आरोप सामने आने के बाद बीसीसीआई की भ्रष्टाचार विरोधी और सुरक्षा यूनिट (एएससीयू) ने जांच की थी। एसीयू ने भी आपराधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पहली नजर में खेल की अखंडता को प्रभावित करने वाले गंभीर कदाच.ार में उनकी भागीदारी प्रतीत होती है। असम के एसएमटीए लीग मैच 26 नवम्बर से आठ दिसम्बर तक लखनऊ में हुए थे। टीम चल रहे सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दास ने कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निल.ंबन की अवधि के दौरान इन खिलाड़ियों को जिला इकाइयों या इससे जुड़े क्लबों द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट या मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# दीपक हुड्डा संदिग्ध गेंदबाजी सूची में




**● बीसीसीआई ने 16 सितम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के एक्शन के बारे में जानकारी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को 16 दिसम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के संदिग्ध गें.दबाजी एक्शन के बारे में यह जानकारी दी। घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए खेलने वाले 30 साल के ऑलराउंडर हुड्डा पिछले आईपीएल सीजन की तरह ही अभी भी संदिग्ध सूची में बने हुए हैं।

पार्ट-टाइम ऑफ-स्पिन गें.दबाज हुड्डा ने पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सात आईपीएल मैच खेले थे, लेकिन उनमें से किसी में भी गेंदबाजी नहीं की थी। हालांकि, उन्होंने तब से बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में छह ओवर फेंके हैं। रणजी ट्रॉफी में एक ओवर और चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पांच ओवर। आखिरी मैच उन्हें आठ दिसम्बर को झारखंड के खिलाफ गेंदबाजी करते देखा गया था। अगर उन्हें फिर से संदिग्ध एक्शन के लिए बुलाया जाता है, तो उन पर आईपीएल में गेंदबाजी करने पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने अहमदाबाद में उस मैच में तीन ओवर फेंके थे और 24 रन देकर तीन विकेट लिए थे। हुड्डा ने भारत के लिए 10 एकदिवसीय और 21 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, अबू धाबी नीलामी में एएल1 (ऑलराउंडर) कैटेगरी में 75 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ शामिल हैं।

### साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने फुटबॉल से लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने हृदय संबंधी बीमारी का पता चलने के बाद पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। ब्राजील के ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीय ऑस्कर ने अपने करीबी लोगों को अपने फैसले के बारे में बताया और पिछले महीने हुई एक घटना के बाद आगे की जटिलताओं का जोखिम न उठाने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रहना पड़ा था। ऑस्कर पिछले दिसम्बर में चेल्सी और शंघाई पोर्ट के साथ सफल कार्यकाल के बाद तीन साल के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब साओ पाउलो में लौटे थे। जुलाई में चोटों के कारण वह इस साल केवल 21 मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने दो गोल किए।

# केएससीए चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की मिली अनुमति

**● यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की अनुमति दे दी है और इससे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी अवगत करा दिया गया है।

यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है। प्रसाद और उपाध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर ने इस सप्ताह की शुरुआत में बेलगावी में राज्य के विधानसभा सत्रा के दौरान मुख्यमंत्राी सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि यह मुलाक.ात सार्थक रही। इस फैसले का त्वरित परिणाम यह होगा कि विराट कोहली चिन्नास्वामी में खेल सकेंगे क्योंकि केएससीए सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से दिल्ली के मुकाबलों को अलूर से यहां स्थानांतरित करने का विचार कर रहा है। कोहली और ऋषभ पंत दोनों ही विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं और वह पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

भारत के दो बड़े खिलाड़ियों के खेलने की संभावना को देखते हुए केएससीए चिन्नास्वामी के कुछ स्टैंड्स को प्रशंसकों के लिए खोलने का भी विचार कर रहा है ताकि दो हजार से तीन हजार प्रशंसकों के लिए खेल देखने की व्यवस्था की जा सके।

CMYK



## एसपी देहात ने किया कोतवाली सिविल लाइन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

# फरियादियों के साथ मित्रता का सुलूक किया जाए : सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेखर चंद सुयाल द्वारा कोतवाली रुड़की का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में थाना मालखाना, थाना कार्यालय, कर्मचारी बैरिक, शस्त्र साफ सफाई आदि अनेक स्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की वरिष्ठ उप निरीक्षक व चौकी इंचार्ज के साथ साथ सभी अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शेखर चंद सुयाल द्वारा कोतवाली रुड़की का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत कर्मचारी गणों का सम्मेलन लिया गया। सम्मेलन में आवश्यक दिशा निर्देश के साथ-साथ व्यक्तिगत व विभागीय परेशानी के संबंध में पूछा गया। एसपी देहात शेखर चन्द्र सुयाल



**❖मालखाना, थाना कार्यालय, कर्मचारी बैरिक, शस्त्र साफ सफाई का लिया जायजा**

अधीनस्थों को साफ कहा कि पीड़ितों को तुरंत इंसाफ दिलाया जाए और थाने की सफाई व्यवस्था का भी ख्याल रखा जाए वह आने वाले फरियादियों से मित्रता का व्यवहार किया जाए । एसपी देहात मेंकोतवाली में खड़े पुराने वाहनों की बाबत भी पूछताछ की तो कर्मचारियों से उनकी व्यक्तिगत परेशानियों को भी सुना साथ ही मलखाना बैरिको की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने व रिकॉर्ड रूम की सफाई व्यवस्था रख रखाव को भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। एसपी देहात ने लंबित विवेचनाओ को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश देते हुए पीड़ितों को हर संभव इंसाफ दिलाने के निर्देश दिए गये।



## यात्री विश्राम गृह में लग रही थी हार जीत की बाजी, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** यात्री विश्राम गृह में ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगा रहे चार जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।आरोपियों के पास से ताश की गड्डी के साथ नकदी आदि भी पुलिस ने बरामद की है। एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध कार्यों में लिफ्त व अराजक तत्व के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के आदेश दिए गए थे आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय कोतवाली रूडकी द्वारा थाना क्षेत्र मे सतर्क दृष्टी व अवैध कार्य में लिफ्त व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए एक टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा दिन-रात अवैध कार्यों में लिफ्त व्यक्तियों पर कड़ी नजर रख रही थी एसडीएम चौक के पास बने यात्री विश्राम गृह में कुछ व्यक्ति ताश खेलते हुए हार जीत की बाजी लगाते हुए पाये गये। पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 04 व्यक्तियो को मौके से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे / फड से ताश के 52 पत्ते व नगद 2700/ रुपए बरामद हुए हैं जिनके विरुद्ध जुआ अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में ली जा रही है। पकड़े गए आरोपियो के नाम शाहनवाज पुत्र असलम उम्र 26 वर्ष,फुरकान पुत्र स्व0 रसूल बख्श उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना गंगनहर जिला हरिद्वार, सोनू पुत्र अमर सिंह उम्र करीब 45 वर्ष निवासी चौहान डेरी वाली गली गणेशपुर,कलीम पुत्र सलीम उम्र 40 वर्ष निवासी रामपुर बताए गए हैं।पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल नूर हसन,कांस्टेबल गुलबहार रंगमोहन, सोबन सिंह और प्रदीप डंगवाल शामिल रहे।

## अब मंगलौर पालिका जियो-टैग फोटो के आधार पर करेगी चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर पालिका परिषद मंगलौर द्वारा गत दिवस अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत चिन्हित किये गये 12 दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए 500 रुपये प्रति दुकानदार के चालान किये गये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मंगलौर उत्तम सिंह नेगी द्वारा अतिक्रमणकारियों की गूगल लोकेशन पिक लेने की पहल की गई, जिसमें यह ज्ञात रहे कि किस दुकानदार द्वारा किस दिनांक को फिर से अस्थाई अतिक्रमण दोबार किया है।

विदित हो कि नगर पालिका टीम द्वारा नियमित रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला जा रहा है, जिसके क्रम में पालिका टीम द्वारा दुकानदारों द्वारा किये जाने वाले नाले के ऊपर व दुकान के बाहर किये जाने वाले अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिये बार-बार चेतावनी दी गई लेकिन दुकानदारों द्वारा फिर से अस्थाई अतिक्रमण किया जा रहा था, जिसके चलते पालिका टीम द्वारा मौके पर गूगल फोटो लोकेशन के साथ ली गई और चिन्हित 12 दुकानदारों को 03 दिनों के भीतर प्रति दुकानदार 500 रुपये चालानी धनराशि को पालिका कोष में जमा




कराने का नोटिस निर्गत किया गया है। अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी का कहना है कि यह अभियान पालिका द्वारा औचक रूप से लगातार जारी रहेगा। जिन दुकानदारों के प्रथम चरण में 500 रुपये के चालान काटे गये है, यदि उनके द्वारा फिर से अपनी दुकान के बाहर अस्थाई अतिक्रमण किया जाता है तो चालान की धनराशि में बढोतरी किये जाने के साथ ही अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती है, जिसके लिये सम्बंधित स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा पालिका के सफाई निरीक्षक जसवीर सिंह द्वारा दुकानदारों से आहवान किया गया कि अपने प्रतिष्ठान के बाहर अतिक्रमण न फैलाये और प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करें और दुकान से निकलने वाले कूडे को नाली अथवा नाले में न डाले।

## 168 अवैध नशीले कैप्सूल के साथ एक नशा तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 168 नशीले कैप्सूल बरामद हुए हैं। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय देहरादून एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद को नशा मुक्त करने के लिए अवैध नशीला पदार्थ बेचने वाले तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा 12 दिसंबर 2025 को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 168 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अबुल हसन पुत्र अल्लाह रखा निवासी दरगाहपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 60 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह कांस्टेबल किशोर नेगी संदीप रावत शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ सुराज सेवा दल ने भरी हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** क्षेत्र के ग्राम घोसीपुरा पहुँचे सुराज सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जोशी ने देश से भृष्टाचार खत्म करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस के लिए देश की जनता को खुद भी भृष्टाचार मिटाने में आगे आना होगा।

जानकारी के अनुसार ग्राम घोसीपुरा पहुँचे सुराज सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जोशी ने देश से भृष्टाचार खत्म करने की बात कही। आपको बता दे कि नारसन ब्लॉक के गाँव घोसीपुरा में हाकम अली के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पिरपुरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित सुराज सेवा दल के अनेको कार्यकर्ता शामिल रहे सुराज सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जोशी ने इस दौरान उत्तराखंड प्रदेश के प्रशासनिक अधिकारियों सहित विधायकों और सांसदों पर भी कड़े प्रहार करते हुए कहा कि आज देश की खराब होती जा रही स्थिति के यही सब लोग



जिम्मेदार है और हमे अपने हक के लिए इन्ही लोगों से लड़ना होगा।

## आज बड़ी तादाद में लक्सर से दिल्ली जाएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आज लकसर व हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। कहा यह जो दिल्ली में रैली होगी यह ऐतिहासिक होगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर ने कहा कि केंद्र नेतृत्व के आह्वान पर एवं उत्तराखंड राज्य के नेतृत्व में हरिद्वार जिले से करीब हजार कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने वाहनों एवं अन्य वाहनों से आज को उत्तराखंड कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान पर दिल्ली पहुंचेंगे उन्होंने कहा वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में जाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता बड़े ही उत्साहित है यह जो दिल्ली में रैली होगी यह ऐतिहासिक होगी कांग्रेस वरिष्ठ नेता लक्सर विधानसभा प्रभारी जिला पंचायत मेंबर संजय सैनी व पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष चौधरी सतवीर सिंह ने कहा कि हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा से कांग्रेस विधायक अनुपम रावत के नेतृत्व में सैकड़ो वाहनों से हजारों कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। उन्होंने कहा यह जो दिल्ली में रैली होगी यह ऐतिहासिक होगी।

## गंगनहर पुलिस ने नकदी सहित एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।**'कोतवाली गंग नहर पुलिस द्वारा एक और सटोरिया पकडा है। पकडे गये आरोपी से नगदी भी बरामद की गयी है। पकडे गये अभियुक्त को समय से न्यायालय में पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार कोतवाली गंग नहर पुलिस द्वारा एक और सटोरिया पकडा है। विगत काफी समय से कस्बा रामपुर चुंगी में सट्टा जुआ सूचना प्राप्त हो रही थी जिसमें पूर्व में भी कार्यवाही की जा चुकी थी। दिनांक 13.12.25 प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंग नहर द्वारा रामपुर चुंगी को एक टीम निकालकर सट्टे की खाई बाड़ी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे निर्देश में गठित टीम द्वारा दिनांक 13.12.25 को अभियुक्त जमशेद उर्फ जग्गू पुत्र अख्तर निवासी जमाईपुरा रामपुर रुड़की कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार को सट्टा डायरी पेन व नगदी 1040 रुपए के साथ रामपुर चुंगी पान के खोखे के पास खाई बाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध में कोतवाली गंगनहर पर मुकदमा अपराध संख्या 623/25 धारा 13 जी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया, अभियुक्त को समय से माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्त जमशेद उर्फ जग्गू से पुलिस ने बरामद माल में 1040 रुपए नगद, सट्टा पर्चा, पेन आदि किया है। आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल अजय वीर, कांस्टेबल अजय दत्त कोतवाली गंगनहर शामिल रहे।

## तीन ट्रेनें निरस्त होने से यात्रियों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार, लक्सर और रुड़की के बीच चलने वाली तीन ट्रेनें शनिवार को स्थगित रहीं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कोहरे के चलते लंबी दूरी की ट्रेनें शनिवार को अपने निर्धारित समय की देरी से चली। शनिवार को हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस, अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस और अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जंक्शन जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेनें निरस्त रही। इससे लक्सर, हरिद्वार, देहरादून, रुड़की और सहारनपुर की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी हुई। वहीं, राजगीर-हरिद्वार एक्सप्रेस 14 घंटे और जयनगर-अमृतसर क्लोन स्पेशल ट्रेन 12 घंटों की देरी से चली। न्यू जलपाईगुड्डी-अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन भी 9 घंटे की देरी से चली। इसके अलावा पुरी-योग नगरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस, सियालदह-अमृतसर जलियावाला बाग एक्सप्रेस 5-5 घंटे, जयनगर-अमृतसर सरयू यमुना एक्सप्रेस 4 घंटे, साबरमती-योगनगरी ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस और प्रयागराज-सहारनपुर नौचंदी एक्सप्रेस 3-3 घंटे, दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्सप्रेस, अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस, लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन 2-2 घंटे की देरी से चली। कोलकाता-जम्मूतवी जम्मूतवी एक्सप्रेस, धनबाद-चंडीगढ़ एक्सप्रेस, श्री गंगानगर-ऋषिकेश इंटरसिटी एक्सप्रेस, लखनऊ-चंडीगढ़ चंडीगढ़ एक्सप्रेस, लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस, बीकानेर-हरिद्वार, हरिद्वार एक्सप्रेस देहरादून-सहारनपुर डीएलएस पैसेंजर ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से 30 मिनट से लेकर 1 घंटे की देरी से चली। ट्रेनों के देरी से चलने के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए इंतजार करना पड़ा।

## गंगनहर पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** न्यायालय के आदेशानुसार 01 वारटी को गंगनहर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार द्वारा मा0 न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं को शत प्रतिशत तामिल करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक महोदय द्वारा टीम गठित की गई। जिसमें थाना हाजा से अपर उप निरीक्षक कांता प्रसाद हेड कांस्टेबल 167 ब्रिज किशोर के रवाना शुदा थाना क्षेत्र में देखरेख शांति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध/ व्यक्ति छठें तामील में रवाना थे। दिनांक 13/12/2025 को अभियुक्त उस्मान पुत्र लियाकत निवासी तेलीवाला रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार के मस्कन पर दबिश दी गई अभियुक्त घर पर मौजूद मिला, अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक कांता प्रसाद व हेड कांस्टेबल बृजकिशोर शामिल रहे।

## आईआईटी रुड़की में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल के नोडल केन्द्र के रूप में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एस.आई.एच. ) 2025 हार्डवेयर संस्करण के ग्रैंड फिनाले का सफल आयोजन किया। 8 से 12 दिसम्बर तक पाँच दिनों तक चला यह राष्ट्रीय आयोजन देशभर के शीर्ष हार्डवेयर नवाचारकर्ताओं को एक मंच पर लाया, जहाँ उन्होंने राष्ट्रीय महत्व की चुनौतियों के लिए व्यवहारिक और क्रियान्वयन योग्य समाधान विकसित किए। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन, जिसे भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दृष्टि से प्रेरित है, आज विश्व के सबसे बड़े ओपन-इनोवेशन मंचों में से एक बन चुका है। यह विद्यार्थियों को मंत्रालयों, उद्योगों और सार्वजनिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत वास्तविक चुनौतियों को हल करने में सक्षम बनाता है। स्वदेशी डिजाइन, तीव्र प्रोटोटाइपिंग और प्रौद्योगिकी-आधारित समस्या-समाधान को प्रोत्साहित करते हुए एस.आई.एच. आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया तथा राष्ट्रीय नवाचार मिशन को अग्रसर करता है। इस कार्यक्रम के प्रति सरकार का निरंतर समर्थन यह दर्शाता है कि वह भारत के युवाओं को हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और डीप-टेक नवाचार के अग्रभाग में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष आईआईटी रुड़की ने दो प्रमुख मंत्रालयों द्वारा जारी पाँच हार्डवेयर समस्या-वक्तव्यों की मेजबानी की

## उधार के पैसों को लेकर गाली गलौज, मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी दो व्यक्तियों में उधार के ₹210 को लेकर गाली गलौज व मारपीट हो गई। पीडित व्यक्ति द्वारा थाने में जाने की धमकी देते ही दूसरे व्यक्ति द्वारा उधार के पैसे बिना देर किए चुकता कर दिए गए। ग्राम माजरा निवासी एक व्यक्ति गांव में ही परचून की दुकान चलाता है। गांव के ही दूसरे व्यक्ति पर दुकान के सामान के ₹210 हो गए थे। दुकानदार द्वारा उधार दिए गए सामान के रुपए मांगने पर रुपए देने के बजाय उल्टे दुकानदार के साथ गाली गलोच व मारपीट कर दी गई। मारपीट होते देख पड़ोस के लोगों द्वारा दोनों को समझा बुझा कर शांत किया। दुकानदार जैसे ही दुकान बंद कर पुलिस में जाने लगा तो मारपीट करने वाले व्यक्ति द्वारा दुकानदार से माफी मांगते हुए दुकान के सामान की उधारी बिना देर किए चुकता कर दी गई।

## ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर बाइक सवार दंपति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** एक शादी समारोह में बाइक से जा रहे दंपति की बाइक गन्ने से भरी ट्रैक्टर बोगी की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। ग्राम रामनगर के पास हुई बताई गई है। ग्राम फुलास थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी जीशान अहमद अपनी पत्नी रुबीना के साथ बाइक से एक शादी समारोह में शनिवार को झबरेड़ा आ रहे थे। उक्त जैसे ही ग्राम रामनगर के पास आए तो गन्ने से भरी ट्रैक्टर बोगी की चपेट में आने से उक्त बाइक सवार पति-पत्नी बाइक सहित सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा दोनों घायलों को झबरेड़ा डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया तथा परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर घायलों के परिजन दोनों घायलों को सहारनपुर डॉक्टर के यहां ले गए।

### पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम

## रचनात्मक कार्यो से युवाओं का सर्वांगीण विकास : शैलेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण (नारसन) के प्रांगण में एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम में आये शैलेंद्र अमोली। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की रचनात्मक कार्यों से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है।

जानकारी के अनुसार पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण (नारसन) के प्रांगण में एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम में आये शैलेंद्र अमोली ने शिकरत की। इस अवसर पर उनके सहयोगी पूजा नेगी (खंड शिक्षा अधिकारी पुरोला उत्तरकाशी), वृंदा कुमार (सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी उत्तरकाशी) एवं मनदीप कुंवर (जिला समन्वयक, उत्तरकाशी) ने उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं के मध्य अपने आप को आनंदित पाया उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ भोजन किया और उनके मनोयोग को समझा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य सुरेश प्रसाद,



पीएम श्री प्रभारी विपुल सालार समेत विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया।

## एनुअल डे पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** रूडकी आईआईटी में स्थित सीबीआरआई के रविन्द्र नाथ टैगोर ऑटोटोएयम में रूडकी के जी डी गोयनका टोटलर हाउस एनुवल डे सेलिब्रेशन के मौके पर स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्रों ने अपने हैरत अँगेज कार्यक्रमों के माध्यम से ऑटोटोएयम में बैठे लोगों को मंत्र मुगध कर दिया।

जानकारी के अनुसार रूडकी आईआईटी में स्थित सीबीआरआई के रविन्द्र नाथ टैगोर ऑटोटोएयम में रूडकी के जी डी गोयनका टोटलर हाउस एनुवल डे सेलिब्रेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ उनके पेरेन्स भी मौजूद रहे इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ उनके पिता ने भी डाँस कर बच्चों के मनोबल को बढ़ाने का काम किया तो इस मामले बच्चों की मदर भी पीछे नही रही कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रबन्धक स्पर्शा गुप्ता ने बताया कि छात्रों का परफॉर्मेंस बहुत ही अच्छा रहा और इसके बाद भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन समय



समय पर किया जाता रहेगा वही मैनेजिंग डायरेक्टर अर्पण गुप्ता ने भी छात्रों द्वारा पेश किये गए कार्यक्रम की सराहना की।

CMYK



नई दिल्ली। इंडिया गेट के पास स्थित कर्तव्य पथ धुंध से घिरे हुए दृश्य के बीच सैर करते लोग।

## यमन में अलगाववादियों के हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए

सना। पूर्वी यमन के हद्रमाउत प्रांत में अलगाववादी बलों के हमले में 30 से अधिक यमनी सैनिक मारे गए। सेना के जनरल स्टाफ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी सना से बात करते हुए अलगाववादी बलों पर आरोप लगाया कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए घायलों को मार रहे हैं और कैदियों को फांसी दे रहे हैं। जनरल स्टाफ ने शुक्रवार को कहा कि अलगाववादियों के हमले में कम से कम 32 यमनी अधिकारी और सैनिक मारे गए, जबकि 45 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी और सैनिक अभी भी लापता हैं। जनरल स्टाफ ने अलगाववादियों पर हद्रमाउत को अस्थिर करने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अधिकारियों के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में राजनीतिक प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

## यूक्रेन में संघर्ष समाप्ति के नजदीकः अलेक्जेंडर स्टब

**हेलसिकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले रूस और यूक्रेन के बीच चले आ रहे संघर्ष का कोई न कोई समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं और वहां शांति की संभावना पहले से कहीं ज्यादा है। स्टब ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम पिछले चार वर्षों में किसी भी समय की तुलना में शांति या अंतिम परिणाम के अधिक नजदीक हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले 'किसी प्रकार का समाधान' निकालने का प्रयास कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने विशिष्ट चर्चाओं पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि यूक्रेनी संघर्ष के लिए यूरोप के पास कोई स्वतंत्र समाधान नहीं है।

# कोठरी में इमरान को एकांत कारावास

## संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस एडवर्ड्स ने जताई चिंता, कहाः यह यातना के बराबर



■ इमरान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए: एडवर्ड्स

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस जिल एडवर्ड्स ने आज पाकिस्तान सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति को लेकर आ रही रिपोर्ट्स पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी परिस्थितियां यातना या अन्य अपमानवीय या अपमानजनक व्यवहार के बराबर मानी जा सकती हैं।

एडवर्ड्स ने कहा मैं पाकिस्तानी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि इमरान खान की हिरासत की शर्तें पूरी तरह से अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने बताया कि 26 सितम्बर 2023 को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित होने के बाद से इमरान खान को लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया है। उन्हें दिन में 23 घंटे कोठरी में बंद रखा जाता है और बाहरी दुनिया से उनका संपर्क बेहद सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खान को उनकी कोठरी में कथित तौर पर लगातार कैमरे की निगरानी में रखा जाता है। विशेषज्ञ ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत लंबे समय तक एकांत कारावास प्रतिबंधित है और अगर यह 15 दिनों से अधिक समय तक हो जाता है, तो इसे यातना का एक रूप माना जाता है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए। यह न केवल एक गैरकानूनी उपाय है, बल्कि लंबे समय तक एकांत कारावास से उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत हानिकारण परिणाम हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, इमरान खान को कोठरी से बाहर गतिविधि करने या अन्य कैदियों से मिलने की अनुमति नहीं है और सामूहिक नमाज में भी शामिल नहीं हो सकते। वकीलों, परिजनों और अदालत की ओर से अधिकृत अन्य लोगों की मुलाकातें अक्सर रोक दी जाती हैं या समय से पहले खत्म हो जाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान एक छोटी सी कोठरी में रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी और पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं है। इस कोठरी में गर्मियों और सर्दियों में तापमान चरम सीमा तक पहुंच जाता है और खराब हवा के कारण दुर्गंध और कीट-मकौड़े की समस्या होती है। इसके कारण उन्हें मतली, उल्टी और वजन कम होने की शिकायत रही है। एडवर्ड्स ने कहा, जो कोई भी कैदी है, उसके साथ मानवता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। कैदी की उम्र और स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखा जाना चाहिए, जिसमें उचित सोने की व्यवस्था, जलवायु संरक्षण, पर्याप्त जगह, रोशनी, गर्मी और वेंटिलेशन शामिल हैं।

# भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर-कानूनी

## अमेरिकी सांसद बोलेः इसका नुकसान आम अमेरिकी नागरिक भुगत रहे, 3 सांसदों ने प्रस्ताव पेश किया




■ कहा: टैरिफ अमेरिका के लिए नुकसानदेह, इससे सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिकी नागरिकों को हो रहा

**वाशिंगटन।** तीन अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर लगाए भारी-भरकम टैरिफ को चुनौती दी है। ये सांसद हैं डेबोरा रास, मार्क वीजी और राजा कृष्णमूर्ति। इन्होंने अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसका मकसद भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने 50 प्रतिशत टैरिफ को हटाना है। सांसदों का कहना है कि ये टैरिफ गैर-कानूनी हैं।

अमेरिका के लिए नुकसानदेह हैं और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम अमेरिकी नागरिकों को हो रहा है। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। डेबोरा रास ने कहा कि उनके राज्य नार्थ कैरोलिना में भारत से बहुत निवेश आता है, हजारों नौकरियां भारतीय कंपनियों से जुड़ी हैं, ये टैरिफ उस रिश्ते को चोट पहुंचा रहे हैं। मार्क वीजी ने इसे 'आम अमेरिकियों पर अतिरिक्त टैक्स' बताया।

उन्होंने कहा कि सामान महंगा हो जाने से आम लोगों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि ये टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं, अमेरिकी मजदूरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत से रिश्ते मजबूत करने चाहिए, बिगाड़ने नहीं। यह प्रस्ताव सिर्फ भारत के टैरिफ तक सीमित नहीं है। सांसदों का कहना है कि ट्रम्प लगातार अधिकारों का इस्तेमाल करके एकतरफा तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं, जबकि व्यापार नियम बनाने का असली अधिकार अमेरिकी संसद के पास है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत पर टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं। अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प कई बार यह दावा कर चुके हैं कि, भारत के तेल खरीद से मिलने वाले पैसे से रूस, यूक्रेन में जंग को बढ़ावा देता है। ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगा चुके हैं। इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से और पेनल्टी 27 अगस्त से लागू हुआ। पिछले कुछ महीनों में, भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ता काफी खटास भरा रहा। अमेरिका ने भारत के हाई टैरिफ और ट्रेड घाटे की वजह से टैरिफ लगाया है। इस वजह से दोनों देशों को एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट में परेशानी हुई थी। अमेरिका को लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलित है। भारत, अमेरिका को ज्यादा चीजें बेचता है और अमेरिका, भारत को उतनी चीजें नहीं बेच पाता। इस अंतर को कम करने के लिए भी यह टैरिफ लगाया गया है। अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर का कहना है कि भारत ने एग्रीकल्चर सेक्टर को लेकर अब तक का 'सबसे अच्छा आफर' दिया है। आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी किसानों को भारत के बाजारों तक ज्यादा पहुंच मिले, इसके लिए बातचीत की जा रही है। खासकर ज्वार और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए घरेलू मार्केट खोलने पर चर्चा हो रही है। ग्रीयर ने बताया कि अमेरिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है।

## ब्राजील ने ट्रम्प से अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क निलंबित करने को कहा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ब्राजीलियाई उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क को तब तक के लिए निलंबित करने का आग्रह किया है, जब तक दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने के लिए उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता जारी है। उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री जेराल्डो अल्कमिन ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति ने कहा है कि बातचीत जारी रहने तक आयात शुल्क पर फैसला रोक दिया जाए। हमें इंतजार करना होगा। अल्कमिन ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के मूल आयात शुल्क दायरे को कम करने के फैसले के बाद ब्राजील और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय बातचीत 'लगातार आगे बढ़ रही है'। कार्यकारी आदेश के जरिए शुरुआती कदम में करीब 4000 ब्राजीलियाई उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था, जिससे बड़े स्तर पर निर्यात प्रभावित हुए थे।

## ईरान में नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी गिरफ्तार, बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं

**तेहरान।** ईरान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। नगरिस मशहद शहर में एक्टिविस्ट खोसरो अलिकोरदी की एक शोक सभा में शामिल होने गई थीं, जहां उन्हें पकड़ लिया गया। अलिकोरदी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। ईरानी अधिकारियों ने उनकी मौत को दिल का दौरा बताया है, लेकिन इस पर शक जताया जा रहा है। अलिकोरदी इसके विरोध में बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नरगिस मोहम्मदी के भाई मेहदी, जो उस कार्यक्रम में मौजूद थे, ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। परिवार का कहना है कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया और कई लोगों के साथ मारपीट की गई। अभी तक यह साफ नहीं है कि नरगिस मोहम्मदी को कहां रखा गया है। नोबेल कमेटी ने नरगिस मोहम्मदी की गिरफ्तारी पर गंभीर चिंता जताई है। नरगिस मोहम्मदी को 2023 में ईरान में महिलाओं पर हो रहे दमन के खिलाफ संघर्ष और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था।

## गैरकानूनी है एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस

■ सियासी व कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बना, ट्रम्प के फैसले के खिलाफ 20 अमेरिकी राज्य पहुंचे कोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क को लेकर ट्रम्प प्रशासन का हालिया फैसला अमेरिका में सियासी और कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बन गया है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से एच-1बी वीजा पर एक लाख डालर की भारी-भरकम फीस लगाने के फैसले के खिलाफ अब खुद अमेरिका के 20 राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में राज्यों का कहना है कि यह फैसला गैरकानूनी है और इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं में स्टाफ की कमी और गंभीर हो जाएगी।

बता दें कि यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (डीएसएस) की उस नीति के खिलाफ है, जिसमें एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों से बहुत ज्यादा फीस लेने की बात कही गई है। एच-1बी वीजा का इस्तेमाल आमतौर पर अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल जैसे संस्थान करते हैं, ताकि वे विदेश से कुशल कर्मचारियों को रख सकें। राज्यों ने ट्रम्प के इस फैसले के खिलाफ कोर्ट में दलील दी है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला प्रशासनिक प्रक्रिया कानून का उल्लंघन करता है। राज्यों ने इस बात पर भी जोर दिया कि ट्रंप प्रशासन का ये फैसला अमेरिकी संविधान के भी खिलाफ है। कांग्रेस ने कभी भी इतनी ज्यादा फीस लगाने की अनुमति नहीं दी। राज्यों ने कहा कि पहले एच-1बी वीजा की फीस सिर्फ सिस्टम चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी।

अभी तक एच-1बी वीजा के लिए कंपनियों को कुल मिलाकर 960 डालर से 7595 डालर तक फीस देनी पड़ती है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर लिया गया है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं राज्यों के अटार्नी जनरल्स ने चेतावनी दी है कि इस नई फीस से टीचरों और डाक्टरों की कमी और गंभीर हो जाएगी। 2024-25 के स्कूल वर्ष में अमेरिका के 74 प्रतिशत स्कूल जिलों ने माना कि उन्हें खाली पद भरने में दिक्कत हो रही है।

## फ्रांस में 'लम्पी रोग' के कारण पशुओं के मारे जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे किसान

**पेरिस।** दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में किसानों ने 'लम्पी स्किन रोग' के कारण बड़े पैमाने पर पशुओं के मारे जाने के सरकार के आदेश के विरोध में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक प्रमुख सड़कों को जाम कर दिया। नाराज किसानों ने न केवल ट्रैक्टरों से सड़कों की नाकेबंदी कर दी, बल्कि भूसे के गट्ठरों में भी आग लगा दी। पुलिस ने नाराज भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। यह विरोध प्रदर्शन फ्रांस के कृषि क्षेत्र में बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है, जो पहले से ही पशु स्वास्थ्य संकटों और लगातार बढ़ते आर्थिक तनाव से गुजर रहा है।

## पाकिस्तान में पहली बार संस्कृत, गीता पढ़ेंगे बच्चे

■ लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहली बार बच्चे संस्कृत पढ़ेंगे और हिंदू धर्म ग्रंथ गीता का अध्ययन करेंगे। दरअसल लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठयक्रम का हिस्सा बनाया है।

आजादी के 77 साल बाद यह कदम पाकिस्तान में शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा। संस्कृत कोर्स की शुरुआत एक साप्ताहिक कार्यशाला से हुई थी, जो अब कोर्स में बदल गई है। एलयूएमएस अब महाभारत और भगवद्गीता पर अलग कोर्स शुरू करने की तैयारी में है। इस प्रयास से पाकिस्तान में संस्कृत के विद्वान तैयार होंगे। गुरमानी सेंटर के निदेशक डा. अली उस्मान कासमी और एफसी कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. शाहिद रशीद विभागाध्यक्ष हैं। डा. रशीद मुख्य रूप से संस्कृत व्याकरण और शास्त्रीय साहित्य पढ़ाते हैं। शुरुआत में छात्र कठिनाई महसूस कर रहे थे, फिर संस्कृत की तार्किक संरचना समझी और विषय में उनकी रुचि बढ़ गई। छात्र हैरान हो गए कि उर्दू और अन्य स्थानीय भाषाओं के कई शब्द संस्कृत से आए हैं।

## फ्रांस में गिरफ्तार रूस की कथित जासूस ने कहा दुनिया भर से मिल रहा समर्थन

**मॉस्को।** जासूसी के शक में फ्रांस में गिरफ्तार की गई रूसी-फ्रांसीसी नागरिक ऐना नोविकोवा ने एक पत्र में कहा है कि उन्होंने हिम्मत नहीं हारी है और उन्हें अलग-अलग देशों से समर्थन पत्र मिले हैं। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने इस खत तक पहुंच होने का दावा करते हुए यह बात कही है। इससे पूर्व, ल पेरिसियन अखबार ने 25 नवम्बर को एक रिपोर्ट में कहा था कि फ्रांसीसी खुफिया सेवाओं ने नोविकोवा सहित एसओएस डोनबास संगठन के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। यह संगठन डोनबास के निवासियों को मदद देता है।

# कश्मीर मुद्दे पर ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट किया रुख

## संसद में कहाः ये भारत-पाकिस्तान का मसला

■ यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है

■ बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने इस हफ्ते वेस्टमिंस्टर हाल में हुई संसदीय बहस के दौरान कश्मीर मुद्दे पर अपना पुराना और स्पष्ट रुख दोहराया, कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है और इसका हल कश्मीरियों की इच्छा को ध्यान में रखकर ही निकलना चाहिए। यह बहस 'कश्मीर' स्वभाग्यनिर्णय विषय पर हुई, जिसे पाकिस्तानी मूल के लेबर सांसद इमरान हुसैन ने आगे बढ़ाया था। उन्होंने सरकार से पूछा कि कश्मीर मसला द्विपक्षीय है या अंतर्राष्ट्रीय।

इस पर विदेश, राष्ट्रमंडल व विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री हैमिश फाल्कनर ने कहा कि मैं यूके सरकार की लंबे समय से चली आ रही नीति दोहराता हूं, कश्मीर पर स्थायी समाधान भारत और पाकिस्तान को ही निकालना है, और इसमें कश्मीरियों की इच्छाओं का सम्मान जरूरी है। यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है। मंत्री ने बताया कि यह इस साल यूके संसद में कश्मीर पर चौथी बहस है। उन्होंने कहा कि कश्मीर दक्षिण एशिया की सबसे संवेदनशील और लंबे समय से चली आ रही जटिल चुनौतियों में से एक है, जहां इतिहास, पहचान और भू-राजनीति एक-दूसरे से टकराते हैं। फाल्कनर ने चेताया कि चूंकि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु संपन्न देश हैं, इसलिए किसी भी तरह की गलतफहमी या तनाव बढ़ने के बड़े वैश्विक असर हो सकते हैं। इसी वजह से ब्रिटेन 'तटस्थ रुख' रखते हुए संवाद और मानवाधिकारों के सम्मान की अपील करता है। इस बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया और कहा कि ज्यादातर आतंकी कैंप पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया टेररिज्म पोर्टल के अनुसार पाकिस्तान में 42 और पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान में 21 आतंकी प्रशिक्षण शिविर दर्ज हैं। इस पर फाल्कनर ने कहा कि यह दक्षिण एशिया के लिए दुखद है कि पड़ोसी देश एक-दूसरे पर आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाते हैं। यूके इस मुद्दे पर मदद करना चाहता है क्योंकि इसी कारण हाल में रिश्तों में सबसे बड़ी दरार पड़ी है। पूर्व ब्रिटिश पीएम जेरेमी कार्बिन समेत कुछ लेबर सांसदों ने कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बढ़ाने की मांग की। इस पर मंत्री फाल्कनर ने कहा कि यूएन की भूमिका को लेकर भारत और पाकिस्तान में हमेशा मतभेद रहे हैं। अलग-अलग समय पर दोनों देशों ने यूएन दखल को कभी सही तो कभी गलत बताया है।

# पाकिस्तान में रणवीर सिंह-अक्षय खन्ना पर FIR की मांग

## खाड़ी देशों में बैन के चलते धुरंधर की रिलीज अटकी



■ फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची की एक अदालत में भारतीय फिल्म 'धुरंधर' के खिलाफ शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के झंडे और पार्टी रैलियों के फुटेज का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया है।

इसके साथ ही फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। यह याचिका पीपीपी के कार्यकर्ता मोहम्मद आमिर ने कराची के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट (साउथ) में दाखिल की है। याचिका में मांग की गई है कि फिल्म के निर्देशक, निर्माता, कलाकार और फिल्म के प्रचार व निर्माण से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। याचिका में फिल्म के लीड एक्टर रणवीर सिंह समेत अन्य कलाकार संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेनी, निर्देशक आदित्य धर, निर्माता लोकेश धर और ज्योति किशोर देशपांडे के नाम शामिल हैं। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार, फिल्म के आधिकारिक ट्रेलर में बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों और पीपीपी से जुड़े दृश्य बिना किसी कानूनी अनुमति के दिखाए गए हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि फिल्म में पीपीपी को आतंकियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली पार्टी के रूप में पेश किया गया है। साथ ही कराची के लियारी इलाके को 'आतंकियों का युद्ध क्षेत्र' बताया गया है, जो याचिकाकर्ता के मुताबिक मानहानिकारक, भ्रामक और पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। मोहम्मद आमिर ने कहा कि यह फिल्म पीपीपी, उसके नेताओं और समर्थकों के खिलाफ नफरत फैलाने, अपमान करने और उकसाने का काम करता है। उन्होंने पाकिस्तान दंड संहिता की धाराओं 499, 500, 502, 504, 505, 153-ए और 109 का हवाला दिया है। ये धाराएं मानहानि, आपराधिक धमकी, दंगा भड़काने और विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी फैलाने से जुड़ी हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने पहले दरख्शां थाने के एसएचओ को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने न तो मामला दर्ज किया और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की।

## रूस की अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर रोक

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) परिषद ने शुक्रवार को यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का हवाला देते हुए रूस के केंद्रीय बैंक से संबंधित अचल संपत्तियों के किसी भी हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। परिषद ने एक बयान में कहा कि यह फैसला ईयू की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान को सीमित करने के लिए तत्काल आधार पर लिया गया। बयान में कहा गया है कि यह उपाय रूस के केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों या भंडार के किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तांतरण के साथ-साथ 'रूस के केंद्रीय बैंक की ओर से या उसके निर्देश पर कार्य करने वाले किसी भी कानूनी व्यक्ति, संस्था या निकाय' से जुड़े लेनदेन पर प्रतिबंध लगाता है।

## ट्रम्प के संघर्ष रोकने का दावा फेल

■ थाई सेना ने सीमा पर फिर बरसाए बम इमारतें-पुल तबाह

**बैंकाक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीज जारी सीमा संघर्ष में आयदिन नए-नए मोड़ सामने सामने आ रहे है। एक तरफ जहां बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि वो एक फोन पर ये संघर्ष रुकवा देंगे।

वहीं दूसरी ओर ताजा अपडेट ये है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हमले और तेज होते नजर आ रहे हैं। आज यानी शनिवार को भी थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया सीमा के पास हवाई हमला किया। जानकारी के मुताबिक, थाई वायुसेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करते हुए कई ठिकानों पर बम गिराए। मीडिया रिपोर्टस की माने तो स्थानीय समयानुसार शनिवार की सुबह 5:50 बजे, थाई सेना ने कंबोडिया के पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा शहर के एक होटल की इमारत को निशाना बनाकर एक बम गिराया। इसके पांच मिनट बाद, 5:55 बजे उसी इलाके में एक और होटल इमारत पर बमबारी की गई। इस हमले के बाद थाई सेना के हमले का रुख पुलों की ओर हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुबह 6:02 बजे थाई सेना ने चेई चोम्नास पुल पुल को नष्ट करने के लिए एक बम गिराया। 6:07 बजे उसी पुल पर दूसरा बम गिराया गया। फिर 6:12 बजे, चेई चोम्नास के पुराने पुल (ओल्ड ब्रिज) को निशाना बनाते हुए एक और बम गिराया गया।



# 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई धुरंधर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसका असर फिल्म के कलेक्शन पर भी देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने धमाल मचा दिया है। धुरंधर की खास बात है कि इसमें रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना और के किरदार को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने पहले दिन भारतीय बाजार में 28 करोड़ रुपए, दूसरे दिन 32 करोड़ रुपए, तीसरे दिन 43 करोड़, चौथे दिन 23-25, पांचवे दिन 27 करोड़ और छठे दिन 27 करोड़ की जबरदस्त कमाई की है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने सातवें दिन 27 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपये दे अधिक की कमाई कर ली है।

## धुरंधर में रणवीर सिंह के जबरदस्त अभिनय से प्रभावित हुए राकेश बेदी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता राकेश बेदी ने रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि इस पीढ़ी में उनके जैसा काम किसी और ने नहीं किया है। राकेश बेदी ने रणवीर सिंह के साथ धुरंधर में काम किया है। राकेश बेदी ने कहा कि रणवीर ने कितने तरह का काम किया है।

आप खुद देखिए, जो रोल रणवीर ने किए हैं, क्या किसी और बड़े एक्टर ने वैसे रोल निभाए हैं? इतनी लगन के साथ, इतनी अलग-अलग किस्म के किरदार बहुत कम लोग कर पाते हैं। उन्होंने हर रोल को पूरे जोश और अलग अंदाज में किया है, चाहे वो बाजीराव हो या खिलजी हर किरदार में वो बिल्कुल नए रूप में नजर आए हैं। हर नए किरदार के साथ रणवीर यह साबित करते जा रहे हैं कि एक लीडिग एक्टर क्या-क्या कर सकता है। जैसे-जैसे धुरंधर के लिए तालियां और तेज होती जा रही हैं, वैसे-वैसे राकेश बेदी की बात और भी सच लगती है, इस पीढ़ी में किसी और लीड एक्टर ने रणवीर जैसा काम नहीं किया है, न इतनी मेहनत के साथ, न इतनी वर्सेटिलिटी के साथ और न ही ऐसे जबरदस्त सिनेमाई असर के साथ।

## शिल्पी व माही का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज

**मुंबई।** गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज हो गया है। शिल्पी राज और माही श्रीवास्तव की जोड़ी में आया भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने रिलीज किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गाना 'दिलवा में रखिहा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को शिल्पी राज ने अलग अंदाज में गाया है।







# जान्हवी व सैनन ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** वर्ष 2025 में बिग स्क्रीन पर जान्हवी कपूर, यामी गौतम, तृप्ति डिमरी, कृति सैनन, रश्मिका मंदना और अनीत पड्डा समेत कई अभिनेत्रियों ने जलवा बिखेरा। वर्ष 2025 उन अदाक.।राओं का साल रहा जिन्होंने सिर्फ अभिनय नहीं किया, बल्कि पर्दे पर पूरी तरह अपना साम्राज्य जमाया। जान्हवी कपूर के लिए 2025 एक निर्णायक साल रहा, एक ऐसा मोड़ जहां उन्होंने बड़े पर्दे पर पूरी कमान अपने हाथ में ली थी। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में जिस तरह उन्होंने अपनी धमाकेदार कमर्शियल एनर्जी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिग के साथ स्क्रीन पर चमक उठी, उसने उनके बढ़ते बॉक्स-ऑफिस आकर्षण को और मजबूत किया। इसके बाद परम सुंदरी में उनकी स्टाइलिश, कॉन्फिडेंट रोम-कॉम स्टार पर्सोना को और निखारा, यह एक ऐसी चमक थी, जिसने उन्हें कमर्शियल स्टार बना दिया। इसके अलावा होमबाउंड में उनका रॉ, सच्चाई और दर्द से भरे अभिनय ने सबका दिल छू लिया। इस तरह इस साल रिलीष हुई अपनी इन तीनों फिल्म से उन्होंने सिर्फ अपना रेंज नहीं दिखाया, बल्कि अपनी असरदार मौजूदगी का जोरदार ऐलान किया। उन्होंने बता दिया कि अब वे सिर्फ उभरती नायिका नहीं, बल्कि अपनी पीढ़ी की सबसे प्रभावी थिएट्रिकल कलाकारों में मजबूती से खड़ी नायिका हैं। यामी गौतम हमेशा से असरदार नायिका की छवि अपने दर्शकों को परोसती आई हैं, और फिल्म हक़ उनकी इस ताकत को और बढ़ाकर सामने लाता है। इस फिल्म में उनका अभिनय दृढ़ता, ईमानदारी और भावनात्मक स्पष्टता पर टिका है। यामी कहानी की धड़कन और उसकी आत्मा, दोनों हैं। हालांकि सच पर टिके किरदारों में वे हमेशा से चमकदार रही हैं, लेकिन हक़ ने इसे और आगे बघया है। सिर्फ यही नहीं अपनी फिल्मों के चुनाव से इस बार भी उन्होंने साबित किया कि वे वे शोर नहीं, मायने चुनती हैं। यही वजह है कि हक़ उन्हें हिदी सिनेमा की सबसे भरोसेमंद और प्रभावशाली नाटकीय अभिनेत्रियों में स्थाई जगह देती है। इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली प्रतिभाओं में गिनी जानेवाली तृप्ति डिमरी ने धड़क 2 से अपने अभिनय का रेंज दिखाया है, उसने उन्हें मुख्यधारा वाले स्पेस में स्थापित कर दिया है। प्यार, दिल टूटने, संघर्ष और जज्बे से भरी कहानी को वे ऐसी ईमानदारी से निभाती हैं कि दर्शक उनकी हर छोटी-बड़ी बारीकी को महसूस करते हैं। धड़क 2 उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह है, और साबित करता है कि वे बड़े स्तर की कहानियां भी आसानी से संभाल सकती हैं, वो भी बिना अपनी भावनात्मक संवेदनशीलता खोए, पूरी सच्चाई के साथ। अपनी हालिया रिलीज फिल्म तेरे इश्क में कृति सेनन ने मुक्ति का काफी चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है, जिसे कृति खुद अपने द्वारा अब तक का निभाए गए किरदारों में सबसे जटिल और भावनात्मक रूप से मुश्किल किरदार कहा है। कृति के शब्दों में इस भूमिका ने उन्हें काफी चुनौती दी और इसमें बहुत सारी अनकही भावनाओं को दर्शाना था, जो कठिन, दिलचस्प था। यही वजह है कि कई दर्शकों ने उनके काम की काफी तारीफ की है। कुछ ने तो सोशल मीडिया पर इसे उनके करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस तक कहा है। रश्मिका मंदाना वर्ष 2025 में दो दमदार थिएट्रिकल फिल्मों के साथ आई थीं, जिनमें एक भव्य ऐतिहासिक ड्रामा छावा और दूसरी जॉनर-ब्लेंडिग एंटरटेनर थम्मा। छावा में जहां उन्होंने एक विशाल पीरियड सेटिग में गरिमा, संवेदना और आंतरिक दृढ़ता लाई, वहीं थम्मा की एक पूरी तरह से अलग दुनिया में उन्होंने रोमांस, हास्य, हॉरर और ड्रामा परोसकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इन दोनों फिल्मों में उन्होंने दिखाया कि वे हर तरह किरदार को बेहद सहजता से निभा सकती हैं। अनीत पड्डा भले ही नई हों, लेकिन सैयारा ने उन्हें वर्ष 2025 की सबसे आशाजनक थिएट्रिकल खोजों में मजबूती से स्थापित कर दिया है। उनका अभिनय सहज और सच्चा है, न कोई बनावट है, न कोई दिखावा, बस गहराई, कोमलता और भीतर की ताकत से भरा हुआ। सैयारा में उन्होंने भावनाओं की कई परतों को जिस खूबसूरती से एक्सप्लोर किया और अपने किरदार को स्वाभाविकता से निभाया, वो बेहद घस है। अपनी पहली फिल्म से उन्होंने ए बात सबको बता दी है कि वे आगे बढ़ेंगी, सबको चौंकाएंगी और धीरे खुद को एक मजबूत थिएट्रिकल परफॉर्मर के रूप में गढ़ेंगी।

# अवसरवादिता होने में कोई बुराई नहीं: नुसरत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा का कहना है कि अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं है।

नुसरत भरूचा ने अपनी हॉरर फ्रैंचाइज छोरी के जरिए एक अलग पहचान बनाई है, जहां उनके अभिनय की इतनी तारीफ हुई कि इसका दूसरा भाग भी बना, जिसने एक जोखिम लेने वाली, ईमानदार और स्पष्ट विचारों वाली कलाकार के रूप में उनकी जगह और मजबूत कर दी। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, नुसरत ने महत्वाकांक्षा, चुनावों और अक्सर गलत समझे जाने वाले शब्द अवसरवादी पर खुलकर बात की।

उन्होंने इस धारणा को बड़ी सच्चाई और परिपक्वता के साथ नया दृष्टिकोण दिया। नुसरत भरूचा ने कहा, मैं भी एक अवसरवादी हूं। अगर मुझे कोई ऐसी फिल्म का ऑफर मिलता है जिसे मैं सच में करना चाहती हूं, तो क्यों नहीं? जाहिर है मैं जाकर कहूंगी, 'हां, मैं यह करना चाहती हूं।' हर कोई लाइन में इसलिए खड़ा होता है, क्योंकि उसे कुछ चाहिए होता है और इसमें कोई बुराई नहीं है। अवसरवादी होना गलत नहीं है, लेकिन उस रास्ते पर चलते हुए आपके कदम जिम्मेदार होने चाहिए। यह आप ही जानते हैं, या समय के साथ सीखते हैं। मैंने अपने अनुभवों से सीखा है, और अगर मेरी सोच, मेरे मूल्य और मेरी धारणाएं मुझे सही लगती हैं, तो वे मेरे लिए सही हैं। इंडस्ट्री में नुसरत की यात्रा उनके महत्वाकांक्षा और प्रामाणिकता के इसी संतुलन को दर्शाती है। वर्षों में, उन्होंने एक मजबूत फिल्मोग्राफी गढ़ी है, जिसमें बड़े पैमाने की फिल्मों से लेकर दमदार, प्रदर्शन-प्रधान भूमिकाएं शामिल हैं। विशेष रूप से 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', और 'ड्रीम गर्ल' जैसे हिट्स से लेकर 'छोरी' और 'जनहित में जारी' में उनके प्रभावशाली अभिनय तक, नुसरत ने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं, जो उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका देते हैं और व्यापक दर्शकों से जोड़ते हैं।

# सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे श्रेयस तलपड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े, जी स्टूडियोज की फिल्म आजाद भारत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे। रूपा अय्यर की फिल्म आजाद भारत नेताजी सुभाष चंद्र बोस, उनकी अमर विरासत और उनके द्वारा स्थापित रानी झांसी रेजिमेंट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। फिल्म के केंद्र में है नीरा आर्या और अनगिनत ऐसे वीर सेनानी, जिनकी कहानियां इतिहास में कहीं खो गईं, लेकिन उन्होंने भारत की आजादी के लिए अदम्य साहस के साथ अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में दिखाई देंगे, सुरेश



ओबेरॉय क्रांतिकारी छाजू रामजी के किरदार में नजर आएंगे, जबकि रूपा अय्यर स्वयं नीरा आर्या की भूमिका निभाने के साथ-साथ फिल्म की निर्देशक और निर्माता भी हैं। फिल्म के राष्ट्रगान में आवाज अमृता फडणवीस ने दी है। रूपा अय्यर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं खुद को धन्य मानती हूं, क्योंकि यह फिल्म ईश्वर की प्रेरणा से बनी है। चाहे कलाकारों का चयन हो या फिर उनसे मेरा जुड़ाव, हर कदम पर मुझे ईश्वर का मार्गदर्शन मिला।ष्श्रेयस जी ने मुझसे पूछा कि मैंने क्यों सोचा कि वे नेताजी की भूमिका निभा सकते हैं। तो मैंने कहा कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा, हर किरदार में ढल जाने की क्षमता और उनकी संवेदनशीलता उन्हें इस भूमिका के लिए उचित बनाती है। यह फिल्म नई पीढ़ी के लिए जरूर देखने योग्य है, जो कई सुविधाओं के बावजूद शिकायतें करती रहती है। नीरा आर्या, रानी झांसी रेजिमेंट और उन सभी अनसुने योद्धाओं की कहानी यह बताती है कि कैसे वे किशोरावस्था से ही मातृभूमि के प्रति समर्पित थे, बिना किसी साधन के, सिर्फ जुनून के साथ। अमृता फडणवीस ने कहा, इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। आजाद भारत एक बेहद खूबसूरत फिल्म है, जो नीरा आर्या की कहानी को शानदार ढंग से प्रस्तुत करती है। रूपा अय्यर जी ने न सिर्फ मुख्य किरदार निभाया है, बल्कि फिल्म को निर्देशित और निर्मित भी किया है। एक ही प्रोजेक्ट में तीन जम्मिदारियां निभाना वाकई काबिल-ए-तारीफ है।





